# जीव विज्ञान

## जंतु विज्ञान

### ❑ पाचन तंत्र

#### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ अवरोधिनी पेशी द्वारा अमाशय में क्या नियंत्रित किया जाता है? **— अमाशय से भोजन का निकास**

☞ लार का एमाइलेज______ को खंडित करता है। **— स्टार्च**

☞ ट्रिप्सिन पित्त रस, अमाशय रस, लार तथा अग्न्याशयिक रस में से किसमें उपस्थित होता है?**— अग्न्याशयिक रस**

☞ आमाशय से भोजन का निकास एक_______ पेशी द्वारा नियंत्रित किया जाता है। **— अवरोधिनी**

☞ पित्त रस द्वारा वसा की बड़ी गोलिकाओं को छोटी गोलिकाओं में खंडित किया जाना साबुन का इमल्सीकरण, एल्कोहल का एस्टरीकरण ग्लूकोज का क्विवन एवं जल का यूट्रोफिकेशन में से किसके समान है? **— साबुन का इमल्सीकरण के**

☞ निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

I. भोजन में असंतृप्त वसायुक्त अम्ल वाले तेलों का उपयोग करना चाहिए।

II. जंतु वसा में संतृप्त कार्बन श्रृंखलाएं होती हैं।

III. संतृप्त वसायुक्त अम्ल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। **— सभी**

☞ कौन मानव शरीर की विशालतम ग्रंथि है? **— जिगर**

☞ कौन-से अंग पर अंगुली के समान उभरी हुई संरचनाएं होती हैं, जिन्हें दीर्घरोम अथवा रसांकुर कहते हैं? **— छोटी आंत**

☞ आमतौर पर सभी खनिजों को हम ________ से प्राप्त करते हैं। **— भोजन**

☞ 1 ग्राम कार्बोहाइड्रेट द्वारा उत्पादित ऊर्जा ________ है। **— 4 किलो कैलोरी**

☞ पित्त का मुख्य कार्य ————— है। **— पाचन के लिए वसा को पायसी करना**

☞ यदि अमाशय में किसी भी हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का उत्पादन न हो, तो कौन-सा एंजाइम कार्य नहीं करेगा? **— पेप्सिन**

☞ वसा, कार्बोहाइड्रेटस, खनिज पदार्थ तथा प्रोटीन में से कौन-से पोषक तत्व जंतुओं के लिए ऊर्जा उपलब्ध नहीं कराते हैं? **— खनिज पदार्थ**

☞ इलियम________ है। **— छोटी आंत का अतिंम भाग**

☞ दीर्घकालिक ऊर्जा भंडारण के लिए अधिकांश जानवरों द्वारा इस्तेमाल अणु ________ है। **— वसा**

☞ छोटी आंत, बड़ी आंत, रसधानी तथा अग्नाशय में से कौन पाचन-तंत्र का हिस्सा नहीं है? **— रसधानी**

☞ अमाशय में दूध का फटना ________ की प्रक्रिया के कारण होता है। **— रेनिन**

☞ शरीर को प्रोटीन की प्रमुख आवश्यकता ________ के लिए होती है। **— वृद्धि**

☞ शरीर में भोजन का ________ भाग नहीं पचता है। **— सेलुलोज**

☞ कोलेस्ट्रॉल का संबंध ________ है। **— वसा से**

☞ कोशिकाओं में तत्काल ऊर्जा उत्पादन के लिए ________ लेना चाहिए। **— ग्लूकोज**

☞ लार में मौजूद एंजाइम ________ होता है। **— टाइलिन**

☞ जठरीय पाचन प्रभावी ढंग से ________ होता है। **— अम्लीय माध्यम में**

☞ किस श्रेणी के यौगिक ऊर्जा के सर्वाधिक संकेंद्रित स्रोत होते हैं? **— वसा**

☞ मानव शरीर में सबसे बड़ी ग्रंथि — है। **— यकृत**

☞ भोजन के माध्यम से शरीर में पहुंचने वाले कीटाणु आहार नाल के क्षेत्र में मर जाते हैं क्योंकि यहां पीएच का स्तर — – तक पहुंच जाता है। **— 2**

☞ गैस्ट्रिक जूस का पी.एच. लगभग — है। **— 1.0 से 3.0**

☞ पेप्सिन पाचन — करता है। **— उदर में प्रोटीनों का**

☞ पित्त का उत्पादन कहां होता है? **— यकृत में**

☞ आहार नली में पेशीय संकुचन — कहलाते हैं। **— क्रमाकुंचन**

☞ आहारनाल का सबसे लंबा भाग कौन-सा है? **— क्षुद्रांत**

☞ किसने कोशिका सिद्धांत को और आगे बढ़ाया तथा यह बताया कि सभी कोशिकाएं पूर्ववर्ती कोशिकाओं से बनी हैं?
**— रुडोल्फ विरशॉ**

☞ सही सुमेलित है-

| पाचन आगत | | निर्गत |
|---|---|---|
| प्रोटीन | - | अमीनो अम्ल |
| कार्बोहाइड्रेट | - | ग्लूकोज |
| वसा | - | ग्लिसरोल |

☞ यकृत से निकले पित्त रस का/के कार्य है/हैं?
**— अमाशय से आने वाले भोजन को क्षारीय बनाना; वसा को छोटी-छोटी गोलियों में खंडित करना।**

☞ शाकाहारी तथा मांसाहारी के क्षुद्रांतों की लंबाई का सही संबंध है? **— शाकाहारी > मांसाहारी**

☞ पेप्सिन एक एंजाइम है, जा__________पचाता है।
**— प्रोटीन को**

☞ पोषण प्रक्रम का पहला चरण ग्लूकोज का एक तीन कार्बन वाले अणु ....... में खंडन है। **— पायरूवेट**

☞ मानव शरीर में किस हिस्से में वसा का पूर्णतया पाचन होता है? **— छोटी आंत में**

☞ मनुष्यों की लार/लालारस में कौन-सा एंजाइम होता है?
**— लार एमिलेस**

☞ कोलेस्ट्रॉल का संबंध _______ से है। **— वसा**

☞ कौन-सा अम्ल पेट में बैक्टीरिया को नष्ट कर देता है?
**— HCl**

☞ मानव शरीर में भोजन का पाचन किस अंग से शुरू होता है? **— मुख से**

☞ सेलुलोज, शर्करा, ग्लाइकोजन तथा पेक्टिन में से कौन-सा एक 'पशु स्टार्च' के रूप में जाना जाता है?
**— ग्लाइकोजन**

☞ छोटी और बड़ी आंत दोनों में से कौन-सी अधिक लंबी है?
**— छोटी आंत**

☞ कोलेस्ट्रॉल को _______ में संश्लेषित किया जाता है।
**— जिगर (लीवर)**

☞ लार एमाइलेज नामक एक पाचक एंजाइम विटामिन, खनिज पदार्थ वसा तथा कार्बोहाइड्रेट में से किसका पाचन आरंभ करता है? **— कार्बोहाइड्रेट**

☞ यदि उदर में किसी भी हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का उत्पादन न हो, तो कौन-सा एंजाइम कार्य नहीं करेगा? **— पेप्सिन**

☞ विल्ली, श्लेष्मा, लार एवं पाचक रस में से कौन-सा सामान्य परिस्थितियों में अमाशय के आंतरिक स्तर की हाइड्रोक्लोरिक अम्ल से रक्षा करता है? **— श्लेष्मा**

☞ मनुष्यों में ऊर्जा तथा पदार्थों का स्रोत __________ है।
**— भोजन**

☞ वसा का पाचन करने वाला एंजाइम लाइपेज किसके द्वारा स्रावित होता है? **— अग्न्याशय**

☞ दूध को दही में बदलने में उपयोग किए जाने वाले उत्प्रेरक का नाम बताइए। **— लैक्टेज**

☞ कौन दूध के खट्टे होने को प्रेरित करता है?
**— लैक्टिक एसिड**

☞ प्रोटीनों का निर्माण__________से होता है।
**— एमिनो अम्ल**

☞ हमारे शरीर में ग्लूकोज का संचय किस रूप में किया जाता है? **— ग्लाइकोजेन के रूप में**

☞ ऑक्सीडोरिडक्टेस, ट्रांसफरेजेस, हाइड्रोलेसेस किस वर्ग में आते हैं? **— एंजाइम्स**

☞ कौन-सा कार्बोहाइड्रेट के पाचन का प्रमुख अंत उत्पाद होता है? **— ग्लूकोज**

☞ आमाशय में ______ एंजाइम प्रोटीन को पचाने में मदद करता है **— पेप्सिन**

☞ दूध में पाया जाने वाला मुख्य प्रोटीन कौन-सा है?
**— कैसीन**

☞ आमाशय, छोटी आंत, एपेंडिक्स, कोलन में से किस पाचन-अंग में, अम्ल होता है? **— आमाशय**

☞ किण्वन एक प्रकार की __________ है।
**— अवायवीय श्वसन**

☞ किण्वन के पश्चात सबसे व्यापक रूप में 'मोलासे' का प्रयोग मेथेनॉल, चीनी, ऐथेनॉल एवं गन्ना में से क्या तैयार करने के लिए किया जाता है? **— ऐथेनॉल**

☞ अवायवीय स्थिति में जैविक पदार्थ के जीवाणु अपघटन को क्या कहते हैं? **— किण्वनीकरण**

☞ यीस्ट एक _______ है। **— कवक**

☞ दांत के इनैमल का कर्बुरण (Mottling) किस कारण से होता है?
**— पानी में उच्च मात्रा में फ्लोराइड के कारण**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. मानव शरीर में प्रचुर मात्रा में कौन-सा तत्व है?**

(a) कार्बन (b) आयरन

(c) नाइट्रोजन (d) ऑक्सीजान

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

सजीव पदार्थ के संयोजन में ऑक्सीजन की मात्रा सर्वाधिक (65.00%) होती है। इसके बाद कार्बन (18.5%), हाइड्रोजन (9.5%) और नाइट्रोजन (3.20%) की मात्रा होती है।

**2. जैव तंत्र में संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक बहुतायत में कौन-सा तत्व पाया जाता है?**

(a) हाइड्रोजन (b) ऑक्सीजन

(c) कार्बन (d) नाइट्रोजन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. खट्टे स्वाद के लिए कोशिकाएं जिह्वा के किस भाग में होती हैं?**

(a) अगले (b) पिछले

(c) पार्श्व (d) मध्य

**S.S.C.CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

जिह्वा के पार्श्व किनारे पर खट्टे स्वाद के लिए कोशिकाएं होती हैं। मीठे का अनुभव अग्र छोर पर, नमकीन का अनुभव अग्र छोर एवं उसके किनारों पर, जबकि कड़वे का पश्च भाग में होता है।

**4. मानवों में स्वादेन्द्रियां _______ का पता लगाते हैं।**

(a) स्वाद (b) गंध

(c) स्पर्श (d) सुनना

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 14 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

मानवों में स्वादेन्द्रियां (Gustatory Receptors) स्वाद का पता लगाते हैं। मनुष्य में जिह्वा के विभिन्न भाग चार भिन्न प्रकार के स्वाद (Taste) का अनुभव करते हैं। मीठे और नमकीन का अनुभव जिह्वा के स्वतंत्र सिरे पर, खट्टे का पार्श्वों में तथा कड़वे का पश्च भाग में होता है।

**5. आहार में लवण का मुख्य उपयोग है—**

(a) जल में भोजन के कणों की विलेयता को बढ़ाना

(b) भोजन के पाचन के लिए अपेक्षित हाइड्रोक्लोरिक एसिड लघु मात्रा में पैदा करना

(c) पकाने की प्रक्रिया को सरल बनाना

(d) भोजन को स्वाद बनाना

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

आहार में लवण का मुख्य उपयोग भोजन को स्वाद देना होता है। लवण के स्वाद को पहचानने हेतु मानव की जीभ पर विशेष स्वाद कलियां (taste buds) मौजूद होती हैं। अतः उपयुक्त उत्तर विकल्प (d) है, जबकि शेष विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

**6. आहार नाल एक लंबी नली है, जो _____ विस्तरित है।**

(a) मुंह से अमाशय तक (b) अमाशय से बड़ी आंत तक

(c) छोटी आंत से गुदा तक (d) मुंह से गुदा तक

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 11 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

आहार नाल (Alimentary Canal) एक लंबी नली है जिसे जठरांत्रीय मार्ग (Gastrointestinal Tract) भी कहते हैं। इसमें मुख (Mouth), ग्रसनी (Pharynx), ग्रासनाल (Oesophagus), आमाशय (Stomach), छोटी आंत (Small Intestine), बड़ी आंत (Large Intestine) तथा गुदा (Anus) शामिल होते हैं।

**7. लसीका _____ से पचा हुआ तथा अवशोषित वसा का वहन करती है।**

(a) फेफड़ों (b) क्षुद्रांत्र

(c) अमाशय (d) वृक्क

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

मानव शरीर में पाचन का अधिकांश भाग छोटी आंत में संपन्न होता है। इसके अलावा पचे हुए पदार्थों का अवशोषण भी मुख्यतः छोटी आंत या क्षुद्रांत्र (Small Intestine) में ही होता है। लसिकाएं यहां से पचे तथा अवशोषित वसा का वहन करती हैं।

**8. पशु प्रोटीन को प्रथम श्रेणी का प्रोटीन माना जाता है क्योंकि यह-**

(a) अनिवार्य अमीनो एसिड से भरपूर होता है।

(b) बाजार में सस्ता होता है।

(c) सुपाच्य होता है।

(d) खाने में स्वादिष्ट होता है।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

पशु प्रोटीन (Animal Protein) को प्रथम श्रेणी का प्रोटीन माना जाता है क्योंकि यह अनिवार्य अमीनो एसिड से भरपूर होता है। इन अमीनो अम्लों का निर्माण मानव शरीर में नहीं होता, अतः इन्हें भोजन से लेना आवश्यक होता है।

**9. गहरे तले हुए खाद्य पदार्थ कैंसरजनक होते हैं क्योंकि उनमें प्रचुरता होती है-**

(a) वसा की (b) हाइड्रोकार्बनों की
(c) पकाने के तेल की (d) निकोटीन की

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

गहरे तले हुए खाद्य पदार्थ कैंसरजनक होते हैं क्योंकि उनमें वसा की प्रचुरता होती है। खाद्य तेलों में उपस्थित ट्रांस फैट कैंसर के कारक हो सकते हैं।

**10. निम्नलिखित में से वह पदार्थ कौन-सा है जो 14 वर्ष की आयु तक के बच्चों के विकास (वर्धन) के लिए अत्यंत आवश्यक है?**

(a) प्रोटीन (b) विटामिन्स
(c) वसा (d) दूध

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

प्रोटीन अत्यंत जटिल तथा नाइट्रोजन युक्त पदार्थ है। इनकी रचना 20 अमीनो अम्ल के संयोग से होती है। ये शरीर के पोषण के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। अतः यह 14 वर्ष की आयु तक के बच्चों के विकास के लिए आवश्यक होती है। शरीर में इसकी मात्रा 14% होती है। यह शरीर की नवीन कोशिकाओं का मुख्य आधार है।

**11. एमिनो एसिड की आवश्यकता किसके संश्लेषण के लिए होती है?**

(a) लिपिड (b) प्रोटीन
(c) कार्बोहाइड्रेट (d) ऐल्केलॉइड

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. नाइट्रोजनी आहार है—**

(a) कार्बोहाइड्रेट (b) लिपिड
(c) प्रोटीन (d) लवण

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**13. लाल चने से कौन-सा एन्जाइम मिलता है?**

(a) यूरिएस (b) जाइमेस
(c) माल्टेस (d) डाइस्टेस

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

लाल चने में डाइस्टेस नामक एन्जाइम पाया जाता है।

**14. एन्जाइम होते हैं—**

(a) सूक्ष्म जीव
(b) प्रोटीन
(c) अकार्बनिक यौगिक
(d) फफूंदी (Molds)

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

एन्जाइम (Enzymes) प्रमुख रूप से प्रोटीन होते हैं। एन्जाइम एक कार्बनिक पदार्थ है, एन्जाइम की खोज सर्वप्रथम जर्मन वैज्ञानिक कुहने ने की थी।

**15. एन्जाइम क्या होते हैं?**

(a) स्टेरॉयड (b) कार्बोहाइड्रेट
(c) प्रोटीन (d) लिपिड

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**16. एन्जाइम के प्रोटीन भाग को क्या कहते हैं?**

(a) आइसोएन्जाइम
(b) होलोएन्जाइम
(c) एपोइन्जाइम
(d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

एन्जाइम के प्रोटीन भाग को एपोएन्जाइम (Apoenzyme) कहा जाता है।

**17. मछली एक प्रथम श्रेणी का प्रोटीन है क्योंकि उसमें होते हैं—**

(a) आवश्यक एमीनो अम्ल
(b) अनावश्यक एमीनो अम्ल

(c) सभी आवश्यक वसीय अम्ल

(d) कोई एमीनो अम्ल नहीं

**S.S.C. संयुक्त हायर सकेण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

प्रथम श्रेणी के प्रोटीन मानव के लिए आवश्यक एमीनो अम्ल से मिलकर बने होते हैं। मछली, मांस, अंडे और दुग्ध उत्पादित इत्यादि इसके प्रमुख स्रोत हैं। द्वितीय श्रेणी के प्रोटीन कुछ ही एमीनो अम्ल से मिलकर बने होते हैं। सेम, अनाज, अखरोट इत्यादि इसके प्रमुख स्रोत हैं। मनुष्य के शरीर की कोशिकाओं तथा शरीर की स्वास्थ्य के लिए कुल 20 प्रकार के एमीनो अम्ल चिह्नित किए गए हैं। इसमें से 10 अनिवार्य एमीनो अम्ल हैं, जिन्हें स्तनी भोजन से ही प्राप्त करते हैं, ये शरीर में संश्लेषित नहीं किए जा सकते हैं।

**18. डायस्टेज एन्जाइम का स्रोत है—**

(a) लार-ग्रंथि (b) अमाशय

(c) यकृत (d) अग्न्याशय

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

डायस्टेज एन्जाइम का स्रोत लार- ग्रंथि है। यह स्टार्च को माल्टोज में तोड़ता है।

**19. किस एन्जाइम की उपस्थिति के कारण एचआईवी अपना आकार अक्सर बदल लेता है?**

(a) रिवर्स ट्रांसक्रिप्टेस (b) एन्टरोकाइनेस

(c) न्यूक्लिओटिडेस (d) न्यूक्लिओडिटेस

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

रिवर्स ट्रांसक्रिप्टेस एन्जाइम की उपस्थिति के कारण एचआईवी अपना आकार बदल लेता है।

**20. सूची-I में दिए गए पोषक अभाव का सही मिलान सूची-II में दिए गए उस अभाव द्वारा पैदा किए गए रोगों के साथ कीजिए।**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| **(A) आयोडीन** | **(i) सूक्ष्माणु रक्ताल्पता** |
| **(B) आयरन** | **(ii) प्रणाशी रक्ताल्पता** |
| **(C) नियासीन** | **(iii) गलगंड (घेंघा)** |
| **(D) विटामिन $B_{12}$** | **(iv) पेलाग्रा** |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (b) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (c) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (d) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

सूची-**I** और सूची-**II** का सही सुमेलन है—

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| आयोडीन | - | गलगंड (घेंघा) |
| आयरन | - | सूक्ष्माणु रक्ताल्पता |
| नियासीन | - | पेलाग्रा या 4-D सिंड्रोम |
| विटामिन $B_{12}$ | - | प्रणाशी रक्ताल्पता |

**21. दूध में दूसरा सबसे बड़ा तत्व क्या होता है?**

(a) वसा (b) खनिज

(c) जल (d) शर्करा

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

**दूध का संघटन**

**गाय** → जल – 87.3% वसा → 3.9%

प्रोटीन – 3.25 % शर्करा (लैक्टोज) → 4.8%

**मनुष्य**

जल – 88% वसा → 3.8%

प्रोटीन – 1.2% शर्करा (लैक्टोज) → 7%

**22. पित्त का स्रोत क्या है?**

(a) पित्ताशय (b) यकृत

(c) पित्तवाहिनी (d) अग्न्याशय

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

पित्त हल्के पीले रंग का क्षारीय (pH 7.6 to 8.6) तरल होता है। यह यकृत में बनता है। इसमें लगभग 92% जल, 6% पित्त लवण, 0.3% पित्त वर्णक होता है तथा 0.3 से 0.9% कोलेस्ट्रॉल होता है। यह लिपिड के पाचन एवं अवशोषण में सहायता करता है।

**23. यूरिया किसमें संश्लेषित होता है?**

(a) यकृत (b) फेफड़ों (फुफ्फुस)

(c) प्लीहा (d) वृक्क (गुर्दे)

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

यूरिया का संश्लेषण यकृत में होता है।

**24. मानव जठर में प्रोटीन पाचन के लिए उत्तरदायी अनुकूलतम परिवेश है—**

(a) क्षारीय (b) अम्लीय

(c) उदासीन (d) बेसिक

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

मानव जठर में प्रोटीन पाचन अम्लीय माध्यम में होता है।

**25. लिवर किससे भरपूर स्रोत है?**

(a) शर्करा (b) वसा घुलनशील विटामिन

(c) खनिज (d) प्रोटीन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

लिवर वसा घुलनशील विटामिन से भरपूर स्रोत है क्योंकि लिवर की कोशिकाओं में वसा घुलनशील विटामिन का संग्रह होता है। विटामिन A, D, E एवं K वसा में घुलनशील विटामिन है।

**26. सब्जियां जल्दी खराब हो जाती हैं क्योंकि उनमें अधिक मात्रा होती है—**

(a) शर्कराओं की (b) जल की

(c) विटामिनों की (d) एन्जाइमों की

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

सब्जियां जल्दी खराब हो जाती हैं क्योंकि उनमें जल की अधिक मात्रा होती है।

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा अंग ग्लाइकोजन को ग्लूकोज में बदलता है और रक्त को शुद्ध करता है?**

(a) यकृत (b) गुर्दा

(c) फेफड़े (d) तिल्ली

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

यकृत आवश्यकता से अधिक ग्लूकोज शर्करा को ग्लाइकोजन में बदलकर इसका संग्रह कर लेता है। इस प्रक्रिया को ग्लाइकोजेनीसिस कहते हैं। रक्त में ग्लूकोज शर्करा की कमी पड़ने पर संग्रहित ग्लाइकोजन को वापस ग्लूकोज में बदलकर रक्त में मुक्त कर देता है। इस प्रक्रिया को ग्लाइकोजिनोलिसिस कहते हैं।

**28. निम्न में से किस ग्रंथि में पित्त उत्पादित होता है?**

(a) यकृत (b) गुर्दा

(c) पित्ताशय (d) तिल्ली

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

पित्त (Bile) का स्रावण अर्थात उत्पादन यकृत द्वारा होता है किंतु इसके संचय का कार्य पित्ताशय (Gall Bladder) करता है। पित्त एंजाइम रहित पाचक रस होता है फिर भी यह पाचन से संबंधित कई कार्य करता है।

**29. 'टेबल शर्करा' किस प्रकार की शर्करा है?**

(a) फ्रक्टोज (b) गैलेक्टोज

(c) ग्लूकोज (d) सुक्रोज

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

सुक्रोज एक कार्बनिक यौगिक है, जिसे सामान्यतः 'टेबल शर्करा' के नाम से जाना जाता है।

**30. खाद्य प्रोटीन के दो सबसे समृद्ध ज्ञात स्रोत हैं—**

(a) मांस तथा अंडे

(b) दूध और सब्जियां

(c) सोयाबीन और मूंगफली

(d) एक प्रकार का शैवाल और अन्य सूक्ष्म जीव

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

सोयाबीन और मूंगफली मुख्यतः प्रोटीन के सबसे समृद्ध ज्ञात स्रोत हैं।

**31. निम्नलिखित में से कौन-सा एक रेशेदार प्रोटीन है?**

(a) हीमोग्लोबिन (b) एल्बूमिन

(c) किरेटिन (d) एन्जाइम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

किरेटिन एक रेशेदार प्रोटीन है। यह प्रोटीन बाल, नाखूनों, सींगों, ऊन इत्यादि में पाए जाते हैं।

**32. किस ऊतक के नख, खुर और सींग बने होते हैं?**

(a) क्यूटाइड के (b) काइटिन के

(c) किरेटिन के (d) ट्यूनिसिन के

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**33. निम्नलिखित में से किस भारी धातु की विषाक्तता यकृत सिरोसिस पैदा करती है?**

(a) कॉपर (b) लेड

(c) मर्करी (d) जिंक

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

यकृत में कॉपर के संचयन से यकृत में विकार उत्पन्न हो जाता है तथा उसके ऊतक का क्षय होने लगता है, जिसे यकृत सिरोसिस या 'यकृत नेक्रोसिस' कहते हैं। जब कॉपर शरीर के अन्य भागों यथा मस्तिष्क, वृक्क तथा आंखों पर भी जमने लगता है तो इसे 'विल्सन रोग' कहते हैं।

**34. मनुष्य के उपयोग के लिए कार्बनिक भोजन को बेहतर क्यों माना जाता है?**

(a) इसे खरीदना बहुत महंगा होता है।

(b) इसे रसायनों एवं सिंथेटिक कीटनाशकों का प्रयोग किए बिना उगाया जाता है।

(c) इसे कांच के हाउस और वायुरुद्ध परिवेश में उगाया जाता है।

(d) यह रसायनों और उर्वरकों पर निर्भर करता है।

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

कार्बनिक भोजन जैविक खेती से उत्पन्न खाद्य पदार्थ होते हैं। ये मनुष्य के उपयोग के लिए बेहतर होते हैं क्योंकि इसे रसायनों एवं सिंथेटिक कीटनाशकों का प्रयोग किए बिना उगाया जाता है।

**35. निम्नलिखित में से कौन-सा लार (Saliva) का लाभ नहीं है?**

(a) यह निगलने में मदद करती है

(b) यह शरीर में RBC की वृद्धि करती है

(c) यह मुख तथा दांतों को साफ रखती है

(d) यह होठों तथा जिह्वा की गति को अनुकूल बनाकर बोलने में मदद करती है

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

लार हल्की अम्लीय (pH 6.8) होती है। यह लार-ग्रंथियों से निकलती है। इसमें लगभग 99.5% जल होता है। शेष भाग में जल में घुले कई प्रकार के विलेय पदार्थ होते हैं। इन पदार्थों में कुछ आयन ($Na^+$, $K^+$, $Cl^-$) तथा एन्जाइम होते हैं। लार खाद्य पदार्थ को निगलने में मदद करती है, मुख तथा दांतों को साफ रखती है। यह होठों तथा जिह्वा की गति को अनुकूल बनाकर बोलने में मदद करती है।

**36. लार किसके पाचन में मदद करती है?**

(a) वसा (b) स्टार्च

(c) प्रोटीन (d) विटामिन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

लार के पाचन कार्यों में शामिल हैं - भोजन को गीला करना और भोजन की लुग्दी बनाना, ताकि यह आसानी से निगला जा सके। लार में एन्जाइम एमाइलेज (Amylase) होता है, जो स्टार्च (मंड) को माल्टोज में तोड़ता है।

**37. मुख से निकली लार पाचन करती है-**

(a) प्रोटीन का (b) मंड (स्टार्च) का

(c) वसा का (d) विटामिनों का

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**38. निम्नलिखित में से कौन-सा एन्जाइम लार में पाया जाता है?**

(a) लैक्टोज (b) डाएस्टेज

(c) सुक्रोज (d) टायलिन

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

टायलिन (Ptyalin) नामक एन्जाइम लार में पाया जाता है। लार ग्रंथियों के तीन जोड़ों (सब लिंग्वल, सब-मैन्डिबुलर एवं पैराटॉयड) द्वारा स्रावित लार भोजन में मिल जाता है तथा पाचन क्रिया में सहायता करता है।

**39. अन्न एक समृद्ध स्रोत है—**

(a) स्टार्च के (b) ग्लूकोज के

(c) फ्रक्टोज के (d) माल्टोज के

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

अन्न में स्टार्च (मंड) की प्रचुरता होती है। सभी पादपों के बीजों और फलियों में मंड, एमाइलोज या एमाइलोपेप्सिन के रूप में उपस्थित रहता है।

**40. दूध को दही में स्कंदित करने वाला एन्जाइम है-**

(a) रेनिन (b) पेप्सिन

(c) रेजिन (d) सिट्रेट

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

जठर रस में रेनिन (Rennin) नामक पाचक एन्जाइम पाया जाता है जो दूध के पाचन में सहायता करता है। रेनिन, दूध को दही में स्कंदित करने वाला एन्जाइम है।

**41. किसकी उपस्थिति के कारण गाय के दूध का रंग पीला होता है?**

(a) जैन्थोफिल (b) राइबोफ्लेविन

(c) राइब्यूलोस (d) कैरोटिन

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

गाय के दूध में कैरोटिन (Carotene) उपस्थित होने के कारण उसका रंग पीला होता है।

**42. खट्टे दूध में होता है—**

(a) एसिटिक एसिड (b) टार्टरिक एसिड

(c) सिट्रिक एसिड (d) लैक्टिक एसिड

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

खट्टे दूध में लैक्टिक एसिड (Lactic Acid) होता है।

**43. निम्नलिखित में से किसको RBC का कब्रिस्तान कहा जाता है?**

(a) यकृत (b) प्लीहा (Spleen)

(c) मस्तिष्क (d) हृदय

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

RBC का कब्रिस्तान प्लीहा (Spleen) को कहा जाता है। प्लीहा आमाशय तथा तंतुपट्ट (Diaphragm) के बीच में यकृत के बाईं ओर स्थित लगभग 12 सेमी. लंबी गहरे लाल रंग की संकरी एवं चपटी सी लसिका ग्रंथि होती है। यह रेटिकुलो-एंडोथिलियमी ऊतक का सबसे बड़ा पिंड होता है। प्लीहा की कोशिकाएं रुधिर के टूटे-फूटे और शिथिल रुधिराणुओं तथा निरर्थक एवं हानिकारक रंजक एवं अन्य पदार्थों का भक्षण करके रुधिर की सफाई करती हैं।

**44. मानव-शरीर का सबसे बड़ा अंग कौन-सा है?**

(a) हृदय (b) मस्तिष्क

(c) यकृत (d) गुर्दा

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

मानव शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग यकृत (Liver) है। यह शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि है। यह लगभग 15 से 22 सेमी. लंबा होता है तथा इसका भार 1.5 किलोग्राम होता है। इसका प्रमुख कार्य पित्त का स्रावण, एमीनो अम्लों का डिएमिनेशन, यूरिया का संश्लेषण, विषैले पदार्थों से विषहरण, विटामिनों का संश्लेषण इत्यादि है।

**45. अस्थियों और दांतों में मौजूद रासायनिक द्रव्य है -**

(a) कैल्शियम फॉस्फेट

(b) कैल्शियम क्लोराइड

(c) कैल्शियम सल्फेट

(d) कैल्शियम बोरेट

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

अस्थियों और दांतों में मौजूद रासायनिक द्रव्य कैल्शियम फॉस्फेट है।

**46. निम्नलिखित में से कौन-सा एक किसी भी पाचक एन्जाइम का स्रावण नहीं करता?**

(a) यकृत (b) लार-ग्रंथि

(c) क्षुद्रांत्र की ग्रंथियां (d) अग्न्याशय

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

यकृत किसी भी पाचक एन्जाइम का स्रावण नहीं करता। पित्त का लगातार स्रावण करना यकृत का प्रमुख कार्य है, यद्यपि पित्त में पाचक एन्जाइम नहीं होते फिर भी यह पाचन में विशेषतः वसाओं के पाचन में महत्वपूर्ण भाग लेता है।

**47. भोजन को नली से होते हुए धकेलने के लिए नाल की मांशपेशियों के अस्तर के लयबद्ध संकुचन को ______ कहते हैं।**

(a) क्रमाकुंचन (b) सरलीकरण

(c) बिंदुस्राव (d) कोई विकल्प सही नहीं है

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 4 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

भोजन को नली से होते हुए धकेलने के लिए नाल की मांसपेशियों के अस्तर (Lining) के लयबद्ध संकुचन को क्रमाकुंचन (Peristalsis) कहते हैं। मनुष्य में भोजन के पाचन की अधिकांश भाग छोटी आंत में संपन्न होता है। छोटी आंत में ही पचे हुए भोजन का अवशोषण भी होता है।

**48. कार्बोहाइड्रेट के अलावा हमारे आहार में ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत होता है—**

(a) प्रोटीन (b) वसा

(c) खनिज (d) विटामिन

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

यद्यपि कार्बोहाइड्रेट त्वरित ऊर्जा (Quick energy) के लिए प्रयोग होता है। वसा दीर्घावधि ऊर्जा (Long-term energy) के रूप मे प्रयोग किया जाता है। कार्बोहाइड्रेट के अलावा हमारे आहार में ऊर्जा का प्रमुख स्रोत वसा (Fat) है।

**49. मानव शरीर अपनी अधिकांश ऊर्जा वनस्पति भोजन से किस रूप में प्राप्त करता है?**

(a) प्रोटीन (b) खनिज

(c) विटामिन (d) कार्बोहाइड्रेट

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

मानव शरीर अधिकांश ऊर्जा कार्बोहाइड्रेट से प्राप्त करता है। शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए सबसे पहले कार्बोहाइड्रेट मोनोसैकेराइड में टूटकर तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं। उसके बाद प्रोटीन टूटता है। सबसे अंत में वसा टूटती है। खनिज हमारे शरीर में विभिन्न उपापचय क्रियाओं में भाग लेते हैं तथा प्रोटीन शरीर के विकास के लिए आवश्यक है। विटामिन्स शरीर के उपापचय क्रिया तथा प्रतिरक्षा तंत्र के लिए आवश्यक हैं।

**50. हमारे शरीर में ऊर्जा निम्न में से कौन देता है?**

(a) विटामिन (b) जल

(c) कार्बोहाइड्रेट (d) प्रोटीन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**51. एक खिलाड़ी या एथलीट को निम्नलिखित में से किससे शीघ्र और अधिक मात्रा में ऊर्जा मिल सकती है?**

(a) प्रोटीन (b) कार्बोहाइड्रेट

(c) वसा (d) विटामिन

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

कार्बोहाइड्रेट सारी गतिविधियों में ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। यह शरीर को तेजी से ऊर्जा या ताकत प्रदान करता है। इसलिए खिलाड़ी या एथलीट को कार्बोहाइड्रेट युक्त भोज्य पदार्थ प्रचुर मात्रा में दी जानी चाहिए।

**52. दूध में कौन-सा प्रोटीन शर्करा युग्म होता है?**

(a) केसीन, सुक्रोज (b) केसीन, लैक्टोज

(c) फेरीटीन, माल्टोज (d) एल्बूमिन, ग्लूकोज

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

दूध में केसीन तथा लैक्टोज प्रोटीन शर्करा युग्म होता है।

**53. फलों का मधुर/मीठा स्वाद किसके कारण होता है?**

(a) लैक्टोज (b) फ्रक्टोज

(c) माल्टोज (d) रिबोज

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

फ्रक्टोज फलों में पाई जाने वाली एक मोनोसैकराइड शर्करा है, जो कि प्रकृति में सबसे मीठी शर्करा है। इसको फल शर्करा भी कहते हैं। लैक्टोज दूध में पाई जाने वाली शर्करा है, जबकि माल्टोज शर्करा को अनाज से प्राप्त किया जाता है।

**54. निम्नलिखित में से सबसे मीठी शर्करा कौन-सी है?**

(a) सुक्रोज (b) ग्लूकोज

(c) फ्रक्टोज (d) माल्टोज

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**55. निम्नलिखित में कौन-सी सबसे मीठी शर्करा है?**

(a) माल्टोज (b) ग्लूकोज

(c) फ्रक्टोज (d) लैक्टोज

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**56. निम्नलिखित में से किसका संश्लेषण यकृत द्वारा किया जा सकता है?**

(a) विटामिन-ए (b) विटामिन-ई

(c) विटामिन- डी (d) विटामिन-के

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

यकृत विटामिन-ए का संश्लेषण करता है तथा अल्प समय के लिए इसका संचय भी करता है। विटामिन-के खून का स्कंदन (Coagulation) करने में सहायता करता है। यह प्रोथ्राम्बिन नामक पदार्थ के संश्लेषण में सहायक होता है।

**57. तंतु आहार में शामिल है—**

(a) ग्लाइकोजन (b) प्रोटीन
(c) सेलुलोज (d) वसा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

सेलुलोज एक पॉलीसैकेराइड है, जो ग्लूकोज का बना होता है। यह तंतु आहार के रूप में लिया जाता है परंतु इसके पाचन के लिए एन्जाइम अनुपस्थित होने के कारण शरीर में इसका पाचन नहीं हो पाता है।

**58. हमारे शरीर में त्वचा की सतह के नीचे मौजूद वसा किसके विरुद्ध अवरोधक का कार्य करती है?**

(a) शरीर से ऊष्मा की क्षति
(b) शरीर के अनिवार्य द्रवों की क्षति
(c) शरीर से लवण की क्षति
(d) पर्यावरण से हानिकारक सूक्ष्म-जीवों का प्रवेश

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

शरीर में त्वचा की सतह के नीचे मौजूद वसा शरीर से ऊष्मा की क्षति के विरुद्ध अवरोधक का कार्य करती है।

**59. आयोडीन मान का प्रयोग किसका प्राक्कलन करने के लिए किया जाता है?**

(a) तेल में हाइड्रोऑक्सील समूह
(b) तेल में क्षार तत्व
(c) तेल में असंतृप्ति
(d) तेल में कार्बोक्सिलिक समूह

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

आयोडीन मान का प्रयोग वसीय अम्लों में असंतृप्ति (Unsaturation) की मात्रा ज्ञात करने के लिए किया जाता है।

**60. निम्नलिखित में से किसको किसी कोशिका में 'अचाल संपत्ति' माना जाता है?**

(a) कार्बोहाइड्रेट (b) वसा
(c) प्रोटीन (d) न्यूक्लिक अम्ल

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

कोशिका में 'अचल संपत्ति' न्यूक्लिक अम्ल को कहा जाता है। इसकी खोज 1868 ई. में फ्रेडरिक मिशर ने की थी।

**61. नाइट्रोजन किसका अनिवार्य घटक होता है?**

(a) समस्त वसा
(b) प्रोटीनों
(c) विटामिनों
(d) सभी कार्बोहाइड्रेटों

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

नाइट्रोजन, प्रोटीन का अनिवार्य घटक होता है। प्रोटीन का आण्विक यौगिक मुख्यतः कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन एवं नाइट्रोजन से बना होता है। इसमें गंधक, फॉस्फोरस आदि के भी अंश प्रायः पाए जाते हैं।

## ❑ विटामिन एवं उनसे संबंधित रोग

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ किसकी कमी के कारण एनीमिया होती है? **— लोहा**

☞ मसूढ़ों से खून निकलने से पीड़ित एक व्यक्ति को अपने भोजन में ________ की आवश्यकता होती है। **— विटामिन सी**

☞ विटामिन बी$_1$ की कमी से ________ होता है। **— बेरी-बेरी**

☞ विकृत हड्डियां किस रोग से संबंधित हैं? **— रिकेट्स**

☞ एंटीस्कर्वी विटामिन ________ है। **— सी**

☞ कॉड लिवर ऑयल ________ का स्रोत है। **— विटामिन ए**

☞ विटामिन ए की कमी का परिणाम ________ होता है। **— जेरोप्थेल्मिया**

☞ कैल्शियम की कमी मुख्य रूप से किस विटामिन की कमी से पैदा होती है? **— विटामिन डी**

☞ नाइट ब्लाइंडनेस या रतौंधी का कारण — है। **— विटामिन ए की कमी**

☞ एनीमिया का संबंध — होता है। **— लौह की कमी से**

☞ विटामिन K का उपयोग — के लिए किया जाता है। **— थ्रोम्बोलास्टिन का गठन**

☞ सूर्य के किरणों से कौन-सा विटामिन प्राप्त होता है? **— विटामिन डी**

☞ कैल्शियम के अवशोषण के लिए कौन-सा विटामिन आवश्यक है? **— विटामिन डी**

☞ यदि सूर्य की कोई किरण पृथ्वी पर नहीं पहुंचती है, तो मनुष्य _______ की कमी से पीड़ित हो जाता है। **— विटामिन डी**

☞ कौन-सा विटामिन रक्त के थक्के के लिए जिम्मेदार है? **— विटामिन K**

☞ आलू, टमाटर, अमरूद तथा अंडा में से कौन-सी वस्तु विटामिन-सी का स्रोत नहीं है? **— अंडा**

☞ क्वाशियोरकर ऐसे बच्चों में हो सकता है, जो _______ लेते हैं। **— कम प्रोटीन भोजन**

☞ विटामिन C को _______ नाम से भी जाना जाता है। **— एस्कॉर्बिक अम्ल के**

☞ विटामिन ए को________के नाम से भी जाना जाता है। **— रेटिनॉल**

☞ मानव शरीर में आंतों के बैक्टीरिया किसका संश्लेषण करते हैं? **— विटामिन K का**

☞ नियासीन-जो विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स ग्रुप का एक विटामिन है, की कमी से कौन-सा रोग होता है? **— पेलाग्रा**

☞ विटामिन 'के' की विशिष्ट भूमिका किसके संश्लेषण में है? **— प्रोथ्राम्बिन**

☞ पेलाग्रा और स्कर्वी क्रमशः कौन-से विटामिनों की कमी के कारण होते हैं? **— निकोटिनिक अम्ल और विटामिन C**

☞ विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी तथा विटामिन डी में से किस विटामिन में नाइट्रोजन होती है? **— विटामिन बी में**

☞ विटामिन A, C, K तथा D में से कौन-सा जल में घुलने वाला विटामिन है? **— विटामिन C**

☞ विटामिन C, कैल्शियम, प्रोटीन तथा कार्बोहाइड्रेट में से दूध में क्या बहुत अल्प मात्रा में होता है? **— विटामिन C**

☞ विटामिन A, D, B तथा C में से कौन-सा विटामिन कैल्शियम के अवशोषण में सहायक है? **— विटामिन D**

☞ मछली से प्राप्त होने वाला कॉड लिवर तेल किस विटामिन से समृद्ध होता है? **— विटामिन A एवं D**

☞ मुख्यतः पश्चिमी देशों में जो बच्चे सूर्य की धूप कम प्राप्त कर पाते हैं, वे किससे ग्रसित होते हैं? **— रिकेट्स से**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. विटामिन $B_6$ की कमी से पुरुष में हो जाता है—**

(a) रिकेट्स (b) स्कर्वी

(c) बेरी-बेरी (d) अरक्तता

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**

विटामिन $B_6$ का दूसरा नाम पाइरिडॉक्सिन है। इसका प्रमुख स्रोत दूध, यीस्ट, अनाज, मांस, जिगर, मछली इत्यादि हैं। इसकी कमी से अरक्तता (Anaemia) हो जाती है। रिकेट्स- विटामिन D की कमी से, स्कर्वी- विटामिन C की कमी से तथा बेरी-बेरी- विटामिन $B_1$ की कमी से होता है।

**2. सही उत्तर के साथ सूची-I तथा सूची-II से जोड़े बनाइए—**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| **(A) विटामिन $B_1$** | **1. पाइरिडॉक्सिन** |
| **(B) विटामिन $B_2$** | **2. सायनोकोबालमिन** |
| **(C) विटामिन $B_6$** | **3. थायमिन** |
| **(D) विटामिन $B_{12}$** | **4. राइबोफ्लेविन** |

(a) A-4, B-1, C-2, D-3

(b) A-1, B-2, C-3, D-4

(c) A-2, B-3, C-4, D-1

(d) A-3, B-4, C-1, D-2

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

उपयुक्त सुमेलन निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| विटामिन $B_1$ | - | थायमिन |
| विटामिन $B_2$ | - | राइबोफ्लेविन |
| विटामिन $B_6$ | - | पाइरिडॉक्सिन |
| विटामिन $B_{12}$ | - | सायनोकोबालमिन |

**3. विटामिन $B_2$ का अन्य नाम है—**

(a) थायमिन (b) हीमोग्लोबिन

(c) राइबोफ्लेविन (d) डेक्सट्रोस

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

विटामिन $B_2$ एक सूक्ष्म पोषक तत्व है जिसे राइबोफ्लेविन भी कहा जाता है। दूध, पनीर, पत्तेदार सब्जियां, फलियां, टमाटर, यीस्ट इत्यादि विटामिन $B_2$ के अच्छे स्रोत हैं।

**4. विटामिन D की कमी से होने वाले रोग रिकेट्स में, शरीर का कौन-सा अंग प्रभावित होता है?**

(a) त्वचा (b) केश

(c) अस्थि (d) रुधिर

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

प्रातःकालीन धूप से मानव शरीर में विटामिन D उत्पन्न होता है। विटामिन D का रासायनिक नाम कैल्सिफेरॉल है। यह वसा में विलेय विटामिन है। यह विटामिन कैल्शियम के अवशोषण में सहायक है जिससे हड्डियां मजबूत बनती हैं। इसकी कमी से बच्चों में रिकेट्स तथा प्रौढ़ों में ऑस्टियोमलेशिया नामक रोग हो जाता है। रिकेट्स को सूखा रोग के नाम से भी जाना जाता है। यह विटामिन मक्खन, घी, अंडे, मछली के तेल आदि में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**5. विटामिन D की कमी से बच्चों में कौन-सा रोग हो जाता है?**

(a) बेरी-बेरी (b) पेलाग्रा

(c) रिकेट्स (d) स्कर्वी

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**6. बच्चों के अंगों की अस्थियां मुड़ जाती हैं, यदि कमी हो—**

(a) विटामिन A की (b) विटामिन $B_1$ की

(c) विटामिन D की (d) विटामिन E की

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. विटामिन D अनिवार्य है—**

(a) ऑस्टिओआर्थराइटिस से बचने के लिए

(b) भोजन से मैग्नीशियम के अवशोषण के लिए

(c) भोजन से कैल्शियम के अवशोषण के लिए

(d) मज़बूत तथा स्वस्थ अस्थियां बनाने के लिए

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

विटामिन D एक हॉर्मोन के रूप में कार्य करता है। इसका कार्य भोजन से कैल्शियम तथा फॉस्फोरस का अवशोषण करना है।

**8. कौन-सा विटामिन हमारे शरीर में सबसे अधिक तीव्रता से बनता है?**

(a) विटामिन A (b) विटामिन B

(c) विटामिन C (d) विटामिन D

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

हमारे शरीर में विटामिन D का संश्लेषण सूर्य के प्रकाश में उपस्थित पराबैंगनी किरणों द्वारा त्वचा के कोलेस्टरॉल द्वारा होता है। विटामिन D का रासायनिक नाम 'कैल्सिफेरॉल' है।

**9. विटामिन $B_{12}$ में कोबॉल्ट की मौजूदगी को सर्वप्रथम किसके द्वारा सिद्ध किया गया था?**

(a) बोरैक्स-बीड परीक्षण

(b) सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड परीक्षण

(c) हाइड्रोलिसिस परीक्षण

(d) स्पेक्ट्रोस्कोपी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

सर्वप्रथम सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड परीक्षण द्वारा विटामिन $B_{12}$ में कोबॉल्ट की मौजूदगी को सिद्ध किया गया था।

**10. ओषधियों और उनके कार्य का अध्ययन क्या कहलाता है?**

(a) ओषधि निर्माण (विज्ञान) (b) जीवाश्म-प्राणि विज्ञान

(c) ओषधि (प्रभाव) विज्ञान (d) जीवाश्म विज्ञान

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

ओषधियों और उनके कार्य का अध्ययन 'ओषधि (प्रभाव) विज्ञान' (Pharmacology) कहलाता है।

**11. तंबाकू में निम्नलिखित में से क्या होता है?**

(a) निकोटीन (b) हेरोइन

(c) मारिजुआना (d) कोकीन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

तंबाकू में निकोटीन पाया जाता है।

**12. लौह की कमी से कौन-सा रोग होता है?**

(a) पोलियो (b) रिकेट्स

(c) स्कर्वी (d) गॉयटर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

लौह की कमी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से थायराइड ग्रंथि की क्रिया प्रभावित होती है। शरीर में लौह की कमी रक्तक्षीणता या अरक्तता के अतिरिक्त गॉयटर के लिए भी जिम्मेदार होता है। ड्डरक्तता में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो जाती है।

**13. अरक्तता में निम्नलिखित में से किसकी मात्रा कम हो जाती है?**

(a) हीमोग्लोबिन (b) कोलैजन

(c) हाइओग्लोबिन (d) मायोसिन

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**14. आयरन की कमी से होता है—**

(a) अरुचि (b) अरक्तता
(c) बहुलोहिताणुरक्तता (d) श्वेताणुन्यूनता

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. छिली हुई सब्ज़ियों को धोने से कौन-सा विटामिन निकल जाता है?**

(a) A (b) C
(c) D (d) E

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

मानव शरीर के लिए उपयोगी 13 प्रमुख विटामिनों में चार वसा में घुलनशील विटामिन (A,D,E तथा K) तथा 9 जल में घुलनशील विटामिन ($B_1$, $B_2$, $B_3$, $B_5$, $B_6$, $B_7$, $B_9$, $B_{12}$ तथा C) होते हैं। छिली हुई सब्जियों को धोने से विटामिन C तथा जल में घुलनशील अन्य विटामिन निकल जाते हैं।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन बी कॉम्प्लेक्स समूह से संबंधित नहीं है?**

(a) रिवोफ्लाविन (b) थायमिन
(c) एस्कॉर्बिक एसिड (d) फोलिक एसिड

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

विटामिन 'सी' का रासायनिक नाम एस्कॉर्बिक एसिड (Ascorbic acid) है। इसकी कमी से स्कर्वी रोग हो जाता है। यह विटामिन बी कॉम्प्लेक्स समूह से संबंधित नहीं है। प्रश्नगत अन्य विकल्प विटामिन बी कॉम्प्लेक्स से संबंधित हैं।

**17. स्कर्वी रोग किस विटामिन की कमी के कारण होता है?**

(a) A (b) K
(c) C (d) $B_{12}$

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

स्कर्वी रोग विटामिन (C) की कमी के कारण होता है। विटामिन (C) का रासायनिक नाम एस्कॉर्बिक एसिड है। यह जल में विलेय विटामिन है। सिट्रस फल (नींबू, संतरा, मुसम्मी आदि) आंवला, टमाटर, पत्तेदार सब्जियां आदि विटामिन (C) के प्रमुख स्रोत हैं। ये विटामिन मानव में कोलैजन प्रोटीन के निर्माण के लिए आवश्यक होता है।

**18. विटामिन सी की कमी के कारण कौन-सी बीमारी होती है?**

(a) पेलाग्रा (b) एनीमिया
(c) स्कर्वी (d) रतौंधी

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 19 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. स्कर्वी रोग किसकी कमी से होता है?**

(a) विटामिन 'बी' (b) बिटामिन 'ए'
(c) विटामिन 'डी' (d) विटामिन 'सी'

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. विटामिन सी की कमी से क्या होता है?**

(a) स्कर्वी (b) अंधापन
(c) बेरी-बेरी (d) अरक्तता

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**21. विटामिन सी को और किस नाम से जाना जाता है?**

(a) एमीनो एसिड (b) ऐस्कॉर्बिक एसिड
(c) एसिटिक एसिड (d) ऐजेलेइक एसिड

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**22. निम्नलिखित में से किसमें विटामिन सी की मात्रा सबसे अधिक होती है?**

(a) शिमला मिर्च (b) टमाटर
(c) अंगूर (d) नींबू

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

विटामिन C का रासायनिक नाम एस्कॉर्बिक अम्ल है। इसकी कमी से स्कर्वी रोग हो जाता है। प्रश्नगत विकल्पों में विटामिन C की सर्वाधिक मात्रा नींबू में पाई जाती है।

**23. उस विटामिन का नाम बताइए, जो किसी भी मांसाहारी भोजन में नहीं मिलता-**

(a) विटामिन $B_{12}$ (b) विटामिन C

(c) विटामिन D (d) विटामिन K

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(*)**

कुछ मांसाहारी भोजनों (जिन्हें कच्चा खाया जाता है) में भी विटामिन C पाया जाता है। विटामिन C का प्रमुख स्रोत आंवला, नींबू वंश के फल, टमाटर, सब्जियां तथा अन्य फल हैं, इसकी कमी से स्कर्वी रोग हो जाता है।

**24. विटामिन बी की कमी से होता है–**

(a) स्कर्वी (b) डर्मेटाइटिस

(c) बेरी-बेरी (d) फाइनोडर्मा

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(*)**

विटामिन $B_1$ की कमी से बेरी-बेरी नामक रोग होता है, जो कि विटामिन B की कमी से होने वाला प्रमुख रोग है। हालांकि विटामिन-$B_5$ तथा $B_6$ की कमी से डर्मेटाइटिस नामक रोग भी होता है।

**25. निम्नलिखित का मिलान कीजिए-**

| (I) | (II) |
|---|---|
| (A) एस्कॉर्बिक एसिड | (1) प्रकाश संश्लेषण पिग्मेंट |
| (B) क्लोरोफिल | (2) शामक |
| (C) कैरोटिनॉयड | (3) एन्जाइम |
| (D) सुपर-ऑक्साइड डिस्म्यूटेस | (4) विटामिन-सी |

(a) A-4, B-1, C-3, D-2

(b) A-4, B-2, C-1, D-3

(c) A-4, B-1, C-2, D-3

(d) A-2, B-4, C-1, D-3

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tire-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(c)**

सही सुमेलन है–

| | | |
|---|---|---|
| एस्कॉर्बिक एसिड | - | विटामिन-सी |
| क्लोरोफिल | - | प्रकाश संश्लेषण पिग्मेंट |
| कैरोटिनॉयड | - | शामक (Quencher) |
| सुपर-ऑक्साइड डिस्म्यूटेस | - | एन्जाइम |

**26. वह धातु कौन-सी है जो विटामिन $B_{12}$ की एक घटक है?**

(a) आयरन (b) मैग्नीशियम

(c) जिंक (d) कोबॉल्ट

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(d)**

विटामिन $B_{12}$ का दूसरा नाम 'सायनोकोबालैमिन' है। इसके स्रोत मांस, मछली, जिगर, अंडा, दूध इत्यादि हैं। इसका काम वृद्धि, लाल रुधिराणुओं का निर्माण एवं न्यूक्लिक अम्ल का संश्लेषण करना है। इसकी कमी से रक्तक्षीणता या प्रणाशी रक्ताल्पता एवं तंत्रिका तंत्र में गड़बड़ी हो जाती है। विटामिन $B_{12}$ का प्रमुख घटक कोबॉल्ट है।

**27. विटामिन बी$_{12}$ में कौन-सा धातु आयन उपस्थित रहता है?**

(a) कोबाल्ट (b) जिंक

(c) आयरन (d) निकेल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**28. किस विटामिन की कमी होने पर 'प्रणाशी रक्ताल्पता' हो जाती है?**

(a) विटामिन $B_5$ (b) विटामिन $B_{12}$

(c) विटामिन $B_6$ (d) विटामिन C

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**29. किस विटामिन को अपनी सक्रियता के लिए कोबॉल्ट की आवश्यकता होती है?**

(a) विटामिन बी$_{12}$ (b) विटामिन डी

(c) विटामिन बी$_2$ (d) विटामिन ए

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**30. मानव शरीर में संक्रमण को रोकने में मदद करने वाला विटामिन है–**

(a) विटामिन A (b) विटामिन B

(c) विटामिन C (d) विटामिन D

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

विटामिन A का रासायनिक नाम रेटिनॉल है। यह मानव शरीर में संक्रमण रोकने में मदद करता है, जबकि विटामिन B की कमी से बेरी-बेरी नामक रोग होता है। विटामिन C की कमी से स्कर्वी होता है तथा विटामिन D की कमी से सूखा रोग होता है।

**31. विटामिन ई विशेषतः किसके लिए महत्वपूर्ण है?**

(a) दांतों के विकास के लिए

(b) कार्बोहाइड्रेट उपपाचन में

(c) लिंग-ग्रंथियों की सामान्य क्रिया में

(d) उपकला (एपीथीलियमी) ऊतकों के सामान्य स्वास्थ्य के लिए

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

विटामिन ई का प्रमुख स्रोत तेल, गेहूं, अंडों की जर्दी, सोयाबीन है। यह कोशिका कला की सुरक्षा, जननिक एपीथीलियम की वृद्धि, पेशियों की क्रियाशीलता के लिए उत्तरदायी है। इसकी कमी से जनन क्षमता में कमी, जननांग तथा पेशियां कमजोर हो जाती हैं।

**32. रक्त के स्कंदन में मदद करने वाला विटामिन है-**

(a) ए (b) डी

(c) बी (d) के

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

विटामिन K रक्त के स्कंदन में सहायक है। इसका रासायनिक नाम फिलोक्विनोन है। यह हरी पत्तेदार सब्जियों, टमाटर, पनीर इत्यादि में पाया जाता है। रक्त में फाइब्रिनोजिन थ्राम्बोजिन, विटामिन 'K' की सहायता से थ्राम्बोकाइनेज का निर्माण करता है और रक्त प्लाज्मा को दे देता है। इसी कारण रक्त जमता है।

**33. निम्नलिखित में से कौन मानव में रक्त का थक्का बनाने के लिए अनिवार्य है?**

(a) विटामिन A (b) विटामिन K

(c) विटामिन C (d) विटामिन E

**S.S.C. ऑन्लाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

विटामिन K की कमी से शरीर में खून का थक्का (Blood Clotting) धीरे बनने की बीमारी होती है। इस विटामिन को रुधिर स्राव-रोधी पदार्थ (Antihemorrhagic Factor) कहते हैं। यह मानव में रक्त का थक्का बनाने के लिए आवश्यक विटामिन है।

**34. कौन-से विटामिन की कमी के कारण रक्त का थक्का नहीं जमता?**

(a) विटामिन ए (b) विटामिन के

(c) विटामिन ई (d) विटामिन डी

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

विटामिन K की कमी से शरीर में खून का थक्का नहीं जमता। इस विटामिन को रुधिर स्राव-रोधी पदार्थ (Antihemorrhagic Factor) कहते हैं। इसकी कमी वाले व्यक्तियों का ऑपरेशन आसानी से नहीं किया जा सकता है, क्योंकि अधिक रुधिर बह जाने का डर बना रहता है।

**35. कौन-सा विटामिन प्रतिरक्षा प्रदान करता है?**

(a) K (b) A

(c) C (d) E

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

विटामिन A का प्रमुख कार्य दृष्टि रंगाओं (Visual Pigments) के संश्लेषण में भाग लेना होता है। इसके अतिरिक्त यह शरीर कोशिकाओं, विशेषतः एपिथीलियमी कोशिकाओं में प्रोटीन-संश्लेषण, हड्डियों और शरीर की वृद्धि, जनन क्षमता, कार्बोहाइड्रेट उपापचय आदि के लिए आवश्यक होता है। कमजोर एपिथीलियमी स्तरों पर जीवाणुओं आदि का संक्रमण हो जाता है। इसलिए इस विटामिन को 'संक्रमण रोधी विटामिन' (Antiinfection Vitamin) कहते हैं। यह शरीर को प्रतिरक्षा प्रदान करता है। इसकी कमी से रतौंधी रोग हो जाता है। हरी सब्जियां, गाजर, दूध, अंडा, मांस आदि इसके प्रमुख स्रोत हैं।

**36. रतौंधी किसकी कमी के कारण होता है?**

(a) विटामिन बी (b) विटामिन ए

(c) विटामिन सी (d) विटामिन डी

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**37. विटामिन ए की कमी से कौन-सा रोग फैलता है?**

(a) बेरी-बेरी (b) रतौंधी

(c) रिकेट्स (d) पेलाग्रा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

38. **विटामिन 'ए' का सर्वोत्तम स्रोत है—**

(a) मूली (b) नारंगी
(c) गेहूं (d) गाजर

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**
**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

39. **साइट्रिक एसिड मुक्त रूप में किसमें होता है?**

(a) इमली (b) दूध
(c) सेब (d) नींबू

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

साइट्रिक एसिड मुख्यतः साइट्रस फलों में पाया जाता है जैसे-नीबू, संतरा, मौसमी आदि।

40. **टार्टरिक अम्ल ....... में नहीं पाया जाता है।**

(a) इमली (b) अंगूर
(c) कच्चा आम (d) पालक

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

टार्टरिक अम्ल सामान्यतया पालक में नहीं पाया जाता है। पालक में मुख्यतः आक्जैलिक अम्ल पाया जाता है, जिसकी उपस्थिति के कारण कैल्शियम उपलब्ध नहीं होता है। पालक में खनिज लवण तथा विटामिन पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं।

## ❑ उत्सर्जन तंत्र

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ वृक्क का एक जोड़ा, मूत्रवाहिनी का एक जोड़ा, उदर, मूत्राशय में से कौन-सा मानव के उत्सर्जन तंत्र में सम्मिलित नहीं किया जाता है? **— उदर**

☞ बोमैन्स कैप्सूल ———— में पाए जाते हैं। **— स्तनधारियों के गुर्दे**

☞ फेफड़ों में वायुकोषों की एक बड़ी संख्या ________ पाई जाती है।**— गैसों के विसरण हेतु अधिक सतही क्षेत्र के लिए**

☞ एक कशेरुकी वृक्क की मूलभूत इकाई ——— है। **— नेफ्रोन**

☞ मानव शरीर की किस प्रणाली से नेफ्रॉन संबंधित है? **— उत्सर्जन प्रणाली**

☞ मानव पुरुषों में शुक्राणुओं एवं मूत्र दोनों के प्रवाह का उभयनिष्ठ मार्ग बनता है? **— मूत्र मार्ग**

☞ शुक्रवाहिनी के मार्ग से होते हुए शुक्राणुओं में कौन-सी ग्रंथियां स्राव डालती हैं? **- प्रोस्टेट, शुक्राशय**

☞ वृषण द्वारा निर्मित शुक्राणु ______ द्वारा मोचित होते हैं, जो मूत्राशय से आने वाली नली से जुड़ जाती है। **— शुक्रवाहिनी**

☞ अमोनिया, कार्बन डाइऑक्साइड, यूरिया एवं यूरिक अम्ल में से कौन-सा वृक्कों में रुधिर से निकाला जाने वाला अपशिष्ट पदार्थ नहीं है? **— कार्बन डाइऑक्साइड**

☞ गुर्दा की पथरी मुख्य रूप से किस यौगिक से बनती है? **— कैल्शियम ऑक्जलेट से**

☞ कौन-सी गुर्दों की संरचनात्मक और कार्यकारी इकाई है? **— नेफ्रान**

☞ गुर्दे की पथरी________से बनी होती है। **— कैल्शियम ऑक्जलेट**

☞ मानव मूत्र का पीला रंग__________की वजह से होता है। **— यूरोक्रोम**

☞ रक्त प्रोटीन, क्रिएटिनिन, लाल रक्त कोशिकाएं एवं श्वेत रक्त कोशिकाएं में से कौन-सा पदार्थ सामान्यतः मूत्र में पाया जाता है? **— क्रिएटिनिन**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

1. **गुर्दे की निस्यंदन इकाई कौन-सी होती है?**

(a) एक्सॉन (b) नेफ्रॉन
(c) न्यूरॉन (d) पीत फाइबर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

मानव शरीर में दो वृक्क या गुर्दे पाए जाते हैं तथा प्रत्येक गुर्दे में लगभग 10 लाख 'वृक्काणु' (Nephron) होते हैं। नेफ्रॉन या वृक्काणु वृक्क की प्रकार्यात्मक ईकाई होती है। गुर्दे की कार्यात्मक इकाई के रूप में वृक्काणु रक्त का प्रारंभिक निस्यंदन पूर्ण करके, निस्यंद से उन पदार्थों का दोबारा अवशोषण कर लेते हैं जो शरीर के लिए उपयोगी होते हैं तथा व्यर्थ पदार्थ मूत्र के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं।

2. **वृक्क का प्रकार्यात्मक यूनिट है—**

(a) तंत्रिका तंत्र (b) ग्लोमेरुलस
(c) वृक्काणु (नेफ्रॉन) (d) मूत्रवाहिनी

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

3. **'गुर्दे' (किडनी) का कार्यात्मक यूनिट क्या है?**

(a) एक्सॉन (b) न्यूरॉन
(c) नेफ्रॉन (d) धमनी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

4. **नेफ्रोन ...... से जुड़े होते हैं।**

(a) श्वसन तंत्र (b) तंत्रिका तंत्र
(c) परिसंचरण तंत्र (d) उत्सर्जी तंत्र

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

वृक्क या किडनी मानव का प्रमुख उत्सर्जन अंग है। इसकी संरचनात्मक एवं क्रियात्मक इकाई को वृक्काणु या नेफ्रॉन कहते हैं। मनुष्य में दो वृक्क पाए जाते हैं तथा प्रत्येक वृक्क में नेफ्रॉन की संख्या लगभग 10 लाख होती है।

5. **निम्न में से मानव शरीर का वह कौन-सा अंग है, जो उसमें जल के संतुलन के लिए उत्तरदायी है?**

(a) हृदय (b) यकृत
(c) गुर्दे (d) फेफड़े

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

गुर्दे पूरे शरीर में जल और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखते हैं।

6. **मूत्र बनता है—**

(a) संग्राहक वाहिनियों में (b) कैलिसीज में
(c) मूत्रवाहिनियों में (d) मूत्राशय में

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

मूत्र, संग्राहक वाहिनियों में बनता है। संग्राहक वाहिनियां वृक्क का भाग होती हैं। मूत्र अम्लीय होता है। मूत्र का हल्का पीला रंग उसमें उपस्थित यूरोक्रोम (Urochrome) वर्णक के कारण होता है।

7. **मूत्र का पीला रंग किसकी मौजूदगी के कारण होता है?**

(a) पित्त (b) लसिका
(c) कोलेस्ट्रॉल (d) यूरोक्रोम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

8. **निम्नलिखित में से कौन उत्सर्जक उत्पाद के रूप में यूरिक एसिड का उत्सर्जन करता है?**

(a) अमीबा (b) तितलियां
(c) गौरैया (d) ऊंट

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

सभी सरीसृप वर्ग (छिपकलियां) एवं पक्षी वर्ग (गौरैया) का मुख्य उत्सर्जक उत्पाद यूरिक एसिड होता है, जबकि स्तनधारियों (मनुष्य) का मुख्य उत्सर्जक पदार्थ यूरिया होता है। पक्षियों में मूत्र उत्सर्जन यूरिया के रूप में न होकर यूरिक अम्ल के रूप में होता है।

9. **मूत्र के स्रावण को बढ़ाने वाली ओषधि को कहते हैं—**

(a) ऐड्रिनेलीन (b) मोनोयूरेटिक
(c) डाइयूरेटिक (d) ट्राइयूरेटिक

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

मूत्र के स्रावण को बढ़ाने वाली ओषधि को डाइयूरेटिक कहते हैं।

10. **मूत्र का असामान्य घटक है—**

(a) यूरिया (b) क्रिएटिनिन
(c) ऐल्ब्युमिन (d) सोडियम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

सामान्य मूत्र में 95% जल, 2% अनावश्यक लवणों के आयन 2.6% यूरिया, 0.3% क्रिएटिनिन तथा सूक्ष्म मात्रा में यूरिक अम्ल होती है। इसका रंग यूरोक्रोम के कारण हल्का-सा पीला होता है। इसका pH मान 6 होता है। मूत्र में ऐल्ब्युमिन नहीं होता है इसकी उपस्थिति को ऐल्ब्युनिरिया कहते हैं।

11. **निम्नलिखित में से कौन-सा घटक मूत्र का असामान्य घटक है?**

(a) क्रिएटिनिन (b) यूरिया
(c) यूरिक अम्ल (d) कीटोन निकाय

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

कीटोन निकाय वसीय अम्लों द्वारा उत्पन्न, जल में घुलनशील एक उच्च ऊर्जा-यौगिक होता है। यह मूत्र का असामान्य घटक है।

**12. भ्रूण की अपरापोषिका किसमें सहायक होती है?**

(a) उत्सर्जन (b) श्वसन

(c) संरक्षण (d) पाचन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

भ्रूण की अपरापोषिका (Allantois) मुख्यतः उत्सर्जन में सहायक होती है। यह भ्रूण में उपापचय (Metabolism) से उत्पन्न $CO_2$, यूरिया आदि अपशिष्ट पदार्थों का उत्सर्जन करता है।

**13. निम्नलिखित में से वह अंग कौन-सा है जिससे पानी, वसा तथा विभिन्न अपचय (कैटाबोलिक) अपशिष्ट उत्सर्जित होते रहते हैं?**

(a) वृक्क (b) त्वचा

(c) प्लीहा (d) लाला ग्रंथि

**S.S.C. हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

मनुष्य में प्रायः दो वृक्क गहरे लाल रंग के सेम के बीज के आकार के होते हैं। इसका प्रमुख कार्य अपशिष्ट पदार्थों को उत्सर्जित करना है। इसके अलावा अन्य कार्य जैसे समस्थैतिकता, pH का नियमन इत्यादि है।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रोटीन नाखूनों में पाया जाता है?**

(a) हिस्टोन (b) केरेटिन

(c) इलास्टिन (d) एक्टिन

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

केरेटिन (Keratin) एक रेशेदार प्रोटीन है। यह प्रोटीन बाल, नाखूनों, सींगों, ऊन इत्यादि में पाए जाते हैं।

**15. हेमीकॉर्डेटा में उत्सर्जन किसके द्वारा होता है?**

(a) कोशिका गुच्छ

(b) प्राक वृक्क

(c) मध्य वृक्क

(d) पश्च वृक्क

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

संघ हेमीकॉर्डेटा के अंतर्गत आने वाले जीव समुद्री (Marine) होते हैं। इनमें उत्सर्जन केशिका गुच्छ या ग्लोमेरुलस के द्वारा होता है, जो कि रुधिर वाहिनियों (Blood Vessels) से जुड़े होते हैं।

**16. निम्नलिखित में से किसका हृदय शिरायुक्त होता है?**

(a) स्तनधारी (b) सरीसृप

(c) मत्स्य (d) उभयचर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

मछली (मत्स्य) में दो कक्षों का हृदय होता है, जो रक्त को गिल में पंप करता है और वहां से रक्त शेष शरीर में जाता है। मछली का हृदय शिरायुक्त होता है क्योंकि इसमें केवल ऑक्सीजन रहित रक्त होता है।

**17. सामान्य शंबु (मसल) का वसा एक लिसलिसे पदार्थ का स्राव करता है। जिसका हृदय प्रत्यारोपण में प्रयोग किया जा सकता है। इस पदार्थ में मौजूद यह विलक्षण रासायनिक यौगिक क्या है?**

(a) एमिनो फिनाइल एलैनिन

(b) हाइड्रॉक्सी फिनाइल एलैनिन

(c) फिनाइल एलैनिन

(d) डाई-हाइड्रॉक्सी फिनाइल एलैनिन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

सामान्य शंबु (Mytilus edulis) में एक लिसलिसा पदार्थ पाया जाता है। इस पदार्थ में मौजूद विलक्षण रासायनिक यौगिक डाई-हाइड्रॉक्सी फिनाइल एलैनिन (Di-Hydroxy phenyl alanine) है।

## ❑ कंकाल तंत्र

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ त्वचा, मुंह, आहारनली, रक्तवाहिनी नली का अस्तर, फेफड़ों की कूपिका तथा वृक्कीय नली आदि सभी किस प्रकार के ऊतक से बने होते हैं? **— एपिथीलियमी ऊतक**

☞ अधिकांश बड़े जानवरों की अस्थियों में कौन-सा एक ऊतक पाया जाता है? **— संयोजी ऊतक**

☞ एक दांत का कठोरतम भाग _________ होता है। **— इनैमल**

☞ मानव शरीर की सबसे लंबी हड्डी ____________ है। **— फीमर**

☞ वयस्क मानव के शरीर में अस्थियों की कुल संख्या —— होती है। **— 206**

☞ टेन्डन जोड़ता है **— हड्डियों को पेशियों से**

☞ सही सुमेलित है-

| पेशीय ऊतक का प्रकार | कोशिका का आकार |
|---|---|
| रेखित | लंबी, बेलनाकार तथा शाखारहित |
| चिकनी | लंबी के साथ-साथ अंतिम सिरा नुकीला (तर्कुरूपी) |
| हृदयक | बेलनाकार तथा शाखाओं वाली |

☞ ऐच्छिक पेशी ______ पेशी भी कहलाती है। **— रेखित**

☞ अचानक किसी गतिविधि के दौरान किस अम्ल के निर्माण के कारण हमारी पेशियों में ऐंठन होती है? **— लैक्टिक अम्ल के**

☞ सही सुमेलन है-

| संयोजी ऊतक | कार्य |
|---|---|
| स्नायु | अस्थि को अस्थि से जोड़ता है |
| कंडरा | मांसपेशियों को अस्थियों से जोड़ता है |

☞ पेशियों में संकुचन एवं प्रसार के कारण गति करने वाले विशेष प्रकार के प्रोटीन कौन-से हैं?**— संकुचनशील प्रोटीन**

☞ सुमेलित हैं—

| पेशीय ऊतक का प्रकार | अवस्थिति |
|---|---|
| रेखित | हाथ तथा पैर |
| चिकनी | आंख की पलक, मूत्रवाहिनी तथा फेफड़ों की श्वासनली |
| हृदयक | हृदय |

☞ चिकनी पेशी, हृदयक पेशी, कंकाल पेशी एवं आरेखित पेशी में से कौन-सी पेशी ऊतक बहुनाभीय होती है? **— कंकाल पेशी**

☞ अस्थियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा के अंतर्गत किया जाता है? **— ऑस्टियोलॉजी**

☞ मांसपेशियों का अध्ययन कहलाता है____। **— मायोलॉजी**

☞ अपने वजन के आधार पर सबसे मजबूत मांसपेशी कहां पर पाई जाती है? **— जबड़ा में**

☞ स्तनधारियों में सबसे छोटी अस्थि_____ होती है।**— स्टेप्स**

☞ शरीर का सबसे कठोर भाग__________है। **— दांत का इनैमल**

☞ कोशिका का नियंत्रक केंद्र कौन है? **— केंद्रक**

☞ अस्थि, उपास्थि, रक्त एवं कंकाल पेशी में से कौन-सा संयोजक ऊतक नहीं है? **— कंकाल पेशी**

☞ मांसपेशी को हड्डी से जोड़ने वाले ऊतक को क्या कहते हैं? **— टेंडन**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. मनुष्य के शरीर में कुल कितनी हड्डियां होती हैं?**

(a) 212 (b) 206
(c) 202 (d) 200

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

वयस्क मनुष्य के शरीर में कुल 206 हड्डियां होती हैं। जिसमें अक्षीय कंकाल में 80 तथा उपांगीय कंकाल में 126 हड्डियां होती हैं। शरीर की सबसे बड़ी हड्डी 'फीमर' (उरु-अस्थि, जो जांघ में पाई जाती है) तथा सबसे छोटी हड्डी 'स्टेपीज' (कान की) होती है। मानव शरीर में कुल 12 जोड़ी पसलियां पाई जाती हैं। एक शिशु का शरीर 213 अस्थियों से मिलकर बनता है।

**2. मानव शरीर में कुल कितनी अस्थियां होती हैं?**

(a) 187 (b) 287
(c) 206 (d) 306

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**
**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. एक वयस्क मनुष्य में कितनी अस्थियां होती हैं?**

(a) 210 (b) 260
(c) 206 (d) 300

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**4. मानव शरीर में सबसे लंबी अस्थि है—**

(a) अंत:प्रकोष्ठिका (b) प्रगंडिका
(c) उरु-अस्थि (d) अंतर्जंघिका

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. रकाब (स्टेपीज) हड्डी मानव शरीर में कहां पाई जाती है?**

(a) अंगुलियां (b) नाक
(c) कान (d) अंगूठा

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी स्टेपीज है, जो कान में पाई जाती है। कान में कुल छः हड्डियां पाई जाती हैं, जिसमें मैलियस, इनकस एवं स्टेपीज की एक-एक जोड़ी हड्डियां होती हैं। यह छोटी हड्डियां हैं, जिन्हें श्रवणात्मक हड्डियां या कान की हड्डियां कहते हैं।

**6. मानव की पसलियां ……… के साथ जुड़ी होती हैं।**

(a) क्लैवीकल (b) इलीयम

(c) स्टर्नम (d) स्कैपुला

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

मानव में कुल 12 जोड़ी अर्थात 24 पसलियां पाई जाती हैं। ये स्टर्नम (Sternum) के साथ जुड़ी होती हैं।

**7. मनुष्यों में किसका पता लगाने के लिए अस्थीभवन परीक्षण किया जाता है?**

(a) मस्तिष्क क्षमता (b) अंतरिम आयु

(c) अंतरिम ऊंचाई (d) ओषधि व्यसन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

कोशिकाओं से नई हड्डी के गठन की प्रक्रिया को 'अस्थीभवन' कहा जाता है। 'अस्थीभवन' परीक्षण द्वारा मनुष्य की अंतरिम आयु का पता लगाया जाता है।

**8. अस्थियों से मांसपेशियों को जोड़ने वाला संयोजी ऊतक ………… कहलाता है।**

(a) कंडरा (b) स्नायु

(c) न्यूरॉन (d) वसामय

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

अस्थियों को मांसपेशियों से जोड़ने वाला संयोजी ऊतक कंडरा (Tendon) कहलाता है। जबकि अस्थियों को अस्थियों से जोड़ने वाले संयोजी ऊतक को स्नायु (Ligament) कहते हैं।

**9. हमारे शरीर में कुल कितनी मांसपेशियां होती हैं?**

(a)565 (b)656

(c)665 (d)556

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

मानव शरीर में लगभग 656 मांसपेशियां होती हैं।

**10. कंकाल की मांसपेशियों की अनुमानित संख्या बताइए?**

(a) 206 (b) 200

(c) 500 (d) 700

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**11. दांतों की कठोर इनैमल परत क्या होती है?**

(a) कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड

(b) कैल्शियम हाइड्रॉक्सी एपेटाइट

(c) कैल्शियम ऑक्साइड

(d) कैल्शियम फॉस्फेट

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(*)**

दांतों की इनैमल परत एक विशेष प्रकार के कठोर पदार्थ की बनी होती है, जो कि हाइड्रॉक्सी एपेटाइट कहलाता है। दांतों की इनैमल परत में 96% अकार्बनिक व 4% कार्बनिक पदार्थ होते हैं। दांतो की इनैमल परत मुख्यतया हाइड्राक्सी एपेटाइट की बनी होती हैं इनैमल में हाइड्राक्सी एपेटाइट के अतिरिक्त कैल्शियम फास्फेट, कैल्शियम कार्बोनेट, फ्लोरीन इत्यादि भी होते है। यह एक लवण (Salt) है, जो कि कैल्शियम फॉस्फेट तथा हाइड्रॉक्सिल से मिलकर बनता है।

**12. एक वयस्क मनुष्य में कितने श्वदंत होते हैं?**

(a) 2 (b) 8

(c) 6 (d) 4

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(d)**

एक वयस्क मनुष्य में 4 श्वदंत या रदनक (Canine) पाए जाते हैं। इन दांतों का शिखर भोजन को चीरने-फाड़ने के लिए पैना या नुकीला होता है।

**13. कौन-सा भाग हाथी के गजदंत के रूप में बदलता है?**

(a) रदनक (b) अग्रचर्वण

(c) दूसरा कृंतक (d) चर्वण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

हाथी के ऊपरी जबड़े के दो कृंतक जीवन-भर वृद्धि करते रहते हैं और बड़े एवं लंबे गजदंत के रूप में बदल जाते हैं।

**14. हाथी के दांत का विशाल रूप से बढ़ा हुआ कौन-सा हिस्सा है?**

(a) ऊपरी कृंतक (दंत) (b) ऊपरी रदनक

(c) निचला रदनक (d) निचला कृंतक

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. औसत मानव मस्तिष्क का वजन होता है लगभग—**

(a) 1.64kg (b) 1.36kg

(c) 1.46kg (d) 1.63kg

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

औसत मानव मस्तिष्क का वजन लगभग 1.3 kg होता है।

**16. किसी पेशी में संकुचनशील प्रोटीन होते हैं—**

(a) ऐक्टिन और मायोसिन (b) ऐक्टिन और ट्रोपोमायोसिन

(c) मायोसिन और ट्रोपोनिन (d) ट्रोपोनिन और ट्रोपोमायोसिन

**S.S.C. हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

ऐक्टिन और मायोसिन पेशी में संकुचनशील प्रोटीन होते हैं। यह पेशियों को सिकोड़कर शरीर एवं अंगों को गति प्रदान करते हैं।

**17. निम्न में से किस कशेरुकी में बहिःकंकाल नहीं होता?**

(a) एम्फिबिया (उभयचर) (b) मैमेलिया (स्तनी-वर्ग)

(c) एवीज (पक्षी-वर्ग) (d) कॉन्ड्रिक्थीज

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

बहिःकंकाल वे रचनाएं होती हैं, जो त्वचा की बाहरी सतह पर स्थित रहती हैं और इसी को सुदृढ़ बनाने का काम करती हैं। जैसे- मछलियों एवं सरीसृपों की शल्कें, पक्षियों एवं स्तनियों के पंजे इत्यादि। एम्फिबिया (उभयचर) प्राणी में बहिःकंकाल नहीं होता है।

**18. निम्नलिखित में से किस एक जीव में पसलियों की संख्या सबसे अधिक है?**

(a) मगर (b) सांप

(c) रे मत्स्य (d) उड्डयन स्तनपायी

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

स्तनपायी (मैमल) में पसलियों की संख्या अधिक होती है। मानव में 12 जोड़ी अर्थात 24 पसलियां पाई जाती हैं। सांप के पश्च भाग में 200 से 400 हड्डियां (प्रत्येक एक जोड़ी पसलियों के साथ) पाई जाती हैं।

**19. मानव शरीर में पसलियों के कितने जोड़े हैं?**

(a) 13 (b) 11

(c) 12 (d) 14

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

मानव शरीर में पसलियों (Ribs) की कुल संख्या 12 जोड़ी अर्थात 24 होती है। प्रत्येक पसली वक्ष के सामने की ओर उरोस्थि (Sternum) से तथा पीछे की ओर वक्षीय कशेरुकाओं (Thoracic Vertebrae) से संधित रहती है। पसलियां कमान की भांति झुकी हुई होती हैं। सभी पसलियां मिलकर लगभग बेलनाकार पिंजड़ा (Cage) बनाती हैं, जिसमें फेफड़े तथा हृदय स्थित होते हैं।

**20. ओडोन्टोलॉजी विज्ञान की एक शाखा है। उसका संबंध किसके अध्ययन के साथ है?**

(a) अस्थि (b) काल प्रभावन

(c) दंत (d) व्यक्तिवृत्त

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

ओडोन्टोलॉजी (Odontology) विज्ञान की एक शाखा है, जो दांतों, उनकी संरचना और विकास तथा उनकी बीमारियों से संबंधित है।

**21. अकल दाढ़—**

(a) पहली दाढ़ होती है (b) दूसरी दाढ़ होती है

(c) तीसरी दाढ़ होती है (d) चौथी दाढ़ होती है

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

अकल दाढ़ या तीसरे चवर्ण दंत उन दांतों के नाम हैं, जो आखिर में निकलते हैं। अधिकतर लोगों को चार अकल दाढ़ होते हैं।

**22. ऑस्टियोसाइट पाए जाते हैं—**

(a) अस्थि में (b) रुधिर में

(c) उपास्थि में (d) लसीका में

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

ऑस्टियोसाइट अस्थि में, कॉन्ड्रोसाइट उपास्थि में तथा थ्राम्बोसाइट रुधिर में पाया जाता है।

**23. मानव हड्डी का मुख्य घटक क्या है?**

(a) फॉस्फोरस (b) कैल्शियम

(c) जस्ता (d) लोहा

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

मानव हड्डी का मुख्य घटक (Main Component) कैल्शियम है, जो हड्डियों की संरचना तथा मजबूती प्रदान करने में सहायक खनिज है। कैल्शियम फॉस्फेट नामक लवण मानव हड्डियों में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है।

**24. जानुफलक का दूसरा नाम है—**

(a) जत्रुक (क्लेविकल) (b) जान्विक (पटेल्ला)

(c) बहिः प्रकाष्ठिका (रेडियस) (d) जोड़

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

जानुफलक का दूसरा नाम जान्विक (पटेल्ला) है, जो प्रत्येक घुटने पर आगे की ओर स्थित एक छोटी, त्रिकोणाकार सी हड्डी होती है जो एक कंडरा में कैल्शिकरण के कारण बनती है। ऐसी हड्डी को सिसैमॉइड हड्डी कहते हैं। यह घुटने की संधि की सुरक्षा करती है और घुटने के मुड़ने में सहायता करती है।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा मानव में एक बॉल तथा सॉकेट ज्वाइंट का एक उदाहरण है?**

(a) कलाई का जोड़ (b) कमर का जोड़

(c) अंगुली का जोड़ (d) गर्दन का जोड़

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

कंदुक-खल्लिका या बॉल तथा सॉकेट ज्वाइंट (Ball and Socket Joint) में एक हड्डी का गेंद जैसा गोल उभरा सिरा दूसरी के प्यालेनुमा गड्ढे या सॉकेट में फिट होता है। उभरे सिरे वाली हड्डी चारों ओर घूम सकती है। मेखलाओं के साथ पादों की संधियां ऐसी ही होती हैं। कंधे (Shoulder) तथा कमर (Hip) का जोड़ इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

**26. घुटनों का जोड़ ...... होता है।**

(a) धुरी संधि (b) कोर संधि

(c) कंदुक खल्लिका संधि (d) विसर्पण संधि

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

घुटनों का जोड़ कब्जा संधि या कोर संधि (Hinge Joint) का उदाहरण है।

**27. सिग्मारूपी बृहदांत्र किसका भाग है?**

(a) बड़ी आंत (b) क्षुद्रांत्र (इलियम)

(c) छोटी आंत (d) गुदा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

सिग्मारूपी बृहदांत्र बड़ी आंत का भाग है, जो मलाशय एवं गुदा से संबद्ध होता है।

**28. महारंध्र, जो एक द्वारक है, कहां होता है?**

(a) कान (b) फेफड़े

(c) मेखला (d) कपाल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

महारंध्र, जो एक द्वारक है, कपाल में होता है।

## ❑ परिसंचरण तंत्र

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ कूपिका________ के भीतर गुब्बारे जैसी संरचनाएं हैं। **— फेफड़ों**

☞ शरीर के बाहर से ऑक्सीजन को ग्रहण करना तथा उसका उपयोग कोशिकीय आवश्यकता के अनुसार खाद्य स्रोत के विघटन में करना, सामान्य रूप से _______ कहलाता है। **— श्वसन**

☞ मानव रक्त का पीएच (pH) मान क्या है? **— 7.4**

☞ मेलोनिन, हीमोग्लोबिन, रेडोप्सिन एवं विबीरूबिन में से कौन–सा मनुष्य में श्वसन रंगद्रव्य है? **— हीमोग्लोबिन**

☞ हीमोग्लोबिन —— का मुख्य घटक है। **— लाल रक्त कोशिकाओं**

☞ कौन-सा रक्त समूह सार्वभौमिक स्वीकर्ता है? **— $AB^+$**

☞ मनुष्यों में सांस ली गई हवा में उपस्थित $O_2$ का प्रतिशत लगभग ________ है। **— 21 प्रतिशत**

☞ एक मिनट में एक सामान्य मनुष्य ________ सांस लेता है। **— 12-16 बार**

☞ एक वयस्क व्यक्ति की सामान्य हीमोग्लोबिन की मात्रा ——
——— है। **— औसतन 15 ग्राम/100 मिलीलीटर रक्त**

☞ मनुष्यों में, सांस द्वारा छोड़ी हुई हवा में लगभग ————— ऑक्सीजन होता है। **— 16 प्रतिशत**

☞ हवा की अधिकतम संभव मात्रा, जिसे इंसानों द्वारा सांस में लिया जा सकता है, को ———— कहा जाता है। **— कुल फेफड़े की क्षमता**

☞ 100 मिली. शुद्ध रक्त द्वारा वहन किए जाने वाले $O_2$ की मात्रा सामान्यतः ________ है। **— 20 मिली.**

☞ एक जानवर का चयन करें जिसमें एक खुली परिसंचरण प्रणाली होती है। **— तिलचट्टा**

☞ आरबीसी के उभयावत्तल होने का लाभ यह है कि ______। **— वह सतह क्षेत्र को बढ़ाते हैं**

☞ मनुष्य में रक्त समूह ________ द्वारा खोजा गया था। **— लैंडस्टीनर**

☞ एक एरिथ्रोसाइट लगभग ________ जीवित रहता है। **— चार महीने**

☞ अधिक ऊंचाई पर मानव की लाल रक्त कोशिकाएं ______। **— संख्या में बढ़ेंगी**

☞ Rh फैक्टर का नाम एक ________ की जाति पर रखा गया है। **— बंदर**

☞ रक्त के परिसंचरण की खोज किसने की? **— विलियम हार्वे ने**

☞ लसीका का रंग —— होता है। **— रंगहीन**

☞ फेफड़ों के संकुचित तथा सबसे बहुसंख्यक ट्यूबों को —— कहा जाता है। **— ब्रांकिओल्स**

☞ एक बंद परिसंचरण तंत्र में, रक्त पूरी तरह से —— के भीतर संलग्न होता है। **— रक्त वाहिनियों**

☞ खून और अंतरालीय तरल पदार्थ के बीच सामग्रियों का आदान – प्रदान केवल —— में होता है। **— केशिकाओं**

☞ रक्त का थक्का जमने के लिए कौन-सा धात्विक आयन आवश्यक है? **— $Ca^{++}$**

☞ एक व्यक्ति के संचार प्रणाली में औसतन कितना रक्त होता है? **— 5-6 लीटर**

☞ कौन अपरिवर्तनीय रूप से हीमोग्लोबिन के साथ बंध जाता है? **— कार्बन मोनोऑक्साइड**

☞ रक्त का थक्का जमाने के लिए आवश्यक थ्रोम्बोप्लास्टिन का स्रावण —— करता है। **— प्लेटलेट्स**

☞ ऊंचाई वाले स्थानों पर रहने वाले लोगों में लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या बढ़ जाती है क्योंकि —— । **— पर्वतों पर ऑक्सीजन की मात्रा कम होती है**

☞ पट्टिकाणु (प्लेटलेट्स) का दूसरा नाम क्या है? **— थ्रोम्बोसाइट**

☞ लाल रुधिर कणिकाएं (आरबीसी)............में बनती हैं। **— लाल अस्थि मज्जा**

☞ महाधमनी, फेफड़े की नस, फेफड़े की धमनियां तथा महाशिरा में से कौन मानव हृदय तक अशुद्ध रक्त पहुंचाता है? **— महाशिरा**

☞ रक्त एक संयोजी ऊतक है, जो किस प्रकार के अंतरकोशिकीय आधात्री में धंसी होती है? **— तरल**

☞ रक्त के प्लाज्मा में कौन-से घटक होते हैं? **— प्रोटीन, नमक, हॉर्मोन**

☞ कुछ प्लाज्मा, प्रोटीन तथा रुधिर कोशिकाएं, कोशिकाओं की भित्ति में उपस्थित छिद्रों द्वारा बाहर निकलकर ऊतक के अंतर्कोशिकीय रिक्त स्थान में आ जाते हैं तथा ...... का निर्माण करते हैं। **— लसीका**

☞ हमारी मांसपेशियों में पायरुवेट का लैक्टिक अम्ल में खंडन का कारण हो सकता है? **— ऑक्सीजन की कमी**

☞ सबसे छोटी वाहिकाएं जो एक कोशिकीय मोटी होती हैं, ..... कहलाती हैं। **— केशिकाएं**

☞ ऑक्सीजनयुक्त रक्त का संचरण______ द्वारा होता है। **— फुफ्फुसी शिरा**

☞ कौन-सा अंग श्वासनली को नष्ट होने से रोकता है? **— उपस्थि डिस्क**

☞ एरिथ्रोसाइट्स और ल्यूकोसाइट्स दोनों ______ में बनते हैं। **— मज्जा**

☞ एक वयस्क व्यक्ति के प्रति मि.मी.$^3$ रक्त में आर.बी.सी. की संख्या______ है। **— औसतन 54 लाख**

☞ कार्ल लैंडस्टीनर ______ की खोज के लिए प्रसिद्ध हैं। **— रक्त समूह**

☞ ऑक्सीजन को मुख्य रूप से खून में ______ के द्वारा ले जाया जाता है। **— एरिथ्रोसाइट्स**

☞ एक स्तनपायी में गैसों का आदान-प्रदान ______ में होता है। **— एल्वियोली**

☞ शरीर में सबसे छोटी रक्त वाहिका एक ______ है। **— केशिका**

☞ जब हृदय का दायां निलय संकुचित होता है, तो रक्त ______ जाता है। **— फेफड़ों में**

☞ ______एक स्थिति है, जिसमें रक्त में लाल कोशिकाओं की या हीमोग्लोबिन की कमी होती है। **— एनीमिया**

☞ कौन-सा हीमोग्लोबिन का एक प्राथमिक कार्य है? **— ऑक्सीजन का वहन करना**

☞ हीमोग्लोबिन की किसके साथ उच्चतम समानता है? **— CO के साथ**

☞ रुधिर को पतला करने के रूप में किस दवा का प्रयोग किया जाता है? **— वारफरिन का**

☞ रक्तचाप मापने के उपकरण का क्या नाम होता है? **— स्फिग्मोमैनोमीटर**

☞ ए. बी. रक्त समूह में **— एंटीबॉडी नहीं रहते**

☞ रक्त में श्वेत कणों का मुख्य प्रयोजन क्या है? **— संक्रमण से संघर्ष करना**

☞ रक्त का रंग साइटोक्रोम, क्लोरोफिल, हीमोसायानीन तथा हीमोग्लोबिन में से किसकी उपस्थिति के कारण लाल होता है? **— हीमोग्लोबिन**

☞ रक्त में RBC के बढ़ने से कौन-सी स्थिति बन जाती है? **— पॉलीसाइथीमिया**

☞ एक सर्वदाता का ब्लड ग्रुप क्या होता है? **— O**

☞ रक्तोत्पति कहां होती है? **— अस्थि मज्जा**

☞ कौन-सा हॉर्मोन रक्त में शर्करा की मात्रा नियंत्रित करता है? **— इंसुलिन**

☞ रक्त प्रवाह में हवा के बुलबुले का होना जीवन के लिए क्यों खतरनाक होता है? **— रक्त के प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो जाती है**

☞ आस-पास के वातावरण में पशुओं और पौधों के संबंध के अध्ययन को क्या कहते हैं? **— पारिस्थितिक विज्ञान**

☞ स्फिग्मोमैनोमीटर किसमें रक्त दाब को मापता है? **— धमनियों में**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. संचारित प्रणाली की खोज किसने की थी?**

(a) थॉमस एडिसन (b) विलियम हार्वे
(c) रॉबर्ट हुक (d) रॉबर्ट बॉयल्स

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 20 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

इंग्लैंड के चिकित्सक विलियम हार्वे ने सबसे पहले रक्त संचार प्रणाली की पूरी प्रक्रिया और उसमें मस्तिष्क की भूमिका की विवेचना की थी। उन्होंने अपने शोध की विस्तृत व्याख्या 1628 ई. में एक प्रकाशन 'एन अनाटोमिकल स्टडी ऑफ मोशन ऑफ द हार्ट एंड ऑफ द ब्लड इन एनिमल्स' में की थी।

**2. स्टारफिश के परिसंचरण तंत्र को क्या कहा जाता है?**

(a) जठर वाही तंत्र
(b) जलवाही तंत्र
(c) हीमल तंत्र
(d) नाल तंत्र

**S.S.C. स्टेनोग्राफर ('सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(*)**

स्टारफिश में परिसंचरण 3 स्थानों पर संपन्न होता है-
(1) पेरिविसरल सीलोम (Perivisceral Coelom), (2) जल वाही तंत्र (Water Vascular System) एवं (3) हीमल तंत्र (Haemal System)। इस प्रकार इस प्रश्न के 2 उत्तर सही हैं। SSC ने इस प्रश्न का उत्तर (c) दिया है।

**3. पुरानी और नष्टप्राय लाल रक्त कणिकाएं कहां नष्ट हो जाती हैं?**

(a) प्लीहा
(b) यकृत
(c) आमाशय
(d) अस्थि मज्जा

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(a)**

अस्थि मज्जा से उत्पन्न लाल रक्त कणिकाएं जब क्षतिग्रस्त या पुरानी हो जाती हैं, तो वे प्लीहा में नष्ट हो जाती हैं।

**4. सबसे बड़ा श्वेत रुधिराणु है-**

(a) लसीकाणु (लिम्फोसाइट)
(b) एक केंद्रकाणु (मोनोसाइट)
(c) बिम्बाणु (थ्रोम्बोसाइट)
(d) रक्ताणु (लाल रुधिर कणिका) (एरिथ्रोसाइट)

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(b)**

मोनोसाइट सबसे बड़ा श्वेत रुधिराणु है तथा इसका व्यास 20μm तक हो सकता है।

**5. रोग प्रतिकारकों को उत्पन्न करने वाला सेल कौन-सा है?**

(a) रेड ब्लड सेल (b) न्यूट्रोफिल

(c) लिम्फोसाइट (d) प्लेटलेट्स

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

लिम्फोसाइट कणिकाविहीन श्वेत रुधिराणु होती हैं। यह श्वेत रुधिराणुओं की कुल संख्या का 20% से 30% होती हैं। यह दो प्रकार का होता है; B-लिम्फोसाइट व T-लिम्फोसाइट जिसमें B- लिम्फोसाइट प्रतिरक्षी प्रोटीन बनाता है। एचआईवी विषाणु लिम्फोसाइट को नष्ट कर प्रतिरक्षा तंत्र को कमजोर कर देते हैं।

**6. एड्स के विषाणु किसे नष्ट कर देते हैं?**

(a) न्यूट्रोफिल (b) बेसोफिल

(c) लिम्फोसाइट (d) मोनोसाइट

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. किस प्रक्रिया द्वारा श्वसन के दौरान गैसें रुधिर में प्रवेश करती हैं और फिर उसे छोड़ती हैं?**

(a) सक्रिय परिवहन

(b) विसरण

(c) विसरण और सक्रिय परिवहन

(d) परासरण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

विसरण प्रक्रिया द्वारा श्वसन के दौरान गैसें रुधिर में प्रवेश करती हैं और फिर उसे छोड़ती हैं।

**8. फेफड़ों के आवरण को ……… कहा जाता है।**

(a) पेरीकार्डियम (b) फुफ्फुस झिल्ली

(c) पेरिकॉन्ड्रियम (d) पेरिटोनियम

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 20 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

फेफड़ों के आवरण को फुफ्फुस झिल्ली या प्ल्यूरल मेम्ब्रेन (Pleural Membrane) कहते हैं। यह फेफड़ों को बाहरी आघात से बचाने का कार्य करता है। स्तनधारियों तथा अधिकांश कशेरुकियों में दो फेफड़े उपस्थित होते हैं।

**9. प्राकृतिक कोलॉइड कौन-सा है?**

(a) इक्षु-शर्करा (b) रक्त

(c) सोडियम क्लोराइड (d) यूरिया

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

संपूर्ण रक्त, प्लाज्मा एवं एल्ब्युमिन प्राकृतिक कोलॉइड के उदाहरण हैं।

**10. रक्त में हीमोग्लोबिन एक सम्मिश्र प्रोटीन है, जिसमें भरपूर मात्रा में पाया जाता है-**

(a) लौह (b) रजत

(c) तांबा (d) स्वर्ण

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

हीमोग्लोबिन रुधिर की लाल रक्त कणिकाओं में पाया जाने वाला प्रोटीन है, जिसमें लोहा पाया जाता है। यह टेट्रामर प्रोटीन होता है जिसमें 4 शृंखलाएं $\alpha 2$ $\beta 2$ होती हैं। $\alpha$ में 141 एमीनो एसिड तथा $\beta$ में 146 एमीनो एसिड होती हैं। हीमोग्लोबिन ऑक्सीजन ($O_2$) को अवशोषित कर गहरे लाल रंग का 'ऑक्सीहीमोग्लोबिन' नामक अस्थायी यौगिक बनाता है, जो विखंडित होकर ऑक्सीजन छोड़ देता है और यही ऑक्सीजन शरीर के विभिन्न हिस्सों में पहुंचती है व $CO_2$ को वापस लाती है।

**11. रक्त धारा में ऑक्सीजन ले जाने वाला प्रोटीन होता है—**

(a) कोलेजन (b) इन्सुलिन

(c) हीमोग्लोबिन (d) एल्ब्यूमिन

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. हीमोग्लोबिन की अधिकतम बंधुता होती है—**

(a) ऑक्सीजन के लिए

(b) कार्बन डाइऑक्साइड के लिए

(c) कार्बन मोनोऑक्साइड के लिए

(d) नाइट्रोजन के लिए

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

हीमोग्लोबिन की अधिकतम बंधुता (Highest Affinity) कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) के लिए होती है, जो कि ऑक्सीजन से 250 गुना अधिक है।

**13. मानव-रक्त का रंग लाल होता है-**

(a) मायोग्लोबिन के कारण

(b) हीमोग्लोबिन के कारण

(c) इम्यूनोग्लोबुलिन के कारण

(d) हैप्टोग्लोबिन के कारण

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

लाल रुधिर कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन नामक पदार्थ होता है। जिसके कारण रक्त का रंग लाल होता है। हीमोग्लोबिन ऑक्सीजन परिवहन का कार्य करता है। हीमोग्लोबिन की मात्रा में कमी होने पर रक्तक्षीणता रोग हो जाता है।

**14. यदि व्यक्ति को गलत प्रकार का रक्त दे दिया जाए तो निम्नलिखित में से क्या परिणाम होता है?**

(a) सभी धमनियां संकुचित हो जाती हैं

(b) सभी धमनियों का विस्तारण हो जाता है

(c) RBCs का संश्लेषण हो जाता है

(d) तिल्ली और लिम्फनोड्स में विकृत आ जाती है

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

यदि व्यक्ति को गलत प्रकार का रक्त दे दिया जाए तो थक्का बन जाता है तथा धमनियां संकुचित हो जाती हैं।

**15. जोड़ पर यूरिक एसिड क्रिस्टलों का एकत्र हो जाना कारण है-**

(a) गठिया का

(b) अस्थिसुषिरता का

(c) अस्थिमृदृता का

(d) रिकेट्स का

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

रक्त में मूत्राम्ल के उच्च स्तर के कारण जोड़ों पर यूरिक एसिड क्रिस्टल एकत्र हो जाने के कारण गाउट रोग (एक प्रकार का गठिया रोग) हो जाता है।

**16. किस कशेरुकी में ऑक्सीजनित और विऑक्सीजनित रुधिर मिल जाते हैं?**

(a) मत्स्य (b) उभयचर

(c) पक्षी (d) स्तनपायी

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

उभयचर तथा अधिकांश सरीसृप में द्विक परिसंचरण तंत्र होता है, लेकिन हृदय हमेशा दो पंपों में विभक्त नहीं होता है जिसके कारण ऑक्सीजनित और विऑक्सीजनित रुधिर मिल जाते हैं उभयचरों में तीन कक्षों से युक्त हृदय पाया जाता है।

**17. मानव मस्तिष्क में कितने निलय होते हैं?**

(a) 3 (b) 4

(c) 5 (d) 2

**S.S.C. स्टेनोग्राफर ('सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

मानव मस्तिष्क में 4 निलय होते हैं। दो पार्श्व निलय जो कि दाएं एवं बाएं गोलार्द्ध में स्थित होते हैं। अग्रमस्तिष्क में तृतीय निलय और पश्च मस्तिष्क में चतुर्थ निलय होता है।

**18. निम्न में कौन मनुष्य में श्वसन-रंजक है?**

(a) हेमोसाइनीन (b) हेमोइरीथिरीन

(c) β कैरोटीन (d) हीमोग्लोबीन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

श्वसन में गैसों का वहन रुधिर द्वारा होता है किंतु रुधिर स्वयं इन गैसों $O_2$ तथा $CO_2$ का वहन नहीं कर सकता। इस कार्य के लिए रुधिर में 'श्वसन-रंजक' (Respiratory Pigments) होते हैं। मनुष्य में श्वसन-रंजक हीमोग्लोबिन होता है, जिसका रंग लाल होता है।

**19. सार्वत्रिक रक्तदाता वे लोग हैं, जिनका रुधिर वर्ग होता है—**

(a) A (b) B

(c) O (d) AB

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

एंटीजन अनुपस्थित होने के कारण रक्त समूह 'O' को सर्वदाता रक्त समूह कहते हैं। रक्त समूह 'AB' को सर्वग्राही समूह कहते हैं क्योंकि इसमें कोई एंटीबॉडी नहीं होता है।

**20. चार रक्त समूह A, AB, B और O में किसे सार्वभौमिक दाता कहा जाता है?**

(a) O (b) A

(c) B (d) AB

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a)**

रक्त समूह 'O' सार्वत्रिक दाता' (Universal Donor) होता है क्योंकि इसमें कोई प्रतिजन (Antigen) नहीं होता है। अतः इसका रुधिर सभी वर्ग के व्यक्तियों को चढ़ाया जा सकता है। दूसरी ओर इस वर्ग के प्लाज्मा में दोनों प्रतिरक्षियों (Antibodies) एंटीबॉडी a तथा एंटीबॉडी b की उपस्थिति के कारण किसी भी अन्य वर्ग के व्यक्ति का रुधिर इस वर्ग के व्यक्तियों को नहीं चढ़ाया जा सकता है।

**21. कौन-सा रक्त समूह सर्वदाता कहलाता है?**

(a) $O^+$ (b) $O^-$

(c) $AB^-$ (d) $AB^+$

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(b)**

$O^-$ रक्त समूह (Blood Group) सर्वदाता (Universal Donor) कहलाता है, जबकि $AB^+$ सर्वग्राही (Universal Accepter) रक्त समूह है।

**22. यदि माता-पिता में से एक का रुधिर वर्ग AB है और दूसरे का O तो उनके बच्चे का संभावित रुधिर वर्ग होगा—**

(a) A या B (b) A या B या O

(c) A या AB या O (d) A या B या AB या O

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

यदि माता-पिता में से एक का रुधिर वर्ग AB है और दूसरे का O तो उनके बच्चे का संभावित रुधिर वर्ग 'A' या 'B' होगा।

**23. सर्वग्राही कौन-से रुधिर वर्ग का होता है?**

(a) AB (b) O

(c) B (d) A

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

रक्त को चार प्रमुख समूहों में बांटा जा सकता है- A,B, AB तथा O। 'O' समूह का रक्त किसी भी व्यक्ति को दिया जाता है। इसलिए इसको 'सर्वदाता' कहते हैं तथा AB रक्त समूह वाले व्यक्ति को किसी भी रुधिर वर्ग के व्यक्ति का रक्त दिया जा सकता है, इसलिए इसको 'सर्वग्राही' कहते हैं।

**24. रक्त के AB वर्ग वाला व्यक्ति ऐसे व्यक्ति को रक्तदान कर सकता है जिसके रक्त का वर्ग हो-**

(a) A (b) B

(c) AB (d) O

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

AB रुधिर वर्ग में एंटिजन A और B तथा कोई एंटीबॉडी नहीं होता है, इसलिए इसको सर्वग्राही रुधिर वर्ग कहते हैं। यह सिर्फ AB रुधिर वाले व्यक्ति को रुधिर दे सकता है।

**25. मनुष्यों में रक्तचाप सामान्यतः कितना होता है?**

(a) 120/90 (b) 120/80

(c) 140/90 (d) 140/100

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

मनुष्य का औसत रक्तचाप 120/80 होता है। धमनियों में रक्तदाब की दो अवस्थाएं होती हैं। पहले को प्रकुंचन दाब (Systolic Pressure) तथा दूसरे को प्रसारण दाब (Diastolic Pressure) कहते हैं। सामान्य तौर पर प्रकुंचन दाब 120 मिली. Hg तथा प्रसारण दाब 80 मिली. Hg होता है।

**26. मानव का सामान्य रक्त दाब कितना होता है?**

(a) 80/120 मिमी. पारा (b) 90/140 मिमी. पारा

(c) 120/160 मिमी. पारा (d) 85/150 मिमी. पारा

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

जब निलय अपने आकुंचन द्वारा धमनियों में रुधिर पंप करता है, तो इस रुधिर का दबाव धमनियों की दीवार पर पड़ता है। इस दबाव को रुधिर-दाब कहते हैं। इसे सबसे पहले एस.हेल्स ने घोड़ों में मापा। मानव का सामान्य रक्त दाब 80/120 मिमी. पारा होता है जिसमें 80 मिमी. पारा डायस्टोलिक और 120 मिमी.पारा सिस्टोलिक होता है। इसको स्फिग्नोमैनोमीटर यंत्र द्वारा मापते हैं।

**27. एक किशोरवय मनुष्य में सामान्य रक्त दाब कितना होता है?**

(a) 80/120 mmHg (b) 120/80 mmHg

(c) 130/90 mmHg (d) 160/95 mmHg

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**28. रक्तदाब का नियंत्रण कौन करता है?**

(a) अधिवृक्क (एड्रिनल) ग्रंथि

(b) अवटु (थाइरॉइड) ग्रंथि

(c) थाइमस

(d) पीत पिंड (कॉर्पस लूटियम)

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

यदि शरीर में रक्तदाब कम होता है, तो एड्रिनल ग्रंथि से एड्रिनलिन हॉर्मोंस निकलता है, जो रक्त-दाब को बढ़ाता है।

**29. 'हाइपरटेंशन' शब्द किसके लिए प्रयोग किया जाता है?**

(a) हृदय की गति तेज होने के लिए

(b) हृदय की गति धीमी होने के लिए

(c) रक्तचाप घटने के लिए

(d) रक्तचाप बढ़ने के लिए

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

'हाइपरटेंशन' शब्द का प्रयोग उच्च रक्तचाप के संदर्भ में होता है। सामान्य मनुष्य में रक्तचाप 120/80 mm Hg होता है जिसमें 120 mmHg सिस्टोलिक और 80 mm Hg डायस्टोलिक होता है। हाइपरटेंशन के मरीजों में रक्तचाप सामान्य से कही ज्यादा बढ़ जाता है।

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा सही मेल है?**

(a) किरीट अघात - संवहन तंत्र विस्तार

(b) एथिरोस्क्लेरोसिस - धमनियों का अवरुद्ध हो जाना

(c) हाइपरटेंशन - न्यून रक्तचाप

(d) हाइपोटेंशन - दिल का दौरा

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

धमनियों में कोलेस्ट्रॉल एकत्र हो जाने से धमनियां अवरुद्ध हो जाती हैं, जिसे एथिरोस्क्लेरोसिस कहते हैं। इसकी वजह से रक्तचाप बहुत बढ़ जाता है।

**31. मानव शरीर में रक्त की अपर्याप्त आपूर्ति को कहते हैं-**

(a) इस्कीमिया (b) हाइपरीमिया

(c) हीमोस्टैसिस (d) हेमोरेज

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

यदि मानव शरीर में रक्त की अपर्याप्त आपूर्ति हो तो इसे इस्कीमिया कहते हैं। इसकी वजह से ऊतकों में खाद्य-पदार्थ नहीं पहुंच पाता और वह मर जाती हैं।

**32. वयस्क पुरुष में RBC की सामान्य संख्या होती है-**

(a) 5.5 मिलियन (b) 5.0 मिलियन

(c) 4.5 मिलियन (d) 4.0 मिलियन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(*)**

वयस्क पुरुष में – 54 लाख/मिमी.$^3$

वयस्क महिला में – 48 लाख/मिमी.$^3$

मानव में RBC की सामान्य संख्या 54 लाख /मिमी.$^3$ रुधिर होता है। लाल रुधिर कणिकाओं की संरचना उभयावतल तथा तश्तरीनुमा होती है। इसमें केंद्रक नहीं होता है लेकिन ऊंट एवं लामा इसके अपवाद हैं, उनमें केंद्रक पाया जाता है। इसमें हीमोग्लोबिन नामक रंगा युक्त प्रोटीन होता है, जो ऑक्सीजन संवहन का कार्य करता है।

**33. रक्त में प्रतिस्कंदक पदार्थ कौन-सा है?**

(a) फ़ाइब्रिनोजन (b) हिपैरिन

(c) थ्राम्बिन (d) ग्लोबिन

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

रुधिर में हिपैरिन नामक प्रतिस्कंदक पदार्थ रुधिर को सॉल दशा में बनाए रखता है। हिपैरिन को एंटीथ्राम्बिन कहते हैं। यह एक पॉलीसैकेराइड है। इसकी वजह से रुधिर में थक्का नहीं जमता है।

**34. मानव रुधिर में कोलेस्टेरोल का सामान्य स्तर है—**

(a) 80-120 mg% (b) 120-140 mg %

(c) 140-180 mg% (d) 180-200 mg%

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

मानव रुधिर में कोलेस्टेरोल का सामान्य स्तर 180-200mg% होता है। अगर इसका स्तर 200mg% से ज्यादा हो जाता है तो यह धमनियों पर जमा होने लगता है। इसे ऐथिरोस्क्लेरोसिस कहते हैं।

**35. मनुष्य में सामान्य निरन्न रुधिर शर्करा स्तर प्रति 100 ml रुधिर होता है -**

(a) 30-50 mg (b) 50-70 mg

(c) 80-100 mg (d) 120-140 mg

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

मनुष्य में सामान्य निरन्न (खाली पेट) रुधिर शर्करा स्तर 80-100 mg प्रति 100 ml रुधिर होता है। भोजन ग्रहण करने के दो घंटे बाद यह मात्रा 160 mg प्रति 100 ml रुधिर तक जा सकती है। इन स्तरों से अधिक रुधिर शर्करा की मात्रा मधुमेह रोग की सूचक है।

**36. वयस्कों में खाली पेट रुधिर ग्लूकोज स्तर mg/100ml में होता है-**

(a) 200 (b) 160

(c) 100 (d) 60

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**37. मनुष्य के खून का पी.एच.__________ होता है।**

(a) कम अम्लीय (b) अधिक अम्लीय

(c) कम क्षारीय (d) अधिक क्षारीय

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

रक्त का pH मान 7 से कुछ अधिक होता है, जबकि pH मान 7 उदासीन द्रव के लिए होता है। रक्त का pH सामान्यतया 7.3 से 7.5 के बीच रहता है। 7 से कम pH मान अम्लीय द्रवों (Liquids) का होता है और 7 से अधिक pH मान क्षारीय द्रवों का होता है।

**38. रक्त का कौन-सा घटक रक्त में सबसे अधिक मात्रा में पाया जाता है?**

(a) लाल रक्त कोशिकाएं

(b) प्लाज्मा

(c) रक्त प्रोटीन

(d) श्वेत रक्त कोशिका

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

कुल रक्त का लगभग 55 प्रतिशत भाग प्लाज्मा तथा 45 प्रतिशत भाग रुधिराणु होता है। रुधिराणु के तीन भाग यथा लाल रक्त कणिका, श्वेत रक्त कणिका तथा प्लेटलेट्स होते हैं। लाल रक्त कणिकाएं रुधिराणु का लगभग 99.9 प्रतिशत तथा कुल रक्त का लगभग 40-45 प्रतिशत भाग होते हैं।

**39. मानव रुधिर का pH है—**

(a) 7.2 (b) 7.8

(c) 6.6 (d) 7.4

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

स्वस्थ मनुष्य में लगभग 5-6 लीटर रुधिर होता है, जिसका pH मान 7.3 से 7.5 होता है। यह एक तरल संयोजी ऊतक है, जो दो भागों से मिलकर बना होता है- प्लाज्मा (55%) एवं रुधिराणु (45%)। रुधिर का प्रमुख कार्य खाद्य-पदार्थों एवं ऑक्सीजन का संवहन करना है।

**40. वयस्क मानव में रुधिर की सामान्य मात्रा होती है-**

(a) एक लीटर (b) तीन लीटर

(c) पांच लीटर (d) सात लीटर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**41. मानव में कुल रक्त आयतन में प्लाज्मा का प्रतिशत लगभग कितना होता है?**

(a) 45 (b) 50

(c) 55 (d) 60

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**42. कणिकाओं (कॉर्पसल) के बिना रक्त के तरल अंश को कहते हैं—**

(a) ऊतक तरल (b) प्लाज्मा

(c) सीरम (d) लसीका

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**43. .........एक हल्के पीले रंग का गाढ़ा तरल पदार्थ है, जो रक्त के आयतन लगभग 55 प्रतिशत होता है।**

(a) प्रदव्य (b) संगठित संरचनाएं

(c) रक्त समूह (d) रक्त-स्कंदन

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 21 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(a)**

कुल रक्त के आयतन का लगभग 55 प्रतिशत भाग प्रदव्य या प्लाज्मा तथा 45 प्रतिशत भाग रुधिराणु होता है। प्लाज्मा हल्के पीले रंग का गाढ़ा तरल पदार्थ है, जिसमें लगभग 91 प्रतिशत जल तथा शेष 9 प्रतिशत भाग में अकार्बनिक और कार्बनिक पदार्थ होते हैं।

**44. अरक्तता किसकी कमी के कारण होती है?**

(a) राइबोफ्लेविन (b) थायमीन

(c) फॉलिक एसिड (d) नियासिन

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

फॉलिक एसिड का मुख्य स्रोत हरी पत्तियां, जिगर, सोयाबीन, यीस्ट, गुर्दे, फलियां है। इसका प्रमुख कार्य वृद्धि, रुधिराणुओं का निर्माण तथा DNA का संश्लेषण करना है। इसकी कमी से रुधिर क्षीणता हो जाती है।

**45. रक्तस्राव को रोकने के लिए आमतौर पर किस एल्युमीनियम लवण का प्रयोग किया जाता है?**

(a) एल्युमीनियम नाइट्रेट (b) एल्युमीनियम सल्फेट

(c) एल्युमीनियम क्लोराइड (d) पोटाश एलम

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

रक्तस्राव को रोकने के लिए आमतौर पर पोटाश एलम (फिटकरी) का प्रयोग किया जाता है। इसका रासायनिक सूत्र- $K_2SO_4.Al_2(So_4)_3.24H_2O$ है।

**46. निम्न में से वर्णक प्रोटीन (क्रोमोप्रोटीन) कौन-सा है?**

(a) म्यूसिन (b) हीमोग्लोबिन

(c) पेप्टोन (d) विटेलिन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

एक वर्णक प्रोटीन एक संयुग्मित प्रोटीन है जिसमें एक रंगीन कृत्रिम समूह अथवा 'कोफैक्टर' (एक कारक जिसके साथ अन्य कारकों को कार्य करने के लिए संयुक्त होना पड़ता है) होता है। इसका सामान्य उदाहरण हीमोग्लोबिन है जिसमें 'हीम' (Heme) 'कोफैक्टर' होता है। 'हीम' एक लौहयुक्त अणु है जिससे ऑक्सीजनीकृत रक्त लाल दिखाई पड़ता है। मायोग्लोबिन, साइटोक्रोम्स और फ्लेवोप्रोटीन्स अन्य वर्णक प्रोटीन हैं।

**47. क्रिस्मस फैक्टर किसमें निहित होता है?**

(a) उत्सर्जन (b) पाचन

(c) श्वसन (d) रक्त जमाव

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

क्रिस्मस फैक्टर (Christmas factor) रक्त जमाव से संबंधित है। इसे फैक्टर IX भी कहा जाता है।

**48. रुधिर लसीका (हीमोलिम्फ़) इनमें देखी जाती है-**

(a) शूलचर्मी (एकाइनोडर्म) (b) एस्केरिस

(c) ऐनेलिड (लघुवलयक) (d) संधिपाद (ऑर्थोपोड)

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

रुधिर लसीका (हीमोलिम्फ़) संधिपाद (ऑर्थोपोडा) में देखी जाती है। यह एक प्रकार का तरल द्रव है।

**49. मानव की लाल रुधिर कणिकाओं की आयु निम्नलिखित में से कितनी होती है?**

(a) अनिश्चित (b) 120 दिन

(c) 180 दिन (d) जब तक व्यक्ति जीवित रहता है

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

मानव में लाल रुधिर कणिकाओं की औसत जीवन-काल लगभग 100-120 दिन तथा इनकी संख्या 54 लाख/घन मिमी. होती है। यह शरीर में ऑक्सीजन का परिवहन करती हैं।

**50. लाल रक्त -कणिकाओं का औसत जीवन-काल लगभग कितने समय का होता है?**

(a) 100-200 दिन (b) 100-120 दिन

(c) 160-180 दिन (d) 150-200 दिन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**51. केंचुए की पृष्ठीय रुधिर वाहिका में रक्त का प्रवाह किस ओर होता है?**

(a) अधोमुखी (b) पश्चगामी

(c) अग्रगामी (d) पार्श्वमुखी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

केंचुए की पृष्ठीय रुधिर वहिका में रक्त का प्रवाह अग्रगामी होता है।

## ❑ हृदय

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ कौन-से अंग से 'पेस मेकर' संबंधित है? **— हृदय से**

☞ मानव हृदय का दाहिना भाग — रक्त प्राप्त करता है। **— अशुद्ध**

☞ 'स्टेथोस्कोप' का आविष्कार किसने किया? **— रेने लाएंनेक ने**

☞ दिल में ऊपर छोटे कक्षों — कहा जाता है। **— एट्रिया**

☞ हृदय का पेसमेकर कहलाता है? **— एस.ए. नोड**

☞ एक स्वस्थ व्यक्ति में डाएस्टोलिक दाब (एच.जी.के मिमी. में) — होता है। **— 80**

☞ मानव के हृदय में द्विवलनी कपाट — स्थित होता है।

**— बाएं अलिंद और बाएं निलय के बीच**

☞ पल्स बीट — से मापी जाती है। **— धमनी**

☞ हृदय के कौन-से कक्ष की पेशी सबसे अधिक मोटी होती है?

**— दिल का बायां निचला भाग**

☞ रक्त दाब क्या है?

**— धमनियों और शिराओं की भित्तियों पर रक्त का दबाव**

☞ त्रिवलन कपाट _______ मौजूद होता है।

**— दाएं अलिंद और दाएं निलय के बीच**

☞ हृदय के संकुचन को__________भी कहते हैं। **—सिस्टोल**

☞ ______एक दवा है, जो हृदय के कार्य को धीमे करती है और उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए उपयोग में लाई जाती है।

**— बीटा-ब्लॉकर**

☞ ऑक्सीजन युक्त रक्त________के माध्यम से हृदय के बाहर बहता है। **— महाधमनी**

☞ हृदय की धड़कन की गति परिधीय तंत्रिका, अनुकंपी तंत्रिका, परानुकंपी तंत्रिका तथा कपाल तंत्रिका में से किससे बढ़ती है? **— अनुकंपी तंत्रिका से**

☞ हृदय की धड़कन को उत्तेजित करने वाला हॉर्मोन कौन-सा है? **— थाइरॉक्सिन**

☞ स्तनधारियों में उत्सर्जन का एक महत्वपूर्ण कार्य बड़ी आंत, गुर्दे (वृक्क), फेफड़े एवं जिगर (यकृत) में से कौन-सा अवयव करता है? **— गुर्दे (वृक्क)**

☞ मानव शरीर में सबसे बड़ी धमनी कौन-सी है? **— महाधमनी**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. सामान्य वयस्क व्यक्ति के हृदय का वजन लगभग कितना होता है?**

(a) 200 ग्राम
(b) 300 ग्राम
(c) 400 ग्राम
(d) 500 ग्राम

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

सामान्य वयस्क व्यक्ति के हृदय का वजन औसतन 300 ग्राम होता है।

**2. हृदय वंचित है—**

(a) हृद् पेशी से
(b) अनैच्छिक पेशी से
(c) ऐच्छिक पेशी से
(d) चिकनी पेशी से

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

हृद् पेशी हृदय में पाई जाती है जो अनैच्छिक पेशियां हैं, जबकि हृदय में ऐच्छिक पेशियों का अभाव रहता है। ऐच्छिक पेशियां अस्थियों के साथ जुड़ी रहती हैं, जो इच्छा शक्ति के नियंत्रण में होती हैं।

**3. रुमैटिक हृदय रोग का इलाज किसकी मदद से किया जाता है?**

(a) एस्पिरिन (b) स्ट्रेप्टोमाइसिन
(c) मेथिल डोपा (d) पेनिसिलिन

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

एस्पिरिन की मदद से रुमैटिक हृदय रोग का इलाज किया जाता है।

**4. स्वस्थ हृदय के लिए व्यक्ति को लेना होता है संतुलित आहार, पर्याप्त निद्रा और—**

(a) उत्साही मानसिक क्रियाकलापों में लीन होना होता है
(b) कैरम, शतरंज और ताश जैसे खेल खेलने होते हैं
(c) सही मात्रा में शारीरिक व्यायाम करना होता है
(d) बैठे रहने वाला काम करना होता है

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

स्वस्थ हृदय के लिए व्यक्ति को संतुलित आहार, पर्याप्त निद्रा लेना होता है और सही मात्रा में शारीरिक व्यायाम करना होता है।

**5. वयस्क व्यक्ति की हृदय धड़कन दर क्या होती है?**

(a) प्रति मिनट 50-60 बार (b) प्रति घंटा 70-80 बार
(c) प्रति सेकंड 70-80 बार (d) प्रति मिनट 70-80 बार

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(*)**

हृदय के संकुचन (Systole) एवं शिथिलन (Diastole) को सम्मिलित रूप से हृदय की धड़कन कहते हैं। एक वयस्क व्यक्ति का हृदय सामान्य अवस्था में 70-75 प्रति मिनट धड़कता है।

**6. हृदय (हार्ट) की मरमर निम्नलिखित में से किस कारण होती है?**

(a) निष्क्रिय परिकोष्ठ (b) च्यवन वाल्व

(c) कोरोनरी थ्रौंबोसिस (d) लघु महाधमनी

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

हृदय की मरमर च्यवन वाल्व के कारण होती है। हृदय की वाल्व में समस्या (जैसे- वाल्व का संकुचित हो जाना, लीक होना आदि) होने से मर्मरिंग होती है।

**7. दिल की फुसफुसाहट (मरमर) से क्या पता चलता है?**

(a) दोषपूर्ण कपाट (वाल्व)

(b) ऑक्सीजन की कमी

(c) दिल का विस्थापन

(d) मांसपेशियों का अनियमित विकास

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

दिल की फुसफुसाहट (मरमर) दोषपूर्ण कपाट (वाल्व) की वजह से होता है। इसको स्टेथोस्कोप द्वारा सुनते हैं।

**8. हृदय का काम है—**

(a) ऊतकों को ऑक्सीजन पहुंचाना

(b) ऊतकों से कार्बन डाइऑक्साइड ले जाना

(c) अपशिष्ट द्रव्यों का उत्सर्जन

(d) रुधिर को शरीर के विभिन्न अंगों में पंप करना

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

हृदय का काम रुधिर को शरीर के विभिन्न अंगों में पंप करना है। रक्त परिसंचरण की खोज वर्ष 1628 में विलियम हार्वे ने की थी।

**9. कौन-सी शिरा फेफड़ों से हृदय में शुद्ध रक्त लाती है?**

(a) वृक्कीय शिरा (b) फुप्फुस शिरा

(c) महाशिरा (d) यकृत शिरा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

फुप्फुस शिरा फेफड़ों से हृदय के बाएं भाग में शुद्ध रक्त लाती है।

**10. स्तनधारियों में ऑक्सीजन युक्त रक्त ..... से हृदय में प्रवेश करता है।**

(a) दाएं अलिंद (b) बाएं अलिंद

(c) दाएं निलय (d) बायां निलय

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

स्तनधारियों में ऑक्सीजन युक्त रक्त पल्मोनरी शिरा से हृदय में प्रवेश करता है। हृदय में यह बाएं अलिंद (Left Atrium) में प्रवेश करता है। इसके बाद बाएं निलय (Left Ventricle) तथा महाधमनी से होते हुए शरीर के विभिन्न अंगों तक पहुंचता है।

**11. निम्न में किसको, हृदय का प्रारंभिक 'पेस-मेकर' कहा जाता है?**

(a) एस.ए.नोड (b) ए.वी.नोड

(c) कोरडे टेंडीन (d) ए.वी.सेप्टम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

गति प्रेरक (पेस-मेकर) हृदय से संबंधित है। हृदय चार भागों में विभाजित होता है- RA, LA, RV, LV। गति प्रेरक (पेस-मेकर) SA Node (सिनो-आट्रिअल नोड) को कहते हैं। यह RA (दाएं अलिन्द) में स्थित होता है। यहीं से दिल की धड़कन (Heart beat) उत्पन्न होती है।

**12. मानव हृदय में कक्षों (Chambers) की संख्या है—**

(a) चार (b) दो

(c) तीन (d) पांच

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

मानव हृदय चार कक्षों में बंटा होता है। ऊपर की ओर छोटे दाएं एवं बाएं अलिंद तथा नीचे की ओर बड़े दाएं एवं बाएं निलय होते हैं। अलिंद की दीवारें अपेक्षाकृत पतली होती हैं। एक अंतरअलिंदीय पट्ट दाएं एवं बाएं अलिंदों को पृथक करता है।

**13. मानव हृदय में कितने वाल्व (Valve sets) होते हैं?**

(a) चार (b) तीन

(c) दो (d) एक

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

मानव हृदय में चार वाल्व पाए जाते हैं।

**14. पहला सफल हृदय प्रत्यारोपण किया था—**

(a) डी.एस. पेन्टल ने (b) सी.एन. बर्नार्ड ने

(c) डी. शेट्टी ने (d) पी.के. सेन ने

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

पहला सफल हृदय प्रत्यारोपण सी.एन. बर्नार्ड ने किया था।

**15. ई.सी.जी. किसकी गतिविधि को दर्शाता है?**

(a) मस्तिष्क (b) हृदय

(c) फुफ्फुस (d) वृक्क

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

ई.सी.जी. (इलेक्ट्रोकॉर्डियोग्राम) एक प्रकार का चिकित्सीय परीक्षण है, जो हृदय की गतिविधि को दर्शाता है।

**16. मानवों का एक मिनट में लगभग कितनी बार हृदय स्पंदन होता है?**

(a) 25 बार (b) 30 बार

(c) 72 बार (d) 96 बार

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

मानव हृदय हृदयावरण (पेरीकार्डियम) नामक थैली में सुरक्षित रहता है। इसका भार औसतन 300 ग्राम होता है। मनुष्य का हृदय चार कोष्ठों का बना होता है। मनुष्य का हृदय एक मिनट में औसतन 72 बार धड़कता है। शरीर से हृदय में ले जाने वाली रक्तवाहिनी को शिरा तथा हृदय से शरीर में ले जाने वाली रक्तवाहिनी को धमनी कहते हैं।

**17. दिल का दौरा किस कारण होता है?**

(a) हृदय पर जीवाणु का हमला

(b) हृदय गति का रुक जाना

(c) हृदय में रक्त की आपूर्ति में कमी

(d) अज्ञात कारणों से हृदय के कार्य में बाधा आना

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

हृदय की मांसपेशियों को कम रक्त पहुंचने या बिल्कुल भी रक्त न पहुंचने की वजह से दिल का दौरा पड़ता है।

## ❑ अंतःस्रावी ग्रंथि

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन तथा टेस्टोस्टेरोन में से कौन-सा/कौन-से हॉर्मोन स्त्रियों में पाया/पाए जाता/जाते है/हैं? **— एस्ट्रोजन तथा प्रोजेस्टेरोन**

☞ कौन मानव त्वचा को रंग प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है? **— मेलेनिन**

☞ थायमस ग्रंथि द्वारा निर्मित हॉर्मोन का क्या नाम है? **— थायमोसिन**

☞ अग्न्याशय से क्या उत्पन्न होता है? **— इंसुलिन**

☞ घेंघा रोग में ________________ सूज जाती है। **— थॉयराइड ग्रंथि**

☞ एफ. बैनटींग के द्वारा किसकी खोज की गई थी? **— इंसुलिन**

☞ अग्नाशय में ________ । **— एक्सोक्राइन और एंडोक्राइन दो प्रकार की कोशिकाएं होती हैं**

☞ इंसुलिन एक प्रकार का—है। **— हॉर्मोन**

☞ जिब्रेलिक, ऑक्सिन, साइटोकाइनिन तथा थायरॉक्सिन में से कौन-सा वनस्पति जगत का हॉर्मोन नहीं है? — थायरॉक्सिन

☞ पीयूष ग्रंथि कहां स्थित होती है? **— मस्तिष्क में**

☞ नमक का आयोडनीकरण _______ रोकने के लिए एक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय है। **— घेंघा**

☞ 28 दिन के मानवीय मासिक चक्र में अंडोत्सर्ग _______ होता है। **— चौदहवें दिन**

☞ अग्नाशय की कौन-सी कोशिकाएं इंसुलिन का निर्माण करती हैं? **— बीटा कोशिकाएं**

☞ मधुमेह होने का कारण है **— इंसुलिन का कम उत्पादन**

☞ कौन-सा अंग इंसुलिन पैदा करता है? **— अग्न्याशय**

☞ किसे मानव शरीर की जैव रसायन प्रयोगशाला भी कहा जाता है? **— जिगर को**

☞ मानव शरीर की दूसरी सबसे बड़ी ग्रंथि कौन-सी है? **— अग्न्याशय**

☞ मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि है। **— यकृत**

☞ कौन-सा अंग विषहरण करता है, और पाचन के लिए आवश्यक रसायनों को पैदा करता है? **— यकृत**

☞ कौन-सी ग्रंथि पित्त, एक पाचक तरल पदार्थ, स्रावित करती है? **— यकृत**

☞ किसका स्राव जिगर से होता है? **—पित्त**

☞ एंजाइम ट्यालिन का स्रोत क्या है? **— लार ग्रंथियां**

☞ पैंक्रियास की कोशिकाएं, जो इंसुलिन उत्पन्न करती हैं, क्या कहलाती हैं? **— आइलैट्स ऑफ लैंगरहैंस**

☞ मानव शरीर के किस अंग से इंसुलिन का स्राव होता है? **— अग्न्याशय**

☞ मानव शरीर में सबसे बड़ी ग्रंथि कौन-सी है? **— लिवर**

☞ थायमस ग्रंथि जिस हॉर्मोस को पैदा करती है, उसे क्या कहते हैं? **— थायमोसिन**

☞ सिग्मोएड कोलन किसका भाग है? **— बड़ी आंत**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रंथि सेक्स हॉर्मोस का स्राव करती है?**

(a) एड्रिनल ग्रंथि
(b) थॉइरॉइड ग्रंथि
(c) पीयूष (पिट्यूटरी) ग्रंथि
(d) तैल (सेबेशियस) ग्रंथि

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

अधिवृक्क (Adrenal) वृक्कों के अग्र सिरों पर टोपी के आकार की एक संरचना होती है। इसके दो भाग कॉर्टेक्स एवं मेड्यूला होते हैं। कॉर्टेक्स, एंड्रोजेंस, एस्ट्रोजेंस आदि लिंग हॉर्मोस का स्रावण हैं।

**2. दुग्धजनक हॉर्मोन का स्राव कहां पर होता है?**

(a) स्तन ग्रंथि (b) प्लैसेंटा
(c) अंडाशय (d) पीयूष

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

दुग्धजनक हॉर्मोन दुग्ध ग्रंथियों को दुग्ध के स्राव के लिए उत्तेजित करता है। इस हॉर्मोन का स्राव पीयूष ग्रंथि में होता है।

**3. पीयूष ग्रंथि शरीर में किस स्थान पर स्थित होती है?**

(a) हृदय के आधार में (b) मस्तिष्क के आधार में
(c) गर्दन में (d) उदर में

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

पीयूष ग्रंथि अग्र-मस्तिष्क के पश्चभाग की अधर भित्ति (हाइपोथैलेमस)के छोटे से, शंक्वाकार एवं खोखले प्रवर्ध (इंफंडीबुलम) से कपाल की स्फीनॉएड अस्थि के हाइपोफाइसियल गर्त में सुरक्षित लटकी, गोल-सी और भूरी-लाल, सबसे छोटी अंतःस्रावी ग्रंथि होती है। इसे हाइपोफाइसिसि सेरिब्राइ भी कहते हैं। यह मास्टर ग्रंथि के नाम से सुप्रसिद्ध है।

**4. निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रंथि वृद्धि हॉर्मोन का रिसाव करती है?**

(a) अधिवृक्क (b) पीयूष ग्रंथि
(c) जननग्रंथि (d) अग्न्याशय

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

पीयूष ग्रंथि (Pituitary Gland) द्वारा सोमैटोट्रापिन नामक वृद्धि हॉर्मोन का स्रावण होता है। बाल्यावस्था में इसके अल्पस्राव से शरीर की वृद्धि कुंठित हो जाती है।

**5. निम्नलिखित में वह ग्रंथि कौन-सी है, जो शरीर का ताप स्थायी रखती है?**

(a) पीनियल-ग्रंथि (b) पीयूष-ग्रंथि
(c) अवटु-ग्रंथि (d) हाइपोथैलेमस

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

पीयूष ग्रंथि 'मास्टर-ग्रंथि' कही जाती है और हाइपोथैलेमस-ग्रंथि, पीयूष-ग्रंथि के भी मास्टर का काम करती है। मस्तिष्क का यह भाग तंत्रिका-तंत्र एवं अंतःस्रावी तंत्र के प्रमुख संयोजन की भूमिका निभाता है। यह शरीर-ताप, भूख-प्यास, लैंगिक आचरण तथा शरीर की सुरक्षा आदि का नियंत्रण करता है।

**6. मानव शरीर की कौन-सी ग्रंथि, पीयूष ग्रंथि से हॉर्मोनों के रिसाव को नियंत्रित करती है?**

(a) हाइपोथैलेमस ग्रंथि (b) थाइमस ग्रंथि
(c) थाइरॉइड ग्रंथि (d) एड्रिनल ग्रंथि

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. निम्न में से कौन-सा दोनों बहिःस्रावी ग्रंथि और अंतःस्रावी ग्रंथि के रूप में व्यवहार नहीं करता?**

(a) पीयूष (b) अग्न्याशय
(c) वृषण (d) अंडाशय

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

पीयूष ग्रंथि, शरीर की सबसे छोटी अंतःस्रावी ग्रंथि है तथा इस ग्रंथि के हॉर्मोन अन्य अंतःस्रावी ग्रंथियों को नियंत्रित करते हैं। अतः इसे 'मास्टर ग्रंथि' भी कहते हैं जबकि अग्न्याशय, वृषण तथा अंडाशय मिश्रित ग्रंथियां (बहिःस्रावी तथा अंतःस्रावी दोनों के रूप में व्यवहार) हैं।

**8. मानव शरीर की सबसे बड़ी मिश्रित ग्रंथि है—**

(a) थाइमस (b) यकृत
(c) अग्न्याशय (d) प्लीहा (Spleen)

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

मानव शरीर की सबसे बड़ी मिश्रित ग्रंथि अग्न्याशय है। यह उदरगुहा में आमाशय के पीछे स्थित लगभग 15 सेमी. लंबी गुलाबी रंग की मिश्रित ग्रंथि होती है। मनुष्य के अग्न्याशय में अंतःस्रावी कोशिकाएं होती हैं जिसे लैंगरहैंस की द्वीपिकाएं कहते हैं। इसमें चार प्रकार की कोशिकाएं होती हैं जो विशिष्ट हॉर्मोंस स्रावित करती हैं-

| | | |
|---|---|---|
| अल्फा सेल | - | ग्लूकैगान |
| बीटा सेल | - | इंसुलिन |
| डेल्टा सेल | - | सोमैटोस्टैटीन |
| एफ या पी पी सेल | - | पैंक्रियाटिक पालीपेप्टाइड |

**9. स्तनपायी में सबसे बड़ी ग्रंथि कौन-सी होती है?**

(a) कर्णपूर्व ग्रंथि (b) यकृत
(c) अग्न्याशय (d) प्लीहा

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

यकृत स्तनपायी में पाई जाने वाली सबसे बड़ी ग्रंथि तथा सबसे बड़ा आंतरिक अंग है। अग्न्याशय स्तनपायी में पाई जाने वाली द्वितीय सबसे बड़ी ग्रंथि है।

**10. शरीर में सबसे बड़ी अंतःस्रावी ग्रंथि निम्न में से कौन-सी है?**

(a) अवटु (थाइरॉइड)
(b) परावटु (पैराथाइरॉइड)
(c) अधिवृक्क (एड्रीनल)
(d) पीयूष (पिट्युटरी)

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

थाइरॉइड हमारी गर्दन में वायुनाल के शीर्ष भाग पर स्थित होती है। यह H के आकार के द्विपालित अंतःस्रावी ग्रंथि होती है। इससे थाइरॉक्सिन नामक हॉर्मोन निकलता है जिसका काम आहार उपापचयी दर को बढ़ाना है।

**11. निम्न में से कौन-सी अंतःस्राव ग्रंथि गर्दन में स्थित है?**

(a) अग्न्याशय (b) अवटु (थाइरॉइड)
(c) पीयूष (d) अधिवृक्क

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. थाइरॉइड ग्रंथि की सामान्यता बनाए रखने के लिए नमक में आयोडीन किस रूप में मिलाया जाता है?**

(a) KI (b) $KIO_3$
(c) ICl (d) IBr

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

नमक में आयोडीन, सोडियम आयोडाइड व पोटैशियम आयोडाइड के रूप में मिलाया जाता है जो थाइरॉइड ग्रंथि को सामान्य बनाए रखता है। आयोडीन की शरीर में कमी से घेंघा रोग हो जाता है।

**13. जब कोई एकल जीन एक से अधिक लक्षण की अभिव्यक्ति नियंत्रित करता है, तो इसको किस प्रकार कहा जाता है?**

(a) परपोषित (b) स्वपोषित
(c) अपररूपी (d) बहुप्रभावी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

जब कोई एकल जीन एक से अधिक लक्षण की अभिव्यक्ति नियंत्रित करता है, तो इसको 'बहुप्रभावी' (Pleiotropic) कहा जाता है।

**14. इंसुलिन का आविष्कार किसने किया?**

(a) एफ. बेंटिंग
(b) एडवर्ड जेनर
(c) रोनाल्ड रॉस
(d) एस.ए. वेक्समैन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

इंसुलिन अग्न्याशय के $\beta$ (बीटा) सेल से स्रावित होता है। इसका काम रुधिर में ग्लूकोज की मात्रा को सामान्य बनाए रखना है।

**15. निम्नलिखित में से किन कोशिकाओं से इंसुलिन का रिसाव होता है?**

(a) $\alpha$ कोशिकाएं (b) $\beta$ कोशिकाएं
(c) $\delta$ कोशिकाएं (d) तंत्रिका कोशिकाएं

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

इंसुलिन (Insulin) एक हॉर्मोन है जिसका उत्पादन (स्रावण) अग्न्याशय में स्थित लैंगरहैंस की द्वीपिकाओं (Islets of Langerhans) की बीटा कोशिकाओं ($\beta$ -cells) द्वारा होता है। यह रुधिर में शर्करा का नियमन करता है। इसकी कमी से व्यक्ति में मधुमेह (Diabetes) नामक रोग हो जाता है।

**16. इंसुलिन...............में सक्रिय होते हैं।**

(a) अग्न्याशय (b) पैराथायरॉइड

(c) थाइमस (d) पीयूषिका

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**17. निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रंथि इंसुलिन बनाती है?**

(a) तिल्ली (b) यकृत

(c) अग्न्याशय (d) पीयूष ग्रंथि

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. हॉर्मोन के रूप में कार्य करने वाले प्रोटीन का उदाहरण' बताइए—**

(a) ट्रिपसिन (b) ऑक्सीटोसिन

(c) किरेटिन (d) केसीन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

ऑक्सीटोसिन एक स्तनपायी हॉर्मोन के रूप में कार्य करने वाला प्रोटीन है। ऑक्सीटोसिन हॉर्मोन संबंधी कार्य स्तनपान, प्रसव-काल में गर्भाशय ग्रीवा एवं योनि फैलाव, मातृत्व गुणों का विकास इत्यादि है।

**19. जानवरों की एक जाति द्वारा उसी जाति के अन्य सदस्यों को आकर्षित करने के लिए मोचित किए जाने वाले रासायनिक द्रव्य हैं—**

(a) हॉर्मोन (b) न्यूक्लिक अम्ल

(c) फेरोमोन (d) स्टेरॉयड

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

फेरोमोन गंधयुक्त, वाष्पशील, वसीय अम्ल होते हैं जिनके हवा में उड़ते गंध संवेदना के कारण जाति के अन्य सदस्य प्रभावित होते हैं। कुछ कीट बोम्बीकोल या जिप्लूर नामक फेरोमोन्स मुक्त करते हैं।

**20. मानव शरीर में कौन-सी ग्रंथि ऐसी है, जिसका संबंध शरीर की उत्तेजना से है?**

(a) अवटुग्रंथि (b) अग्न्याशय

(c) अधिवृक्क (d) पीयूष

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

अधिवृक्क ग्रंथि (एड्रीनल) से एड्रिनलिन और नारएड्रिनलिन नामक हॉर्मोन निकलते हैं, जो शरीर को उत्तेजित करते हैं। इसे संघर्ष या पलायन हॉर्मोन भी कहते हैं।

**21. उत्तेजना के समय निम्न में से कौन-सा हॉर्मोन अधिक मात्रा में उत्सर्जित होता है?**

(a) कॉर्टिसोन (b) सिरोटोनिन

(c) एड्रिनलिन (d) आइस्ट्रोजन

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**22. निम्नलिखित में से किस हॉर्मोन को 'आपातकालिक हॉर्मोन' कहते हैं?**

(a) एड्रिनलिन (b) थायरॉक्सिन

(c) वेसोप्रेसिन (d) इंसुलिन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

जब शरीर तनाव की स्थिति जैसे- डर, क्रोध, अपमान, पीड़ा आदि में हो तब एड्रिनलिन हॉर्मोन का स्रावण होता है। आपातकालीन परिस्थितियों में यह शरीर को सक्रिय अवस्था में लाने में सहायता करता है। इसलिए इसे 'जीवन-रक्षक हॉर्मोन' भी कहते हैं।

**23. निम्नलिखित में से अधिवृक्क रस (अड्रेनलिन) को हम किस श्रेणी में रख सकते हैं?**

(a) हॉर्मोन (b) एंजाइम

(c) प्रोटीन (d) वसा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(a)**

अधिवृक्क रस (Adrenaline) को हॉर्मोन (Hormone) की श्रेणी में रखा जा सकता है। इसका स्राव अधिवृक्क ग्रंथि से होता है। इसे एपिनेफ्रीन तथा आपातकालीन हॉर्मोन तथा FFF (Fight, Fright, Flight) हॉर्मोन के नाम से भी जानते हैं।

**24. यह नर लिंग हॉर्मोन है-**

(a) प्रोजेस्टरोन (b) एस्ट्रोजन

(c) टेस्टोस्टेरॉन (d) इंसुलिन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

नर लिंग हॉर्मोन को एंड्रोजन के नाम से भी जाना जाता है। मुख्य नर लिंग हॉर्मोन को टेस्टोस्टेरॉन कहते हैं।

**25. 'कॉर्पस ल्यूटियम' क्या संस्रावित करता है?**

(a) प्रोजेस्टरोन

(b) टेस्टोस्टेरॉन

(c) एस्ट्रोजन

(d) रुधिरवर्णिका (हीमोग्लोबिन)

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

'कॉर्पस ल्यूटियम' महिलाओं में गर्भावस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक होता है। यह प्रोजेस्टरोन नामक हॉर्मोन को संस्रावित करता है।

**26. वृद्धिकर हॉर्मोन बनाया जाता है-**

(a) अवटु ग्रंथि द्वारा

(b) पीयूष ग्रंथि द्वारा

(c) जनन-ग्रंथि (गोनड) द्वारा

(d) हड्डियों द्वारा

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

वृद्धिकर हॉर्मोन पीयूष ग्रंथि द्वारा बनाए जाते हैं। यह हॉर्मोन शरीर की वृद्धि के लिए आवश्यक होता है। यह शरीर में प्रोटीन संश्लेषण, कोशिका विभाजन, ऊतकों को क्षय होने से बचाने आदि कार्यों को प्रभावित करता है। इसके असंतुलन से अनेक रोग हो सकते हैं।

**27. ग्रेव का रोग, किस कारण से होता है?**

(a) थाइमस की अतिसक्रियता

(b) थाइरॉइड की अतिसक्रियता

(c) थाइमस की अल्पसक्रियता

(d) थाइरॉइड की अल्पसक्रियता

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

ग्रेव की बीमारी थाइरॉइड की अतिसक्रियता के कारण होती है। थाइरॉइड ग्रंथि के द्वारा जब अत्यधिक मात्रा में थाइरॉइड हॉर्मोन का स्रावण होता है तब यह रोग होता है। थाइरॉइड हॉर्मोन के इस अत्यधिक स्रावण को हाइपर थायरिडिज्म (Hyperthyroidism) कहा जाता है।

**28. आमाशय ग्रंथियों की पेप्सिन स्रावी कोशिकाएं हैं—**

(a) अम्ल कोशिकाएं (b) भित्तीय कोशिकाएं

(c) मुख्य कोशिकाएं (d) कलश कोशिकाएं

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

पेप्सिन एक पाचक एन्जाइम (Enzyme) है जिसे मुख्य कोशिकाओं (ChiefCells) के द्वारा स्रावित किया जाता है। मुख्य कोशिकाएं पेट की ग्रंथियों (उदर ग्रंथियों) के नजदीक प्रचुर मात्रा में मौजूद रहती हैं।

**29. स्तनपाइयों में स्वेद ग्रंथियां मूलतः संबंधित हैं—**

(a) अतिरिक्त लवणों को निकालने से

(b) नाइट्रोजनी अपशिष्टों के उत्सर्जन से

(c) ताप-नियमन से

(d) यौन-आकर्षण से

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

स्वेद ग्रंथियां स्तनी वर्ग के प्राणियों के त्वचा में पाई जाती है। इनका मुख्य कार्य तापमान नियंत्रण है। हालांकि ये ग्रंथियां अतिरिक्त लवणों व कुछ नाइट्रोजनी पदार्थों का उत्सर्जन भी करती हैं।

**30. आदमी के कंठ के किस भाग को अवटु उद्वर्ध (ऐडम्स ऐपल) कहा जाता है?**

(a) क्रिकोइड उपास्थि (b) कंठ

(c) श्वसनी (d) थाइरॉइड उपास्थि

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

अवटु उद्वर्ध (ऐडम्स ऐपल) जिसे तकनीकी रूप से स्वरयंत्र प्रमुखता के नाम से जाना जाता है। यह उभार थाइरॉइड उपास्थि, गर्दन के चारों ओर गठित होता है।

**31. एक मासिक धर्म चक्र के दौरान सामान्यतया निःसृत अंडों की संख्या कितनी होती है?**

(a) 3 (b) 2

(c) 1 (d) 4

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

स्त्री का मासिक चक्र 28 दिन का होता है। स्त्री के अंडाशयों से क्रमशः बारी-बारी से एक अंडाणु उत्सर्जित किया जाता है जो अंडवाहिनी में पहुंच कर 15वें दिन से 19वें दिन तक रहता है यदि इसी अंतराल में स्त्री संभोग करती है तो अंडाणु निषेचित होकर गर्भाशय में पहुंच जाता है। लेकिन यदि स्त्री इस अंतराल में संभोग नहीं करती तो वह अगले मासिक धर्म (रजो धर्म) में बाहर निकल जाता है।

32. **घेंघा निम्नलिखित में से किसकी कमी के कारण होता है?**

(a) लोहा (b) सोडियम

(c) पोटैशियम (d) आयोडीन

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

आयोडीन की कमी के कारण घेंघा रोग होता है। इसमें थाइरॉइड (अवटु) ग्रंथि के आकार में बहुत वृद्धि हो जाती है जिसके कारण गर्दन फूल जाता है। आयोडीन की पूर्ति आयोडीनयुक्त नमक, मछली तथा हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से होता है।

33. **आयोडीन की कमी के कारण क्या होता है?**

(a) अवटु अतिक्रियता (हाइपर थायरॉयडिज्म)

(b) घेंघा

(c) गिज़ेट

(d) मधुमेह

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

34. **आयोडीनयुक्त नमक लाभकारी होता है—**

(a) रक्तचाप कम करने के लिए

(b) निर्जलीकरण को रोकने के लिए

(c) थाइरॉइड (अवटु ग्रंथि) के काम के लिए

(d) सैलिवरी ग्लैंड (लार ग्रंथि) के लिए

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

35. **मानव त्वचा को रंग देने वाला वर्णक है-**

(a) मेलैनिन (b) रोडॉप्सिन

(c) आईडप्सिन (d) ऐन्थ्रोसाइनिन

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

मानव त्वचा को रंग देने वाला वर्णक मेलैनिन है।

36. **ए.सी.टी. हॉर्मोन स्त्रावित होता है—**

(a) अधिवृक्क वल्कुट से (b) अधिवृक्क अन्तस्था से

(c) पीयूष ग्रंथि से (d) पीनियल काय से

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

ए.सी.टी. हॉर्मोन (Adrenocorticotropic Hormone) अग्र पीयूष ग्रंथि (Anterior Pituitary gland) के द्वारा उत्पादित और स्त्रावित होता है। यह एड्रिनल ग्रंथि को नियंत्रित करता है।

37. **डायबिटीज मेलिटस किस हॉर्मोन के कम बनने से होती है?**

(a) इंसुलिन

(b) ग्लुकागोन

(c) थायरॉक्सिन

(d) एक्सडाइसोन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

इंसुलिन अग्न्याशय के लैंगर हैंस द्वीप की बीटा कोशिकाओं द्वारा स्त्रावित होती है जो ऊतकों में कार्बोहाइड्रेट को ऑक्सीकृत करने व पेशियों में संचित करने में सहायता करती है, जिससे रक्त में शर्करा की मात्रा नियंत्रित रहती है। शरीर में इसकी कमी से मधुमेह (डायबिटीज-मेलिटस) रोग हो जाता है।

## ❑ तंत्रिका तंत्र

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ सिनेप्स में सूचना______ रूप में संवहित होती है।
**— रासायनिक**

☞ किसके मध्य सिनेप्स अंतराल स्थित होता है?
**— दो तंत्रिका कोशिका के**

☞ अग्नाशय कोशिकाएं, उपकला कोशिकाएं, तंत्रिका कोशिकाएं तथा अधिचर्मिक कोशिकाएं में से कौन-सी मानव शरीर की सबसे बड़ी कोशिकाएं हैं? **— तंत्रिका कोशिकाएं**

☞ मानवों में घ्राणग्राही__________ का पता लगाते हैं।
**— गंध**

☞ मानव आंख के किस भाग पर छवि बनती है?
**— रेटिना पर**

☞ मानव मस्तिष्क का सबसे बड़ा हिस्सा कौन-सा है?
**— सेरीब्रम**

☞ मायोपिया से ग्रस्त व्यक्तियों को ______ उपयोग करने की सलाह दी जाती है। **— अवतल लेंस**

☞ किसे अवायवीय श्वसन कहा जाता है?
**— ऑक्सीजन के बिना श्वसन**

☞ आंख का बाहरी सफेद हिस्सा जो आंतरिक संरचनाओं की रक्षा करता है, वह__________है। **— स्क्लेरा**

☞ मेड्युला ऑबलॉन्गेटा किस अंग का हिस्सा है? **— मस्तिष्क**

☞ कौन-सा मानव मस्तिष्क का सबसे बड़ा हिस्सा है? **— सेरेब्रम**

☞ मस्तिष्क का कौन-सा हिस्सा सोचने, बुद्धिमानी, याददाश्त और सीखने की क्षमता जैसी क्रियाओं को प्रेरित करता है? **— सेरेब्रम**

☞ प्रेरक कौशल मस्तिष्क के कौन-से भाग के साथ संबंधित है? **— ललाट भाग**

☞ जब हम किसी वस्तु (पिंड) को देखते हैं, तो रेटीना पर बनने वाला प्रतिबिंब कैसा होगा? **— वास्तविक तथा उल्टा**

☞ मस्तिष्क का कौन-सा भाग मोटर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है? **— सेरिबैलम (अनुमस्तिष्क)**

☞ यूस्टैकियन नालिका मानव शरीर के किस भाग में स्थित होती है? **— कान में**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. तंत्रिका कोशिका मानव शरीर के किस तंत्र का हिस्सा है?**

(a) परिसंचरण तंत्र

(b) उत्सर्जन तंत्र

(c) जनन तंत्र

(d) तंत्रिका तंत्र

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

तंत्रिका कोशिका (Neurons) मानव शरीर के तंत्रिका तंत्र का हिस्सा है। ये रचना एवं कार्यिकी में शरीर की सबसे जटिल कोशिकाएं होती हैं। ये शरीर की सबसे लंबी कोशिकाएं होती हैं।

**2. न्यूरॉन क्या होता है?**

(a) ऊर्जा की आधारभूत इकाई

(b) रेडियोधर्मिता के दौरान निर्मुक्त कण

(c) न्यूट्रॉन के प्रतिकण

(d) तंत्रिका तंत्र की आधारभूत इकाई

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

तंत्रिका कोशिका या न्यूरॉन (Neuron) तंत्रिका तंत्र में स्थित एक उत्तेजनीय कोशिका है। यह तंत्रिका तंत्र की आधारभूत इकाई होती है। यह मानव शरीर की सबसे लंबी कोशिका होती है। इस कोशिका का कार्य मस्तिष्क से सूचना का आदान-प्रदान और विश्लेषण करना है। यह कार्य एक विद्युत-रासायनिक संकेत के द्वारा होता है।

**3. मनुष्य का मस्तिष्क कितने भागों में विभाजित है?**

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर—(b)**

मनुष्य का मस्तिष्क तीनों भागों में विभाजित है। जो इस प्रकार हैं— अग्रमस्तिष्क, मध्यमस्तिष्क तथा पश्चमस्तिष्क।

**4. मानव मस्तिष्क का कौन-सा अंग निगलने और उगलने का नियामक केंद्र है?**

(a) अनुमस्तिष्क (b) प्रमस्तिष्क

(c) मेडुला ऑब्लोंगेटा (d) पोन्स

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

मेडुला ऑब्लोंगेटा मस्तिष्क का सबसे पीछे का भाग होता है। इसका मुख्य कार्य उपापचय, रक्तदाब, आहार नाल के क्रमाकुंचन ग्रंथि स्राव तथा हृदय की धड़कनों का नियंत्रण करना है।

**5. श्वसन का नियंत्रण मस्तिष्क के किस भाग से किया जाता है?**

(a) घ्राण पालि (b) मेडुला ऑब्लोंगेटा

(c) अध:श्चेतक (d) अनुमस्तिष्क

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

मेडुला ऑब्लोंगेटा हृदय स्पंदन की दर, श्वसन दर, भोजन-निगरण, वमन, स्वाद आदि का नियंत्रण करता है।

**6. जन्म के बाद मानव के किस ऊतक में कोई कोशिका विभाजन नहीं होता?**

(a) कंकाल (b) तंत्रिका

(c) संयोजी (d) जनन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

मानव में तंत्रिका ऊतक में कोई विभाजन नहीं होता है। तंत्रिका कोशिकाएं (Nerve cells or Neuron) विद्युत रासायनिक प्रेरणाओं (Electrochemical impulse) के रूप में संवेदी अंगों से सूचनाओं का प्रसारण करती हैं।

7. **चेतन (सजीव) जीव का मूल अभिलक्षण निम्नलिखित में से क्या है?**

(a) श्वास लेने की क्षमता (b) प्रजनन की क्षमता
(c) संचालन की क्षमता (d) खाने की क्षमता

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

चेतन जीव का मूल अभिलक्षण 'श्वास लेने की क्षमता' है।

8. **श्वसन कैसी प्रक्रिया मानी जाती है?**

(a) संश्लेषणात्मक प्रक्रिया (b) अपचयी प्रक्रिया
(c) आरोही प्रक्रिया (d) तनुकरण प्रक्रिया

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

श्वसन क्रिया 'अपचयी प्रक्रिया' द्वारा होती है। कोशिकाओं में ऊर्जा उत्पादन के लिए ऑक्सीकर निम्नीकरण या विघटन से संबंधित, अर्थात अपचयी अभिक्रियाओं को सम्मिलित रूप से कोशिकीय श्वसन भी कहते हैं। यह दो प्रकार का होता है—1. अनॉक्सी श्वसन एवं 2. ऑक्सी श्वसन।

9. **श्वसन है—**

(a) ऑक्सीकरण (b) अपचायन
(c) जल-अपघटन (d) एमीनीकरण

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(*)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

10. **मानव-शरीर में सबसे लंबी कोशिका कौन-सी है?**

(a) पेशी-कोशिका (b) रक्त-कोशिका
(c) अस्थि-कोशिका (d) तंत्रिका-कोशिका

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

मानव शरीर में सबसे लंबी कोशिका तंत्रिका होती है। इसकी लंबाई 90 सेमी. होती है।

11. **सबसे अधिक अपवर्तनांक वाला आंख का अंग है—**

(a) कार्निया
(b) एक्विअस ह्यूमर
(c) लेंस
(d) काचाभ द्रव (विट्रियस ह्यूमर)

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

लेंस सबसे अधिक अपवर्तनांक वाला आंख का अंग है। लेंस आइरिस के भीतर की ओर नेत्रगोलक की गुहा में एक बड़ी सी रंगहीन, पारदर्शक, क्रिस्टैलिन नामक प्रोटीन की बनी लचीली संरचना होती है। आकृति में यह उभयोत्तल होता है। आयु बढ़ने के साथ चपटा एवं भूरा हो जाता है। इसके बहुत ही अपारदर्शी हो जाने से दिखाई देना बंद हो जाता है जिसे मोतियाबिंद कहते हैं।

12. **एक आदमी 10 मीटर की दूरी साफ नहीं देख पाता वह किस रोग से ग्रसित है?**

(a) दूरदृष्टि (b) निकटदृष्टि (मायोपिया)
(c) मोतियाबिंद (d) दीर्घदृष्टि (हाइपर मेट्रोपिया)

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

निकटदर्शी नेत्र के गोलक के कुछ बड़े हो जाने या कार्निया अथवा लेंस के अधिक उत्तल हो जाने के कारण फोकस बिंदु एवं रेटिना के बीच की दूरी बढ़ जाती है जिससे पास की वस्तुएं साफ दिखाई देती हैं परंतु दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई देती है, जिसे निकटदृष्टि दोष (मायोपिया) कहते हैं। दूर की वस्तु देखने के लिए अवतल लेंस लगाना पड़ता है।

13. **मानव की आंख में 'निकट-दृष्टि दोष' को ठीक किया जा सकता है—**

(a) सही उत्तल लेंस का प्रयोग करके
(b) सही अवतल लेंस का प्रयोग करके
(c) सही सिलिंडरी लेंस का प्रयोग करके
(d) सही द्विफोकसी लेंस का प्रयोग करके

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

14. **निकटदृष्टि (मायोपिया) रोग का संबंध किससे है?**

(a) फेफड़े (b) मस्तिष्क
(c) कान (d) आंख

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

15. **ट्रैकोमा बीमारी निम्नलिखित में से किस अंग से संबंधित है?**

(a) नाक (b) कान
(c) दांत (d) आंख

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

ट्रैकोमा (Trachoma) आंखों की एक संक्रामक बीमारी है। यह क्लेमाइडिया ट्रैकोमैटिस (Chlamydia trachomatis) नामक जीवाणु के संक्रमण से होती है। इसका समय से उपचार न होने पर अंधता (Blindness) हो सकता है।

**16. बुद्धि का केंद्र स्थित है-**

(a) प्रमस्तिष्क में (b) अनुमस्तिष्क में
(c) मेडुला में (d) थैलेमस में

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

प्रमस्तिष्क हमारी भावना, विचारधारा, स्मरण-शक्ति तथा बुद्धि एवं इच्छाओं का केंद्र है। यह हमारी मानसिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है।

**17. मुख्यतः इसकी उपस्थिति के कारण मानव शरीर उच्च वायुमंडलीय दाब के अंतर्गत भी बिना कुचला रहता है।**

(a) दृढ़ इच्छा शक्ति (b) दृढ़ पेशी विन्यास
(c) मज़बूत कंकालीय प्रणाली (d) कोशिकाओं में तरल

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

दृढ़ पेशी विन्यास की उपस्थिति के कारण मानव शरीर उच्च वायुमंडलीय दाब के अंतर्गत अप्रभावित रहता है। हमारे फेफड़ों, कानों और पेट का वायुदाब हमारे शरीर पर लगने वाले बाहरी वायुदाब के समान होता है। यही कारण है कि हम उच्च वायुमंडलीय दाब के अंतर्गत बिना कुचले रहते हैं।

**18. जब कोई व्यक्ति रोता है, तो इसके सक्रियण के कारण नाक से जल विसर्जन होता है—**

(a) थायरॉयड ग्रंथि (b) अंतःस्रावी ग्रंथि
(c) लार ग्रंथि (d) अश्रुकारी ग्रंथि

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

अश्रुकारी ग्रंथि आंसुओं के लिए उत्तरदायी होती हैं। तीव्र भावनाओं जैसे-दुख, भय और खुशी के समय आंसू निकलते हैं। अश्रुकारी ग्रंथि (Lacrymal Glands) की सक्रियता के कारण ही रोते समय नाक से जल विसर्जन होता है।

**19. वर्णांध व्यक्ति—**

(a) दूर की चीजें नहीं देख पाता
(b) काला रंग नहीं देख पाता
(c) कुछ रंगों के बीच भेद नहीं कर पाता
(d) को दृष्टि-निर्बन्ध नहीं होता है

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

वर्णांधता एक आनुवांशिक बीमारी है जिसमें मनुष्य लाल और हरे रंग में अंतर नहीं कर पाता है। यह कुल जनसंख्या के लगभग 8 प्रतिशत लोगों में पाया जाता है।

**20. जैकबसन अंग निम्नलिखित में से किसके साथ संबद्ध है?**

(a) देखना (b) सुनना
(c) सूंघना (d) चबाना

**S.S.C.CPO परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

जैकबसन अंग (Jacobsons Organ) एक गंधग्राही संवेदांग है। यह सर्पों में पाया जाता हैं तथा गंध-ज्ञान (Sense of Smell) से संबंधित है।

**21. ईईजी (EEG) का प्रयोग किसकी गतिविधि दर्ज करने के लिए किया जाता है?**

(a) हृदय (b) फेफड़े
(c) मस्तिष्क (d) मांसपेशियां

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

इलेक्ट्रोइनसेफैलोग्राफी (EEG) का प्रयोग मस्तिष्क की गतिविधि दर्ज करने के लिए किया जाता है।

## ❑ कशेरुकी

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ कौन-सा ऐसे जीव का उदाहरण नहीं है, जो खाद्य पदार्थों का विघटन शरीर के बाहर करते हैं तथा तब उसका अवशोषण करते हैं? **- सांप**

☞ पैरामीशियम में, भोजन एक विशिष्ट स्थान तक_______ की गति द्वारा पहुंचता है, जो कोशिका की पूरी सतह को ढके होते हैं। **- पक्ष्माभ (Cillia)**

☞ कौन-सा वर्गीकरण में विभिन्न स्तरों पर उप-समूहों की सही व्यवस्था दर्शाता है? **- जगत→फाइलम→वर्ग→गण→कुल→वंश→जाति**

☞ मोलस्क, रज्जुकी, टीनोफोर तथा प्लैटीहेल्मिंथीज में से किस फाइलम को चपटे कृमि भी कहा जाता है। **— प्लैटीहेल्मेंथीज को**

☞ महिलाओं में गर्भाशय —— होता है। **— एक**

☞ जिन प्राणियों में शरीर गुहा नहीं पाई जाती है, उन्हें — कहते हैं। **— अगुहीय**

☞ जिन प्राणियों में कोशिकाएं दो भ्रूणीय स्तरों में व्यवस्थित होती हैं, उन्हें — कहते हैं। **— द्विकोरिक**

☞ महिलाओं में, उदर के निचले भाग के दोनों ओर — अंडाशय स्थित होता है। **— एक**

☞ शेर, चीता और टाइगर ये सभी स्पीशीज किस वंश में आती हैं? **— पैंथेरा**

☞ चूहा, हाइड्रा, सांप तथा मछली में से किसमें रक्त नहीं होता है, परंतु वह सांस लेता है? **— हाइड्रा**

☞ स्तनपायी जंतु, मीन राशि, सरीसृप तथा संधिपाद प्राणी में से कौन-सा एक अकशेरुकी जानवरों का समूह है? **— संधिपाद प्राणी**

☞ कशेरुकी उदर का मूलभूत कार्य ________ था। **— भंडारण**

☞ मछलियों के शरीर का कौन-सा भाग उन्हें जल में श्वास लेने में सहायता करता है? **— गिल (क्लोम)**

☞ शीतनिद्रा के दौरान मेंढक किससे श्वसन करता है? **— केवल त्वचा से**

☞ एक नवजात लगभग — सांस लेता है। **— एक मिनट में 30 से 60 बार**

☞ टीनिया (फीताकृति), फेसियोला (पर्णकृमि) किस संघ के उदाहरण हैं? **— प्लैटीहेल्मिन्थीज**

☞ ...........दूसरा सबसे बड़ा प्राणि संघ है। **— मोलस्क**

☞ कौन-सा संघ रज्जुकी से संबंधित जानवरों के लिए सही नहीं है? **— ह्रदय पृष्ठ भाग में होता है (अगर उपस्थित है)।**

☞ ह्वेल, गैंडा, हाथी तथा मानव में से कौन-सा स्तनपायी विशालतम है? **— ह्वेल**

☞ काकरोच____ प्रजाति के अंतर्गत आता है। **— आर्थ्रोपोडा**

☞ बहुत से समुद्री जंतु समुद्री जल में घुले______ से अपने कवच बनाते हैं। **— कार्बोनेट**

☞ जीवाणु, नील-हरित शैवाल अथवा सायनोबैक्टीरिया तथा माइकोप्लाज्मा किस जगत के जीवों के उदाहरण हैं? **— मोनेरा के**

☞ मशरूम, मछली, सांप एवं छिपकली में से कौन ऐसे जीव का उदाहरण नहीं है, जो खाद्य पदार्थों को पूरा ग्रहण कर लेते हैं तथा अपने शरीर के भीतर उसका विघटन करते हैं? **— मशरूम**

☞ स्वयं को गर्म रखने के लिए पोलर बियर की त्वचा के नीचे ..... की परतें होती हैं। **— वसा**

☞ कशेरुक जंतुओं में से किसकी एक महत्वपूर्ण विशेषता वायवीय हड्डियां हैं? **— एविज**

☞ जेलिफिश, स्टारफिश, कटलफिश में से कौन-सा एक मछली नहीं है? **— सभी**

☞ चमगादड़ द्वारा किस प्रकार का ध्वनि उत्पन्न होता है? **— अल्ट्रासोनिक**

☞ मानव शरीर का सामान्य तापमान क्या है? **— 37 डिग्री सेल्सियस**

☞ ऑर्निथोलॉजी (Ornitho logy) में किसका अध्ययन होता है? **— पक्षी का**

☞ कृंतक दांत ______ होते हैं। **— काटने और कुतरने के लिए**

☞ जीवों के वर्गीकरण में ....... आकृति अथवा व्यवहार का विवरण अथवा दूसरे शब्दों में विशेष स्वरूप अथवा विशेष प्रकार्य हैं। **— अभिलक्षण**

☞ मकड़ियां किस प्रजाति के अंतर्गत आती हैं? **— आर्थ्रोपोडा**

☞ जेली फिश, लोब्स्टर, सालमन तथा ह्वेल कौन-सी मछली है? **— सालमन**

☞ केकड़े_________प्रजाति के अंतर्गत आते हैं। **— आर्थ्रोपोडा**

☞ किस जलीय जानवर में पीछे चलने वाले टेंटेकल्स होते हैं? **— जेली मछली**

☞ जलीय जीवों का मुख्य खाद्य स्रोत है **— फायटोप्लेंक्टन**

☞ कौन-सी सबसे बड़ी ज्ञात कोशिका है? **— शुतुरमुर्ग अंडा**

☞ ऑक्टोपस किस प्रजाति के अंतर्गत आता है? **— मोलस्का**

☞ डॉल्फिन की सबसे बड़ी प्रजाति का नाम ऑर्का है, जिसे _____भी कहते हैं। **— किलर ह्वेल**

☞ डीएनए का पूर्ण रूप______है। **— डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड**

☞ एकिडना, कंगारू, साही तथा ह्वेल में से कौन-सा जीव अंडे देता है और प्रत्यक्षतः बच्चे पैदा नहीं करता? **— एकिडना**

☞ जेली फिश, लोब्स्टर, सालमन तथा व्हेल विकल्पों में से कौन-सी मछली है? **— सालमन**

☞ बाज, कछुआ, चीता एवं हाथी में से कौन सर्वाधिक दीर्घायु है? **— कछुआ**

☞ मीठे पानी की एक स्वस्थ मछली को खारे पानी में रखा जाए, तो उसके संभावित परिणाम क्या होंगे? **— मछली निर्जलीकृत होकर मर जाएगी**

☞ अश्रु ग्रंथि कहां स्थित होती है? **— नेत्र गुहा में**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. पांच जगत वर्गीकरण किसने किया था?**

(a) व्हिट्टेकर (b) हैकेल

(c) लिनियस (d) कोपलैंड

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

R. H. Whittker (आर. एच. व्हिट्टेकर) ने जीवधारियों को पांच जगत (Kingdom) में विभाजित किया। ये हैं-(1) मोनैरा, (2) प्रोटिस्टा, (3) प्लान्टी, (4) कवक तथा (5) एनिमेलिया।

**2. एक समान गुणों जैसे पृष्ठरज्जु (नोटोकॉर्ड) तथा पृष्ठीय खोखला तंत्रिका तंत्र के आधार पर प्राणियों जैसे मछली, उभयचर, सरीसृप, पक्षी और स्तनधारी को किस संघ में रखा गया है?**

(a) मेमेलिया (b) कॉर्डेटा

(c) प्राइमेट (d) इन्सेक्टा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

मछली, उभयचर, सरीसृप, पक्षी और स्तनधारी को कार्डेटा संघ में रखा गया है। इन जंतुओं के जीवन की किसी न किसी अवस्था में पृष्ठरज्जु या मेरुदंड (Notochord) अवश्य पाई जाती है। तथा मेरुदंड के ऊपर पृष्ठतल पर खोखली नली के रूप में केंद्रीय तंत्रिका नाल पाई जाती है, जो मस्तिष्क से लेकर शरीर के पिछले सिरे तक फैली होती है।

**3. सबसे बड़ा एक-कोशिकीय जीव है-**

(a) यीस्ट (b) एसीटेबुलेरिया

(c) एसीटोबैक्टर (d) अमीबा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

सबसे बड़ा एक-कोशिकीय जीव एसीटेबुलेरिया है। इसका नाभिक भी सबसे बड़ा होता है।

**4. मीसोडर्म (मध्य त्वचा) से आच्छादित शरीर गुहा को ........कहते हैं।**

(a) प्रगुहा (b) कोर्डेटा

(c) आर्थ्रोपोडा (d) प्लेटिहैल्मिन्थिज

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 22 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

भ्रूणीय विकास के दौरान मीसोडर्म अर्थात मध्य त्वचा से आच्छादित शरीर गुहा को वास्तविक देहगुहा या प्रगुहा (Coelom) कहते हैं। तथा ऐसे जंतु जिनमें वास्तविक देहगुहा पाई जाती हैं, उन्हें यूसीलोमेट (Eucoelomate) कहते हैं।

**5. सबसे बड़ा शावक कौन-सा जानवर पैदा करता है?**

(a) हाथी (b) गैंडा

(c) ऊंट (d) नीली ह्वेल

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

नीली ह्वेल सबसे बड़ा शावक पैदा करती है जिसकी लंबाई लगभग 24 फीट तथा वजन चार टन होता है। ह्वेल की लंबाई 100 फीट से भी अधिक होती है। ह्वेल का गर्भावस्था काल लगभग एक वर्ष होता है।

**6. निम्न में विषम मद कौन-सी है?**

(a) ह्वेल (b) शिंशुक

(c) चमगादड़ (d) मत्स्य

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

ह्वेल, शिंशुक एवं चमगादड़ स्तनधारी वर्ग के हैं, जबकि मत्स्य वर्ग एक पृथक वर्ग है। ह्वेल एक विशालतम स्तनधारी है।

**7. निम्नलिखित में से विशालतम स्तनधारी कौन-सा है?**

(a) हाथी (b) ह्वेल

(c) डाइनासोर (d) गैंडा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. मछली का एयर ब्लैडर (वायु आशय) किस रूप में कार्य करता है?**

(a) सहायक श्वसन अंग

(b) द्रवस्थैतिक अंग

(c) सहायक श्वसन अंग और द्रवस्थैतिक अंग दोनों

(d) मुख्य श्वसन अंग

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

मछली का एयर ब्लैडर, सहायक श्वसन अंग (Accessory Respiratory Organ) और द्रवस्थैतिक (Hydrostatic) दोनों अंगों के रूप में कार्य करता है।

**9. निम्नलिखित में से विशालतम स्थलचर वन्य प्राणी कौन-सा है?**

(a) भारतीय हाथी (b) अफ्रीकी हाथी

(c) जिराफ़ (d) सफेद बाघ

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

भारतीय हाथी की लंबाई 3 मीटर तथा वजन 6 टन से अधिक होता है जबकि अफ्रीकी हाथी की लंबाई लगभग 3.45 मीटर तथा वजन 7 टन से अधिक होता है।

**10. ऑर्कियोप्टेरिक्स में निम्न सरीसृप लक्षण थे-**

(a) जबड़े पर दांत, पूंछ, चोंच

(b) नखरित पंख, जबड़े पर दांत, पूंछ

(c) नखरित पंख, शल्क, पिच्छ

(d) जबड़े पर दांत, पिच्छ, पूंछ

**S.S.C. संयुक्त हायर सेगण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

ऑर्कियोप्टेरिक्स में नखरित पंख, जबड़े पर दांत और पूंछ होते थे। ऑर्कियोप्टेरिक्स, पक्षियों तथा सरीसृप वर्ग के बीच की कड़ी है।

**11. मानव जातियों के वर्गीकरण के लिए निम्न में से किस कसौटी का प्रयोग नहीं किया जाता?**

(a) आंखें (b) कान

(c) नाक (d) बाल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

मानव जातियों के वर्गीकरण के लिए कानों का प्रयोग नहीं किया जाता॥

**12. जिन प्राणियों में कोशिकाएं तीन भ्रूणीय स्तरों में व्यवस्थित होती हैं, उन्हें..........कहते हैं।**

(a) द्विकोरिक (b) बाह्य त्वचा

(c) त्रिकोरकी (d) अंत: त्वचा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 21 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर—(c)**

जिन प्राणियों में कोशिकाएं तीन भ्रूणीय स्तरों यथा-एक्टोडर्म, मीसोडर्म तथा एंडोडर्म में विभाजित व व्यवस्थित होती हैं, उन्हें त्रिकोरकी या त्रिस्तरीय (Triploblastic) कहते हैं।

**13. अकशेरुकी में नहीं होता—**

(a) रक्तगुहा (b) क्लोम

(c) पृष्ठरज्जु (नोटोकॉर्ड) (d) देह गुहा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

अकेशरुकी में नोटोकॉर्ड (पृष्ठरज्जु) अनुपस्थित होता है, जबकि कशेरुकियों में जीवन की किसी न किसी अवस्था में नोटोकॉर्ड (पृष्ठरज्जु) उपस्थित होता है।

**14. लंग फिश किसके बीच का लिंक है?**

(a) एम्फिबिया और सरीसृप

(b) सरीसृप और स्तनधारियों

(c) एम्फिबिया और पक्षियों

(d) सरीसृप और पक्षियों

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(*)**

लंग फिश मत्स्य (मछलियों) एवं उभयचरों (Amphibians) के बीच की कड़ी (Link) है।

**15. पृथ्वी पर विशालतम जीवित पक्षी कौन-सा है?**

(a) ईमू (b) शुतुरमुर्ग

(c) एल्बैट्रॉस (d) साइबेरियाई सारस

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

पृथ्वी पर विशालतम जीवित पक्षी शुतुरमुर्ग है। यह अफ्रीका में पाया जाता है। यह उड़ने में असमर्थ तथा तेज दौड़ने वाला पक्षी है।

**16. सबसे छोटा पक्षी निम्न में से कौन-सा है?**

(a) कबूतर (b) तोता

(c) गुंजन पक्षी (d) घरेलू गौरैया

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

सबसे छोटा पक्षी गुंजन पक्षी (Humming Bird) है। वर्तमान में 5-20 सेमी. तक के आकार की बी-हमिंग बर्ड (Bee Humming Bird) संसार की सबसे छोटी चिड़िया या पक्षी है, जो कि दक्षिण अमेरिका में पाई जाती है। यह एकमात्र ऐसा पक्षी है जो आगे-पीछे उड़ सकता है।

**17. वह एकमात्र पक्षी कौन-सा है, जो पीछे की ओर उड़ता है?**

(a) गौरैया (b) कोयल

(c) साइबेरियन सारस (d) गुंजन पक्षी

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. खरगोश द्वारा पिछले अंगों से जमीन पर प्रहार करना किससे संबद्ध व्यवहार है?**

(a) युगलबंदी के लिए तैयार करना।

(b) सदस्यों को चेतावनी संकेत।

(c) शक्तिशाली विरोधी के समक्ष समर्पण।

(d) प्रणय-याचना।

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

जब खरगोश को अपने आस-पास संकट या खतरे का आभास होता है, तब वह पिछले अंगों अर्थात पिछले पैरों से जमीन पर प्रहार करता है। यह व्यवहार उसके द्वारा अन्य सदस्यों को चेतावनी संकेत देने के लिए किया जाता है।

**19. जल में तैरने वाले पक्षियों में क्या विशेषता होती है?**

(a) जालयुक्त पैर (b) चौड़े पंख

(c) लंबी चोंच (d) पंजों वाली उंगलियां

**S.S.C. (CPO) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

बत्तख, राजहंस आदि पानी में तैरने वाले पक्षियों में परांगुलियां आपस में जाल द्वारा जुड़ी रहती हैं। जालयुक्त पैर द्वारा तैरने में इन्हें मदद मिलती है।

**20. 'कपोत दुग्ध' कौन उत्पन्न करता है?**

(a) फसल (b) पक्षी

(c) स्तनधारी (d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

कपोत दुग्ध पक्षियों (मुख्यतः कबूतरों) द्वारा उत्पन्न किया जाने वाला एक स्राव है, जो दूध के समान होता है।

**21. संसार की सर्वोत्तम दुधिया नस्ल है?**

(a) डिऔनाई (b) होलस्टीन फ्रीजियन

(c) सिंधी (d) चिटगांग

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

होलस्टीन-फ्रीजियन (Holstein-Friesian) संसार की सर्वोत्तम दुधिया नस्ल है। यह सबसे अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली गाय की नस्ल है।

**22. शब्दिनी (साइरिंक्स) किसमें वाक यंत्र है?**

(a) उभयचर (b) सरीसृप

(c) पक्षी (d) स्तनी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

शब्दिनी (साइरिंक्स) पक्षियों में पाया जाता है। यह एक वाक यंत्र है।

**23. 'कॉड' निम्न में से किसकी किस्म है?**

(a) बकरी (b) मछली

(c) फसल (d) प्रवाल (कोरल)

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

कॉड मछली की एक प्रजाति है।

**24. निम्न में से किसमें वाताशय नहीं होता?**

(a) कटल मछली

(b) अस्थिल मछली

(c) उपास्थिसम मछली

(d) रजत मछली

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

शार्क उपास्थियुक्त मछलियां हैं, जो विश्व के सभी समुद्रों में पाई जाती हैं। इन मछलियों में वाताशय नहीं होता है।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा जंतु स्तनपायी नहीं है?**

(a) गाय (b) चमगादड़

(c) शार्क (d) चूहा

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

गाय, चमगादड़ तथा चूहा स्तनपायी हैं। शार्क मत्स्य वर्ग का प्राणी है।

**26. 'उभयचर' शब्द का अर्थ क्या है?**

(a) तीन जीव (b) चार जीव

(c) दो जीव (d) एक जीव

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(*)**

एम्फीबिया (Gr., amphi = both+bios = life) वर्ग के जीव जलीय एवं स्थलीय दोनों प्रकार के जीवन के लिए उपयोजित होते हैं।

**27. शार्क में किस प्रकार की पूंछ पाई जाती है?**

(a) विषमपालि पूंछ (b) द्विसमपालि पूंछ

(c) आद्यपालि पूंछ (d) समपालि पूंछ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

शार्क में पाई जाने वाली पूंछ 'विषमपालि पूंछ' (Heterocercal) होती है। शार्क की पूंछ नीचे से छोटी और ऊपर से बड़ी होती है जिससे इसे तैरने में सहायता मिलती है।

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा जंतु पराश्रव्य ध्वनि को सुन सकता है?**

(a) चूहा (b) गिलहरी

(c) बिल्ली (d) चमगादड़

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

चमगादड़ कॉर्डेटा संघ का स्तनधारी प्राणी है। इसमें पराश्रव्य ध्वनि को सुनने की क्षमता होती है।

**29. प्राइमेटा गण जिसमें बंदर, गोरिल्ला और गिब्बोन आते हैं उन्हें मैमेलिया वर्ग में कार्नीवोरा गण के साथ रखा गया है, जिसमें क्या शामिल हैं?**

(a) जिरॉफ, ऊंट और हाथी

(b) मगरमच्छ, छिपकली और सांप

(c) शेर, चीता और टाइगर

(d) बाघ, बिल्ली और कुत्ता

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 19 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(*)**

कार्नीवोरा गण के अंतर्गत मांसाहारी जंतु आते हैं। इनमें इंसाइजर दांत छोटे किंतु कैनाइन दांत लंबे व नुकीले होते हैं। जिनसे मांस छीलने व फाड़ने में सहायता मिलती है। उदाहरण-बाघ बिल्ली, कुत्ता, तेंदुआ, भालू, शेर चीता, आदि।

**30. पक्षियों में प्रायः एक ही क्या होता है?**

(a) गुर्दा (b) फेफड़ा

(c) वृषण (d) अंडाशय

**S.S.C.CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

पक्षियों में प्रायः बायां अंडाशय ही विकसित होता है जबकि गुर्दा, फेफड़ा तथा वृषण (Testis) की संख्या दो होती है। पक्षी प्रायः गरम रुधिर वाला एक समतापी (Isothermal) प्राणी है।

**31. कुछ जीव तापमानों के कम परास (चरम) सहन कर सकते हैं और उसमें खूब बढ़ते हैं। यह________कहलाते हैं।**

(a) परासरणी (b) पृथुताजापी

(c) तनुतापी (d) उष्णजलीय

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

ऐसे जीव, जो तापमान के कम परास (चरम) सहन कर सकते हैं और उसमें खूब बढ़ते हैं, वे **तनुतापी (Stenothermal)** कहलाते हैं। जैसे-**पेंग्विन, पाइथन, क्रोकोडाइल** आदि।

**32. प्राणियों के वैज्ञानिक नाम लिखने में प्रयुक्त भाषा है—**

(a) फ्रेंच (b) लैटिन

(c) जर्मन (d) डच

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

1758 ई. में कैरोलस लीनियस ने अपनी पुस्तक 'सिस्टेमा नेचुरी' जीव-जातियों के नामकरण के लिए द्विनाम पद्धति (Binomial Nomenclature) नाम दिया। ऐसे नाम में दूसरा पद जाति का तथा पहला उसकी वंश का नाम था। प्राणियों के वैज्ञानिक नाम लिखने में लैटिन भाषा का प्रयोग होता है। उदाहरणार्थ मनुष्यों का होमो सैपियन्स, गौरैया को पैसर डोमेस्टिकस इत्यादि नामों से अभिहित किया जाता है।

**33. निम्नलिखित में से कौन भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव है?**

(a) मगरमच्छ

(b) कछुआ

(c) घड़ियाल

(d) गंगा सूंस (गंगा नदी की डॉल्फिन)

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 12 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

गंगा में पाई जाने वाली सूंस (Gangetic Dolphin) को भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव (National Water Animal) का दर्जा दिया गया है। यह एक स्तनपायी जीव है, जो कि गंगा नदी के जल की शुद्धता को प्रदर्शित करती है क्योंकि ये शुद्ध जल में ही जिंदा रह पाती हैं।

**34. हरित ग्रंथियां किससे संबंधित हैं?**

(a) जनन (b) उत्सर्जन

(c) श्वसन (d) पाचन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(b)**

हरित ग्रंथियां उत्सर्जन से संबंधित हैं। हरित ग्रंथियां एक जोड़ी की संख्या में कुछ जलजीवों में उपस्थित रहती हैं। ये कीड़ों के स्पर्श-सूत्र के आस-पास खुलती हैं।

**35. सांप, कछुआ, छिपकली तथा मगरमच्छ जंतु किस श्रेणी में आते हैं?**

(a) मत्स्य (b) जल-स्थलचर

(c) सरीसृप (d) पक्षी

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(c)**

सांप, कछुआ, छिपकली तथा मगरमच्छ सभी सरीसृप अर्थात रेप्टीलिया वर्ग के अंतर्गत आते हैं। इस वर्ग के जंतुओं की त्वचा सूखी, खुरदरी तथा इस पर प्रायः हॉर्नी शल्कों का बाह्य कंकाल होता है। ये अंडज (Oviparous) होते हैं।

**36. डायनासोर थे–**

(a) स्तनपायी जो लुप्त हो गए

(b) विशाल शाकाहारी जंतु, जिन्होंने हिपोपोटैमस जाति को जन्म दिया

(c) अंडा देने वाले स्तनपायी

(d) सरीसृप जो लुप्त हो गए

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

डायनासोर, सरीसृप वर्ग का प्राणी था जो कि ट्राइएजिक समय में पैदा हुए और क्रिटेशियस युग में विलुप्त हो गए।

**37. डायनासोर कितने वर्षों से विलुप्त हैं?**

(a) लगभग 25 मिलियन वर्ष

(b) लगभग 65 मिलियन वर्ष

(c) लगभग 100 मिलियन वर्ष

(d) लगभग 135 मिलियन वर्ष

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

डायनासोर करोड़ों वर्षों तक पृथ्वी के सबसे प्रमुख स्थलीय कशेरुकी जीव थे। लगभग 6.5 करोड़ (65 मिलियन) वर्ष पूर्व वे विलुप्त (Extinct) हो गए।

**38. असम और नगालैंड के पहाड़ी वनों में पाया जाने वाला भारत का एकमात्र कपि है–**

(a) ओरांगउटान (b) गिब्बन

(c) चिम्पैंजी (d) गुरिल्ला

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(b)**

असम और नगालैंड के पहाड़ी वनों में पाया जाने वाला भारत का एकमात्र कपि गिब्बन (Gibbon) है। यह छोटे आकृति के वृक्षों पर पाया जाने वाला आधुनिक कपि है।

**39. अनियततापी प्राणियों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) उनका रक्त हर समय शीतल रहता है

(b) उनके शरीर का तापमान वायुमंडल के अनुसार बदलता रहता है

(c) उनके शरीर का तापमान सदा स्थिर रहता है

(d) वे रास्ते में आने वाले सभी प्राणियों का वध कर देते हैं

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

अनियततापी प्राणियों में शरीर का तापमान वायुमंडल के अनुसार बदलता रहता है जैसे सरीसृप, मेंढक इत्यादि जबकि नियततापी प्राणियों में शरीर का तापमान वायुमंडल के साथ नहीं बदलता बल्कि समान रहता है जैसे- पक्षी तथा स्तनी (मैमल)।

**40. निम्न में से कौन-से नियततापी प्राणी हैं?**

(a) ह्वेल (b) ह्वेल शार्क

(c) एलाइटीज (d) ड्रेको

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(a)**

ह्वेल, एक नियततापी प्राणी है।

**41. विलोपन की कगार पर सर्वाधिक संकटापन्न एशिया का शीर्ष परभक्षी है–**

(a) साइबेरियाई बाघ

(b) ढोल

(c) काला भालू

(d) एशियाई शेर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(b)**

विलोपन की कगार पर सर्वाधिक संकटापन्न एशिया का शीर्ष परभक्षी ढोल (Dhole) है।

**42. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति भारत में स्थानीय स्तर पर विलुप्त हो गई है?**

(a) जिप्स वल्चर

(b) साइबेरियाई सारस

(c) सफेद पेट वाले बगुले

(d) जंगली उलूकक

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

साइबेरियाई सारस (Siberian Crane) भारत में स्थानीय स्तर पर विलुप्त हो गई हैं।

**43. निम्नलिखित में से किन प्रजातियों का अस्तित्व अत्यंत खतरे में है?**

(a) जंगली उलूक

(b) जिप्स बल्चर

(c) सफेद पेट वाले बगुले

(d) गंगा की डॉल्फिन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

सफेद पेट वाले बगुले का वैज्ञानिक नाम आर्डिआ इनसिगनिस (Ardea insignis) है। इसे हाल ही में IUCN द्वारा अत्यंत खतरे (Critically Endangered) में अस्तित्व वाले प्रजातियों की सूची में शामिल किया गया है।

**44. नाभिकीय विकिरण का अत्यधिक दुष्प्रभाव सबसे पहले मानव शरीर के किस अंग पर होता है?**

(a) आंखें (b) फेफड़े

(c) त्वचा (d) अस्थि मज्जा

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

नाभिकीय विकिरण का अत्यधिक दुष्प्रभाव सबसे पहले आंखों पर पड़ता है।

**45. निम्नलिखित में से कौन-सा सर्प विषरहित है?**

(a) नाग (b) ड्रायोफिस

(c) इलेपस (d) अज़गर

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

अजगर लगभग 6 मीटर लंबा और मोटा, भारी-भरकम तथा विषहीन सांप होता है। यह भेंड़, बकरी, गाय, हिरन को समूचा निगल जाता है। इसमें पश्चपादों के अवशेष पाए जाते हैं।

**46. इन जानवरों में से किसके जबड़े नहीं होते?**

(a) ट्राइगोन (b) शार्क

(c) मिक्साइन (d) स्फिर्ना

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

मिक्साइन (Myxine) जबड़ा रहित (Jawless) जन्तु है। यह साइक्लोस्टोमेटा वर्ग का सदस्य है।

**47. इनमें प्रतिस्कंदक नहीं होते—**

(a) जोंक (b) बर्र

(c) मच्छर (d) खटमल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(*)**

जोंक, मच्छर, बर्र व खटमल इन सभी में प्रतिस्कंदक पाए जाते हैं।

**48. निम्नलिखित में से किस उभयचर के जिह्वा नहीं होती?**

(a) स्फीनोडॉन (b) सैलामैन्डर

(c) इक्थियोफिस (d) नेक्ट्यूरस

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(*)**

सभी कॉर्डेटा संघ के उपसंघ वर्टीब्रेटा के अंतर्गत आते हैं। इन सभी में जिह्वा पाई जाती है।

**49. निम्न में से कौन-से जानवर का संबंध मोलस्का से है?**

(a) हैलियोटिस (b) खरगोश

(c) हाइला (d) हाइड्रा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

हैलियोटिस (Haliotis) हैलियोटिडी कुल का एक मात्र जीनस (Genus) है। इससे संबंधित जन्तु मोलस्का संघ के अंतर्गत आते हैं।

**50. प्राणी में जैसे ऐनेलिड, मोलस्क, के अंग मिलाकर तंत्र के रूप में शारीरिक कार्य करते हैं। प्रत्येक तंत्र एक विशिष्ट कार्य करता है। इस तरह की संरचना.........के स्तर का संगठन कहा जाता है।**

(a) अंगतंत्र (b) खुले

(c) बंद (d) प्रगुहा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 20 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a)**

कोशिकाओं से मिलकर ऊतक, ऊतकों से मिलकर अंग तथा विभिन्न अंगों से मिलकर अंग-तंत्र का निर्माण होता है। ऐनेलिडा, मोलस्का आदि अकशेरुकी तथा सभी कशेरुकी जीवों में अंग-तंत्र के स्तर का शारीरिक संगठन पाया जाता है, जिसमें प्रत्येक तंत्र एक विशिष्ट कार्य करता है।

**51. पक्षियों के वैज्ञानिक अध्ययन को कहते हैं—**

(a) लिम्नॉलोजी (b) हर्पिटॉलोजी

(c) मैलाकॉलोजी (d) ऑर्निथॉलोजी

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

ऑर्निथॉलोजी - पक्षियों का वैज्ञानिक अध्ययन
लिम्नॉलोजी - तालाबों, पोखरों, झीलों आदि के जीवों का अध्ययन
हर्पिटॉलोजी - उभयचरों एवं सरीसृपों का अध्ययन
मैलाकॉलोजी - मोलस्का का अध्ययन

**52. पक्षियों को उड़ने से रोकने की प्रक्रिया कहलाती है—**

(a) ब्रेलिंग (b) डीबीकिंग

(c) डबिंग (d) पेक्किंग

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

पक्षियों को उड़ने से रोकने की प्रक्रिया 'ब्रेलिंग' (Brailing) कहलाती है।

**53. पक्षी और चमगादड़ अच्छा उड़ते हैं। चमगादड़ पक्षी से भिन्न है—**

(a) चार खाने वाला हृदय होने के कारण

(b) मध्यपट (डायाफ्राम) के कारण

(c) पंखों के कारण

(d) लघु मस्तिष्क के कारण

**S.S.C.F.C.I परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

पक्षी और चमगादड़ दोनों अच्छी तरह से उड़ने में सक्षम होते हैं। चमगादड़ में मध्यपट (डायाफ्राम) उपस्थित होता है, जबकि पक्षियों में डायाफ्राम के स्थान पर वायुकोष पाए जाते हैं।

**54. निम्नलिखित में से कौन शीत रक्त वाला जानवर है?**

(a) बंदर (b) चूहा

(c) सांप (d) भेड़िया

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

मत्स्य, उभयचर, सर्प व सरीसृप शीत रक्त वाले जंतु हैं। इनके शरीर का तापमान वातावरण के ताप के अनुसार नहीं बदलता। पक्षी एवं स्तनधारी वर्ग के अंतर्गत आने वाले जंतु गर्म रक्त वाले होते हैं। इनके शरीर का तापमान वातावरण के ताप के अनुसार बदलता रहता है।

**55. शीत ऋतु में पशुओं के प्रसुप्ति-काल को क्या कहते हैं?**

(a) ऐस्टीवेशन (b) रीजेनेरेशन

(c) हाइबरनेशन (d) म्यूटेशन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

शीत ऋतु में पशुओं के प्रसुप्ति-काल को हाइबरनेशन (शीतकाल सोकर बिताना) कहते हैं। जबकि ग्रीष्म ऋतु में प्रसुप्ति काल को ऐस्टीवेशन कहते हैं।

**56. सामान्यतः जीव अपना स्थान बदल सकते हैं, किंतु निम्न में से कौन-सा जीव स्थान नहीं बदल सकता?**

(a) हाइड्रा (b) लीच

(c) तारामीन (स्टारफ़िश) (d) स्पंज

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

स्पंज, पोरिफेरा (Porifera) समुदाय का सदस्य है। यह बिना मुख, पेशियों, हृदय और मस्तिष्क का एक साधारण जीव है। यह अन्य जीवों की तरह एक स्थान से दूसरे स्थान तक गति (Locomotion) नहीं कर सकता है।

**57. भारत के राष्ट्रीय प्राणी का वैज्ञानिक नाम क्या है?**

(a) पैन्थेरा लिओ (b) पैन्थेरा टाइग्रिस

(c) एलिफैस इण्डिकस (d) बोस डोमोस्टिकस

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

पैन्थेरा टाइग्रिस (टाइगर) को साधारण भाषा में बाघ कहते हैं। यह एक मांसाहारी स्तनधारी वर्ग का प्राणी है, जो प्रायः जंगलों में निवास करता है। यह वर्ष 1972 से भारत के राष्ट्रीय प्राणी के रूप में जाना जाता है।

**58. निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रकार की मछली है?**

(a) प्रवाल (मूंगा) (b) रजतमीनाभ

(c) अश्वमीन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

'अश्वमीन' या हिप्पोकैम्पस एक मछली है जो उथले उष्णकटिबंधीय और शीतोष्ण जल में पाई जाती है। यह विश्व की सबसे धीमे चलने वाली मछली है।

**59. मछलियों के शरीर का कौन-सा भाग उन्हें जल के अंदर दिशा परिवर्तन एवं संतुलन बनाए रखने में सहायता करते हैं?**

(a) पंख तथा पूंछ (b) पंख तथा शल्क

(c) पूंछ तथा शल्क (d) गिल तथा पंख

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 19 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

मछलियों में पंख (Fins) तथा पूंछ (Tail) जल के अंदर दिशा परिवर्तन एवं संतुलन बनाए रखने में सहायता करते हैं।

**60. निम्नलिखित में से कौन-सी मछली है?**

(a) सिल्वर-फिश (b) स्टार-फिश

(c) डॉग-फिश (d) कटल-फिश

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

| | | |
|---|---|---|
| सिल्वर-फिश | - | कीट |
| स्टार-फिश | - | इकाइनोडर्म |
| डॉग-फिश (स्कोलियोडॉन) | - | मछली |
| कटल-फिश | - | मोलस्क |

**61. अमीबा अपना भोजन कहां पचाता है?**

(a) पादाभ (b) केंद्रक

(c) खाद्य धानी (d) कोशिका झिल्ली

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

अमीबा अपना भोजन खाद्य धानी (Food Vacuole) में पचाता है। ये स्थाई रचनाएं नहीं होती। प्रत्येक खाद्य-धानी भोजन- अंतर्ग्रहण (Food Ingestion) के फलस्वरूप बनती है और इसमें उपस्थित भोजन का पाचन हो जाने के बाद बहि:क्षेपण (Egestion) क्रिया द्वारा बाहर की ओर फटकर समाप्त हो जाती है।

**62. कॉकरोच जल में जीवित नहीं रह सकता क्योंकि उसका श्वसन अंग है—**

(a) क्लोम (गिल) (b) वातक (ट्रैकिया)

(c) पुस्त फुप्फुस (d) फुप्फुस कोश

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

तिलचट्टे (Cockroach) का श्वसन तंत्र अनेक 'श्वास नलिकाओं' (ट्रैकिया) से बनता है। ये नलिकाएं बाहर की ओर श्वासरंध्रों द्वारा खुलती हैं। तिलचट्टे में 10 जोड़े श्वासरंध्र होते हैं।

**63. साइकन (साइफा), स्पांजिला (स्वच्छ जलीय स्पंज) और यूस्पांजिया (बाथ स्पंज) किस संघ के उदाहरण हैं?**

(a) सिलेंट्रेटा (b) प्लेटिहैल्मिन्थिज

(c) टीनोफोर (d) पोरिफेरा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातकस्तरीय (T-I) 19 अगस्त, 2017 (III -पाली)**

**उत्तर–(d)**

पोरिफेरा शब्द का अर्थ 'छिद्र धारण करने वाले' होता है। इसके अंतर्गत आने वाले जंतुओं का शारीरिक संगठन कोशिकीय स्तर का होता है। उदाहरण-साइकन, स्पांजिला, यूस्पांजिया आदि।

**64. इनमें से कौन-सा मोलस्का संघ का एकमात्र उदाहरण है?**

(a) टिड्डी (b) तितली

(c) बिच्छू (d) ऑक्टोपस

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 19 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(d)**

संघ मोलस्का के अंतर्गत आने वाले जंतुओं का शरीर कोमल तथा खंडहीन होता है, जो प्राय: कठोर कैल्शियमी कवच (Shell) से घिरा होता है। कवच के नीचे देहभित्ति के बाहर मेंटल (Mantle) नामक आवरण पाया जाता है। उदाहरण-पाइला, सीपी, यूनियो, नॉटिलस, ऑक्टोपस आदि। प्रश्नगत अन्य विकल्प संघ आर्थ्रोपोडा के अंतर्गत आते हैं।

**65. नेरिस फेरेटिमा (केंचुआ) तथा हीरुडिनेरिया (रक्तचूषक जोंक) किस संघ के उदाहरण हैं?**

(a) सिलेंट्रेटा (b) ऐस्केलमिन्थीज

(c) ऐनेलिडा (d) आर्थ्रोपोडा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 17 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(c)**

नेरिस, फेरेटिमा (केंचुआ) तथा हीरुडिनेरिया (जोंक) तीनों ऐनेलिडा (Annelida) संघ के उदाहरण हैं। ये खंडयुक्त कृमि (Segmented Worms) हैं। इनका शरीर कोमल, लचीला, द्विपार्श्वीय एवं त्रिस्तरीय (Triploblastic) होता है।

**66. कशेरुकियों में सीसा विषाक्तता की निम्न विशेषता नहीं है—**

(a) अरक्तता (b) मेथहीमोग्लोबिनीमिया

(c) तांत्रिकीय दोष (d) वृक्क की दुष्क्रिया

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

कशेरुकियों में सीसा विषाक्तता से अरक्तता (Anaemia) नहीं होती है। सामान्यतः लाल रक्त कणिकाएं हीमोग्लोबिन नामक प्रोटीन का प्रयोग कर सारे शरीर में ऑक्सीजन वहन करने का कार्य करती हैं। इसी हीमोग्लोबिन की कमी से अरक्तता होती है।

**67. ऐसे अकशेरुकी को क्या कहते हैं जो उभयलिंगी नहीं होता?**

(a) फीता कृमि

(b) हाइड्रा

(c) केंचुआ

(d) कॉकरोच

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

आर्थ्रोपोडा संघ के अकशेरुकी उभयलिंगी नहीं होते हैं। ये प्रायः एक-लिंगी होते हैं तथा इनमें निषेचन शरीर के अंदर होता है। कॉकरोच, खटमल आदि बहुत से कीट इसके अंतर्गत आते हैं।

**68. एस्टेरियस (तारा मीन), एकाइनस (समुद्री-अर्चिन), एंटीडोन (समुद्री लिली) सभी किस संघ के उदाहरण हैं?**

(a) इकाइनोडरमेटा

(b) ऐनेलिडा

(c) प्लेटिहैल्मिन्थिज

(d) आर्थ्रोपोडा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

संघ इकाइनोडर्मेटा के जंतु समुद्र में पाए जाते हैं। इनका शरीर त्रिस्तरीय तथा पंचतयी अरीय सममित (Pentamerous Radial Symmetry) होता है। इनके शरीर में विशिष्ट जल संवहनी तंत्र (Water Vascular System) फैला होता है। उदाहरण-एस्टेरियस (तारा मीन), एकाइनस (समुद्री आर्चिन), एंटीडोन (समुद्री लिली) आदि।

**69. निम्नलिखित में से किसमें वाहिकीय परिसंचरण प्रणाली होती है?**

I. तिलचट्टा

II. मनुष्य

III. झींगा

**विकल्प :**

(a) I तथा II (b) I तथा III

(c) II तथा III (d) केवल III

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

तिलचट्टा, झींगा, मकड़ी, मच्छर आदि आर्थ्रोपोडा संघ के जीव हैं। इनमें वाहिकीय या खुला परिसंचरण तंत्र (Open Circulatory System) पाया जाता है। जिसमें हृदय व रुधिर वाहिनियां तो होती है किंतु केशिकाएं (Capillaries) नहीं पाई जाती। इनमें रुधिर कोटर (Blood Lacunae) पाए जाते हैं।

## ❑ पारिस्थितिक तंत्र

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ भूमंडलीय तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) की घटना में सबसे अधिक योगदान किस गैस का है? **— कार्बन डाइऑक्साइड**

☞ किसी पारिस्थितिकी शृंखला में प्राथमिक उपभोक्ता है______। **— शाकाहारी**

☞ पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा प्रवाह के बारे में कौन-सी शृंखला सही है? **— उत्पादक ≥ उपभोक्ता ≥ अपघटक**

☞ कौन-सा एक सही खाद्य शृंखला को दर्शाता है? **— घास - कीट - मेंढक - सर्प - गरुड़**

☞ बड़े मांसाहारी को — भी कहा जाता है। **— तृतीयक उपभोक्ता**

☞ मृतजैव अवशेषों तथा अविशिष्ट पदार्थों का अपमार्जन करने वाले सूक्ष्मजीवों को क्या कहते हैं? **— अपमार्जक**

☞ पौधे, जंतु, मिट्टी में से जैव घटक कौन हैं? **— पौधे तथा जंतु दोनों**

☞ बड़े मांसाहारी या तृतीयक उपभोक्ता भोजन शृंखला के किस स्तर पर उपस्थित है? **— चौथा**

☞ विभिन्न जैविक स्तरों पर भाग लेने वाले जीवों की एक-दूसरे का आहार करने वाली शृंखला ________ का निर्माण करती है। **— आहार शृंखला**

☞ शाकाहारी, मांसाहारी, सर्वाहारी तथा स्वपोषी में से कौन उपभोक्ता के अंतर्गत नहीं आता? **— स्वपोषी**

☞ पौधे, जंतु तथा जल में से अजैव घटक कौन नहीं है? **— पौधे तथा जंतु दोनों**

☞ मछलियां प्लवक, शैवाल तथा क्रस्टेशियन में से कौन जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का ऊपरी हिस्सा बनाते हैं? **— प्लवक**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. जीवों के उनके पर्यावरण के संबंध में अध्ययन को क्या कहते हैं?**

(a) प्राणि विज्ञान (b) कीट विज्ञान

(c) बहुपद विज्ञान (d) पारिस्थितिकी विज्ञान

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

पारिस्थितिकी विज्ञान के अंतर्गत हम जीव समुदायों यथा-जंतु व वनस्पति का उसके वातावरण के साथ पारस्परिक संबंधों का अध्ययन करते हैं।

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द न केवल जीव द्वारा अधिकृत भौतिक स्थान को, बल्कि जीव-समुदाय में उसकी प्रकार्यात्मक भूमिका को भी वर्णित करता है?**

(a) इकोनिच (b) इकोसिस्टम

(c) इकोजोन (d) आवास-क्षेत्र

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

'इकोसिस्टम' (पारिस्थितिक तंत्र) एक प्राकृतिक इकाई है जिसमें एक क्षेत्र के सभी जैविक कारक शामिल हैं, जो पर्यावरण के सभी अजैव कारकों के साथ काम करते हैं।

**3. प्राणि विज्ञान की उस शाखा का नाम जिसमें पशु व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है-**

(a) पारिस्थितिकी (b) शरीर विज्ञान

(c) जीव पारिस्थितिकी (d) शरीर रचना विज्ञान

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(*)**

प्राणि विज्ञान की जिस शाखा में हम पशु व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन करते हैं, वह ईथोलॉजी (Ethology) कहलाता है। यह पारिस्थितिकी मनोविज्ञान एवं शरीर रचना विज्ञान से संबंधित है।

**4. खाद्य-शृंखला में सबसे निचला स्तर है-**

(a) उपभोक्ता

(b) दूसरा उपभोक्ता

(c) उत्पादक

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

खाद्य-शृंखला (Food-Chain) निम्नलिखित क्रम में होती है (नीचे से ऊपर स्तर) -

उत्पादक → शाकभक्षी → मांसभक्षी

(प्रथम उपभोक्ता) (द्वितीय उपभोक्ता)

**उदाहरणार्थ** (a) घास (निचला स्तर) → हिरन → शेर

(b) घास (निचला स्तर) → टिड्डा → मेढ़क → सर्प → बाज।

**5. निम्न में से कौन-सा जोड़ा सही है?**

(a) प्राथमिक उपभोक्ता-तेंदुआ

(b) द्वितीयक उपभोक्ता-घास

(c) अपघटक-बैक्टीरिया

(d) उत्पादक-हिरण

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

अपघटक वे परपोषी जीव हैं जो मृत कार्बनिक पदार्थों या 'अपरदों' (Detritus) पर जीवित रहते हैं। इन्हें 'मृतोपजीवी' भी कहते हैं। जैसे- कवक, जीवाणु।

**6. एक उत्पादक, एक शाकाहारी और एक मांसाहारी को दर्शाने वाली एक उपयुक्त आहार शृंखला निम्न में से कौन-सी है?**

(a) घास-कीट-हाथी (b) पादप-खरगोश-बाघ

(c) मछली-कीट-ह्वेल (d) बाघ-खरगोश-उल्लू

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

पादप (उत्पादक)→ खरगोश (शाकाहारी) → बाघ (मांसाहारी)। एक आहार शृंखला में सर्वप्रथम उत्पादक जो कि सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में अपना भोजन बनाते हैं फिर शाकाहारी जंतु खाते हैं। तत्पश्चात शाकाहारी जंतुओं को मांसाहारी जंतु अपना आहार बनाते हैं। इस आहार शृंखला में ऊर्जा का केवल 10% ही एक स्तर से दूसरे स्तर तक स्थानांतरित होता है।

**7. निम्न में से कौन-सी एक संकटापन्न जाति है?**

(a) ब्लैक बक (कृष्ण सार)

(b) भराल

(c) गंग डॉल्फिन

(d) मिथुन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त जानवरों में से 'गंग डॉल्फिन' (Ganges River Dolphin) एक संकटापन्न जाति है।

8. **निम्नलिखित में से कौन-सा प्रक्रम वायु में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को नहीं बढ़ाता?**

(a) श्वसन (b) प्रकाश-संश्लेषण

(c) पेट्रोल का जलना (d) वनस्पति का वायवीय क्षय

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया में पौधे वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड तथा मृदा से जल लेकर अपने भोजन का निर्माण क्लोरोफिल (वर्णक) एवं सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में करते हैं।

9. **रेड डाटा बुक में, निम्नलिखित में से कौन-सा डाटा पाया जाता है?**

(a) सभी वनस्पति प्रजातियां (b) सभी जंतु प्रजातियां

(c) सभी विलुप्तप्राय प्रजातियां (d) सभी दुर्लभ प्रजातियां

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(c)**

रेड डाटा बुक IUCN द्वारा जारी की जाती है। इसमें सभी विलुप्तप्राय प्रजातियों की सूची रहती है।

10. **संकटग्रस्त प्रजातियों को किस रंग की डेटा बुक में दर्शाया जाता है?**

(a) नीली (b) काली

(c) लाल (d) हरी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

संकटग्रस्त प्रजातियों को आईयूसीएन की 'रेड डाटा बुक' में दर्शाया जाता है।

11. **'प्रोजेक्ट टाइगर' को किस वर्ष में आरंभ किया गया था?**

(a) 1973 (b) 1992

(c) 1993 (d) 1962

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

बाघ परियोजना (Project Tiger) वर्ष 1973 में प्रारंभ की गई थी। वर्ष 1972 (प्रथम बाघ गणना) में बाघों की संख्या बीसवीं सदी के प्रारंभ के 40 हजार से घटकर 1827 रह गई थी। इस दौरान वन्य जीवों को संरक्षित करने के उद्देश्य से वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 प्रभाव में लाया गया, जिसके तहत बाघ संरक्षण हेतु परियोजना निरूपित करने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया।

12. **ग्रीनहाउस गैसों यथा नाइट्रस ऑक्साइड तथा मेथेन पैदा करने की सबसे अधिक संभावना निम्नलिखित में से किस जीव से की जा सकती है?**

(a) कवक (b) केंचुआ

(c) जीवाणु (d) हरे पौधे

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

ग्रीनहाउस गैसों यथा नाइट्रस ऑक्साइड तथा मेथेन पैदा करने की सबसे अधिक संभावना जीवाणुओं से होती है। जीवाणु, नाइट्रोजन चक्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

13. **निम्नलिखित में से कौन-सी गैस वायुमंडल में मुख्य ग्रीन हाउस गैस नहीं है?**

(a) मीथेन (b) ओजोन

(c) नाइट्रस ऑक्साइड (d) हाइड्रोजन

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(d)**

दिए गए विकल्पों में से हाइड्रोजन गैस ग्रीन हाउस गैस नहीं है, जबकि मीथेन, ओजोन तथा नाइट्रस ऑक्साइड वायुमंडल में मुख्य ग्रीन हाउस गैसें हैं।

14. **हरितगृह गैसों का पृथ्वी के वायुमंडल के औसत ताप पर क्या प्रभाव होता है?**

(a) बढ़ता है

(b) घटता है

(c) समान रहता है

(d) पहले बढ़ता है तथा फिर घटता है

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

ग्रीनहाउस गैसें ग्रह के वातावरण या जलवायु परिवर्तन और अंततः भूमंडलीय ऊष्मीकरण के लिए उत्तरदायी होती हैं। इनमें सर्वाधिक उत्सर्जन कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, मीथेन, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन, वाष्प, ओजोन आदि करती हैं।

15. **निम्न तीन 'R' में से किसको पर्यावरण के अनुकूल माना जाता है?**

(a) Reduce (कम करें), Rebuild (फिर बनाएं), Restrict (सीमित करें)

(b) Random (यादृच्छिक), Reduce (कम करें), Recall (वापस बुलाएं)

(c) Read (पढ़ें), Register (रजिस्टर), Recall (वापस बुलाएं)
(d) Reduce (कम करें), Reuse (पुनः प्रयोग करें), Recycle (पुनः चक्रित करें)

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

पर्यावरण संरक्षण हेतु 'थ्री आर' (Three R) व्यवस्था यथा Reduce (पर्यावरण के लिए हानिकारक चीजों का इस्तेमाल कम करें), Reuse (चीजों को एक बार की बजाए कई बार इस्तेमाल करें) और Recycle (पुनः चक्रित करें) को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**16. पर्यावरणीय जागरूकता के अंग्रेजी अक्षर P से आरंभ होने वाले प्रसिद्ध तीन शब्द कौन-से हैं?**
(a) पीपल, पॉवर्टी, पॉलिटिक्स
(b) पावर, प्रोडक्शन, पॉल्यूशन
(c) पॉप्युलेशन, पॉलिटिक्स, प्राइस
(d) पॉप्युलेशन, पॉवर्टी, पॉल्यूशन

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

पर्यावरणीय जागरूकता के संदर्भ में अंग्रेजी अक्षर P से आरंभ होने वाले तीन प्रसिद्ध शब्द 'पॉप्युलेशन', 'पॉवर्टी' तथा 'पॉल्यूशन' हैं।

**17. ऊंट में जीनोमिक (डी.एन.ए.) अध्ययन हाल में कहां के वैज्ञानिकों ने पूरे कर लिए हैं?**
(a) दक्षिण अफ्रीका (b) भारत
(c) चीन (d) पाकिस्तान

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

चीन के वैज्ञानिकों ने नवंबर, 2012 में ऊंट में जीनोमिक (डी.एन.ए.) अध्ययन किया तथा इस प्रजाति (Species) को खतरे में (Endangered) बताया है।

**18. जैव-आवर्धन का अर्थ किसमें निहित है?**
(a) विषाक्त पदार्थ आवर्धित होते हैं
(b) सजीव प्राणी आवर्धित होते हैं
(c) प्रकाश आवर्धित होते हैं
(d) भोजन आवर्धित होता है

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

जैव-आवर्धन पारिस्थितिक तंत्र में बनाई गई एक मानव निर्मित प्रक्रिया है, जिसके द्वारा खाद्य शृंखला में करणीय प्रदूषकों का ढेर एक अनिष्टकर सांद्रित स्तर तक पहुंच जाता है।

**19. निम्न में से कौन-सी शाखा जीवित जीवों की उन्हीं जातियों की अपने निर्जीव परिवेश के साथ अंतःक्रिया से संबंधित है?**
(a) स्वपारिस्थितिकी (ऑटेकोलॉजी)
(b) संपारिस्थितिकी
(c) पारिस्थितिकी
(d) जीवाश्मिकी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

स्वपारिस्थितिकी (ऑटेकोलॉजी), जीवित जीवों की उन्हीं जातियों की अपने निर्जीव परिवेश के साथ अंतःक्रिया से संबंधित है।

**20. वह वर्णक, जो वनस्पति को पराबैंगनी किरणों के दुष्प्रभाव से बचाता है, कौन-सा है?**
(a) क्लोरोफिल (b) कैरोटिनॉइड
(c) फाइकोसायनिन (d) प्लास्टिड

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

मुख्यतः कैरोटिनॉइड नामक वर्णक वनस्पतियों को पराबैंगनी किरणों के दुष्प्रभाव से बचाता है।

**21. जापान में पाया गया यूशो रोग किसके कारण प्रदूषण से संबंधित है?**
(a) पी.सी.बी. (b) कैडमियम
(c) अम्ल वर्षा (d) पी.ए.एन.

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

यूशो रोग सर्वप्रथम जापान में वर्ष 1968 में देखा गया जो पी.सी.बी. (P.C.B.- Poly Chlorinated Biphenyl) के कारण होता है। यह राइस ब्रान तेल (Rice Bran Oil) के उपभोग से जापान के उत्तरी क्यूशू द्वीप में फैला। इसी राइस ब्रान तेल के P.C.B. से दूषित होने के कारण यह रोग सामने आया।

**22. सबसे अधिक स्थायी पारिस्थितिक-तंत्र कौन-सा है?**
(a) मरुस्थल (b) महासागर
(c) पर्वत (d) वन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

महासागरीय पारिस्थितिक-तंत्र सबसे अधिक स्थायी है।

**23. किस कारण से जल का भारी धातु प्रदूषण होता है?**

(a) पेंट (b) लकड़ी जलाने

(c) अम्ल संयंत्र (d) घरेलू मल-जल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

प्रश्नगत विकल्पों में जल के भारी धातु प्रदूषण में सबसे अधिक योगदान घरेलू मल-जल का है।

**24. जलीय जीवों के जीवित रहने के लिए अपेक्षित अनुकूलतम घुली हुई ऑक्सीजन का स्तर (mg/litre) में है—**

(a) 4 - 6 (b) 2 - 4

(c) 8 - 10 (d) 12 - 16

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

उचित मात्रा में घुलित ऑक्सीजन अच्छे जलीय जीवन के लिए आवश्यक है, जबकि जीवों के जीवित रहने के लिए घुली हुई ऑक्सीजन का अपेक्षित स्तर 4 - 6 मिलीग्राम/लीटर होना चाहिए।

**25. एक कृत्रिम पारिस्थितिक-तंत्र निरूपित किया जाता है—**

(a) मत्स्यपालन टंकी द्वारा

(b) कृषि भूमि द्वारा

(c) चिड़ियाघर द्वारा

(d) जलजीवशाला द्वारा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

एक कृत्रिम पारिस्थितिक-तंत्र जलजीवशाला (Aquarium) द्वारा निरूपित किया जाता है।

**26. किस कारण से 'स्टोन कैंसर' होता है?**

(a) अम्ल वर्षा (b) विश्वव्यापी तापन

(c) रेडियोधर्मिता (d) जीवाण्विक क्रिया

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

अम्ल वर्षा के फलस्वरूप नाइट्रोजन के विभिन्न ऑक्साइड अम्ल वर्षा बनाते हैं, जो पत्थरों पर वर्षा के साथ आते हैं और पत्थर की सतह को नुकसान पहुंचाते हैं।

**27. मच्छरों के जैविक नियंत्रण के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?**

(a) डी.डी.टी. (b) गमबुसिया

(c) तेल (d) विलेप

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

गमबुसिया स्वच्छ जल में पाई जाने वाली मछली है। जो जल में उपस्थित मच्छरों के लार्वा को खाकर नियंत्रण करती है। इसलिए इसे मॉसकिटो फिश (Mosquito fish) भी कहते हैं।

**28. जीवित कोशिका में रेडियोधर्मी तत्वों का पता किस तकनीक से लगाया जा सकता है?**

(a) अपकेंद्रण

(b) वर्णलेखिकी/क्रोमैटोग्राफी

(c) स्वविकिरणी-चित्रण/ऑटो रेडियोग्राफी

(d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

जीवित कोशिका में रेडियोधर्मी तत्वों का पता स्वविकिरणी-चित्रण/ऑटो रेडियोग्राफी से लगाया जाता है एवं मिश्रण से उसके अवयवों को ज्ञात करने के लिए क्रोमैटोग्राफी का प्रयोग किया जाता है।

## ❑ आनुवांशिकी

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ XY, XX, YY में से कौन सा स्त्रियों में लिंग गुणसूत्रों के जोड़े को दर्शाता है? **— XX**

☞ डी.एन.ए. का असंक्षिप्त रूप क्या है? **— डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड**

☞ आनुवांशिकता का जनक किसे माना जाता है? **— ग्रेगर जॉन मेंडल को**

☞ ब्रिटिश वैज्ञानिकों द्वारा विश्व के पहले क्लोन को कौन-सा नाम दिया गया था? **— डॉली**

☞ मानव शरीर में कितने गुणसूत्र होते हैं? **— 46**

☞ हरगोविंद खुराना को किस खोज के लिए सम्मानित किया गया? **— जीन संश्लेषण के लिए**

☞ डीएनए डबल हेलिक्स का वर्णन किसने किया? **— जेम्स वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक दोनों ने**

☞ आर.एन.ए. एक बहुलक अणु है। इसका पूर्ण रूप क्या है? **— राइबो न्यूक्लिक एसिड**

☞ यूकेरियोटिक कोशिकाओं में आर.एन.ए. का संश्लेषण_____में होता है। **— न्यूक्लियस**

☞ आनुवंशिकता की बुनियादी इकाई क्या है? — **जीन**

☞ आनुवंशिक रूप से समान व्यक्तियों के बीच प्रत्यारोपण को क्या कहते हैं? — **आइसोग्राफ्ट**

☞ विलगित प्रोटीन की पहचान हेतु शोषक तकनीक क्या है? — **पश्चिमी शोषक**

☞ गुणसूत्रों की आकृति विज्ञान का अच्छी तरह से अध्ययन किससे किया जा सकता है? — **मध्यावस्था में**

☞ विरोधी गुणों का युग्म, जो समान विशेषताओं को नियंत्रित करे, क्या कहलाता है? — **युग्मविकल्पी (एलील)**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. निम्नलिखित में से किसे 'आनुवंशिकी का जनक' कहा जाता है?**

(a) डार्विन (b) मेंडल

(c) लैमार्क (d) डे व्रीज

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

ग्रेगर जॉन मेंडल ने आनुवंशिकता या वंशागति के मूल नियम बनाकर आधुनिक आनुवंशिकी की नींव रखी। इसीलिए इन्हें 'आनुवंशिकी का पिता' (Father of Genetics) कहते हैं।

**2. निम्नलिखित में से जीव विज्ञान की कौन-सी शाखा आनुवंशिकता तथा विविधताओं के अध्ययन से संबंधित है?**

(a) सूक्ष्मजीव-विज्ञान

(b) प्रतिरक्षा विज्ञान

(c) आनुवंशिकी

(d) कीट विज्ञान

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

आनुवंशिकी (Genetics) जीव विज्ञान की वह शाखा है, जो आनुवंशिकता तथा विविधताओं के अध्ययन से संबंधित है।

**3. 'आनुवांशिकता' (जेनेटिक्स) शब्द किसने गढ़ा था?**

(a) मॉर्गन (b) मेंडल

(c) बेटसन (d) जोहॉनसेन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

आनुवांशिक लक्षणों के पीढ़ी-दर-पीढ़ी संचरण की विधियों और कारणों के अध्ययन को 'आनुवांशिकी' (Genetics) कहते हैं। आनुवंशिकता के बारे में सर्वप्रथम जानकारी 1866 ई. में ग्रेगर जॉन मेंडल ने दी। इसी कारण उन्हें 'आनुवांशिकता का पिता' (Father of Genetics) कहा जाता है। डब्ल्यू. बेटसन (William Bateson) ने वर्ष 1905 में सर्वप्रथम जेनेटिक्स (Genetics) अथवा आनुवांशिकी शब्द का उपयोग किया था।

**4. आनुवांशिकता के नियम प्रस्तुत किए थे—**

(a) मेंडल ने (b) मेन्डेलीव ने

(c) पावलोव ने (d) कोच ने

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. युग्मन और प्रतिकर्षण किसकी दो अवस्थाएं हैं?**

(a) व्यत्यासिका (काइऐज्मा) (b) उत्परिवर्तन

(c) विनिमय (d) सहलग्नता

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

युग्मन और प्रतिकर्षण सहलग्नता की दो अवस्थाएं हैं। सहलग्नता मेंडल के नियम का अपवाद है। जब दो भिन्न लक्षण एक ही गुणसूत्र पर बंधे होते हैं तो उनकी वंशागति स्वतंत्र न होकर एक ही साथ होती है। इस घटना को मॉर्गन ने 'सहलग्नता' कहा।

**6. जब एक जीन युग्म अन्य इकाई के प्रभाव को छिपाता है तो वह घटना यह कहलाती है-**

(a) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं (b) एपीस्टेसिस

(c) उत्परिवर्तन (d) प्रभाविता

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

जब एक जीन युग्म अन्य इकाई के प्रभाव को छिपाता है, तो यह घटना एपीस्टेसिस (Epistasis) कहलाती है।

**7. 'सहलग्नता' की खोज किसने की थी?**

(a) ब्लैकस्ली (b) मॉर्गन

(c) म्यूलर (d) बेटसन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

सहलग्नता की खोज सर्वप्रथम ब्रिटिश वैज्ञानिक विलियम बेटसन तथा रेगिनाल्ड क्रुन्डल पुन्नेट ने की थी।

8. **यूफेनिक्स है—**

(a) आनुवांशिक इंजीनियरी द्वारा सदोष आनुवांशिकता का उपचार

(b) जीनों का हेरफेर

(c) प्रजाति का सुधार

(d) जीवों को प्रभावित करने वाली स्थितियों का अध्ययन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

यूफेनिक्स आनुवांशिक इंजीनियरी द्वारा सदोष आनुवांशिकता का उपचार है।

9. **सामान्यतः निषेचन होता है—**

(a) डिम्बवाहिनी नली में (b) गर्भाशय में

(c) ग्रीवा में (d) आच्छद (योनि) में

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

नर जनन कोशिका के शुक्राणु का मादा जनन कोशिका के अंडाणु से मिलन निषेचन कहलाता है। निषेचन क्रिया डिम्बवाहिनी नली में संपन्न होती है।

10. **'जीन' शब्द किसने बनाया था?**

(a) टी.एच. मॉर्गन (b) डब्ल्यू. एल. जोहॉनसेन

(c) जी. मेंडल (d) डी ब्रीज़

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

'जीन' जीवित प्राणियों की आनुवांशिक इकाई होती है। 'जीन' शब्द की खोज डेनमार्क के वनस्पति शास्त्री विल्हेम जोहॉनसेन (Wilhelm Johannsen) ने की थी।

11. **'जीन' शब्द को गढ़ने से संबद्ध व्यक्ति का नाम बताइए?**

(a) मेंडल (b) वालडेयर

(c) मॉर्गन (d) जोहॉनसेन

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

12. **गर्भाशय (वूम्ब) के लिए वैकल्पिक शब्द क्या है?**

(a) यूटेरस (b) यूरेटर

(c) वेजाइना (d) वल्वा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

गर्भाशय (यूटेरस) मजबूत मांसपेशियों से बना एक थैली जैसा अंग होता है, जो महिला के पेट में काफी नीचे की ओर स्थित होता है।

13. **'एम्निओसेंटेसिस' (भ्रूण-परीक्षण) पर कानूनी प्रतिबंध लगाया गया है, क्योंकि-**

(a) इसका प्रयोग भ्रूण के लिंग के चुनाव के लिए किया जाता है

(b) यह भ्रूण को हानि पहुंचाता है

(c) यह माता के स्वास्थ्य को दुष्प्रभावित करता है

(d) यह AIDS जैसी बीमारी फैलाता है

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

एम्निओसेंटेसिस (भ्रूण-परीक्षण) पर कानूनी प्रतिबंध लगाया गया है क्योंकि इसका प्रयोग गर्भ में भ्रूण के लिंग परीक्षण के लिए किया जाता है।

14. **भ्रूण के पोषण में कौन-सी संरचना सहायक होती है?**

(a) पीतक झिल्ली (b) उल्व झिल्ली

(c) गुप्त कोष (d) प्लेसेंटा

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

भ्रूण के पोषण में प्लेसेंटा संरचना सहायक होती है।

15. **जीवाणु कोशिका में सूत्रकणिका की संख्या है-**

(a) एक (b) दो

(c) अनेक (d) शून्य

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

जीवाणु कोशिका में सूत्रकणिकाओं की संख्या शून्य होती है। क्योंकि बैक्टीरिया प्रोकैरियोटिक जीव है।

16. **जीवाण्विक कोशिकाओं में नहीं होता-**

(a) कोशिका भित्ति (b) जीवद्रवीय कला

(c) राइबोसोम (d) सूत्रकणिका

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

17. **एलोसोम होते हैं—**

(a) कोशिकांग (b) पादप हॉर्मोन

(c) एलील (d) लिंग गुणसूत्र

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

एलोसोम लिंग गुणसूत्र होते हैं। मनुष्य में 23 जोड़ी (46) गुणसूत्र होते हैं। 22 जोड़ी गुणसूत्र स्त्रियों और पुरुषों में समान और अपने-अपने समजात होते हैं। इन्हें समजात गुणसूत्र या ऑटोसोम कहते हैं। 23 वीं जोड़ी के गुणसूत्र स्त्रियों और पुरुषों में भिन्न-भिन्न होते हैं जिसे विषमजात गुणसूत्र या एलोसोम (Allosomes) कहते हैं। लिंग निर्धारण में इसकी अहम भूमिका होती है। स्त्रियों में (X X) तथा पुरुषों में (X Y) एलोसोम पाए जाते हैं।

**18. एक सामान्य मानव शरीर कोशिका में गुणसूत्रों की संख्या कितनी होती है?**

(a) 43 (b) 44
(c) 45 (d) 46

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**
**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. निम्नलिखित में से किनमें लिंग गुणसूत्रों का एक पूर्ण युग्म होता है?**

(a) केवल पुरुष (b) केवल स्त्री
(c) पुरुष तथा स्त्री दोनों (d) न तो पुरुष तथा न ही स्त्री

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 11 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

मानव में 23 जोड़े गुणसूत्र पाए जाते हैं जिसमें 22 जोड़े ऑटोसोम या दैहिक गुणसूत्र कहलाते हैं, जबकि 23वां जोड़ा एलोसोम या लिंग गुणसूत्र कहलाता है, स्त्री में गुणसूत्रों का पूर्ण युग्म होता है तथा दोनों 'X' कहलाते हैं, लेकिन, पुरुष में 23 वां जोड़ा परिपूर्ण जोड़ा नहीं होता, जिसमें एक गुणसूत्र सामान्य आकार का 'X' होता है तथा दूसरा गुणसूत्र छोटा होता है जिसे 'Y' गुणसूत्र कहते हैं।

**20. शिशु लिंग किसके गुणसूत्री योगदान पर निर्भर करता है—**

(a) पिता (b) माता
(c) पिता-माता दोनों (d) दादी

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

शिशु के लिंग का निर्धारण पिता के गुणसूत्री योगदान पर निर्भर करता है, पिता में XY गुणसूत्र और माता में समजात गुणसूत्र XX पाए जाते हैं। जब युग्मनज माता के X तथा पिता के X से मिलकर XX बनता है, तो संतान लड़की और जब युग्मनज माता के X तथा पिता के Y से मिलकर XY बनता है, तो संतान लड़का पैदा होता है।

**21. पुरुष में पुरुषत्व के लिए कौन-सा गुणसूत्री संयोजन उत्तरदायी है?**

(a) XO (b) XXX
(c) XX (d) XY

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**22. टर्नर संलक्षण वाले क्रोमोसोम का विवरण क्या है?**

(a) 44A+XO (b) 44A+XXY
(c) 44A+XXX (d) 44A+XYY

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

टर्नर सिन्ड्रोम में लिंग गुणसुत्रों में से केवल एक X गुणसूत्र उपस्थिति होता है। अतः ये लिंग गुणसूत्रों के लिए मोनोसोमिक होती हैं। इनमें क्रोमोसोम का विवरण 44A+XO है।

**23. 'बार पिंड' किसमें पाया जाता है?**

(a) शुक्राणु (b) सर्टोली कोशिका
(c) मादा कायिक कोशिका (d) नर कायिक कोशिका

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

'बार पिंड' एक निष्क्रिय X– गुणसूत्रा है, जो मादा कायिक कोशिका में पाया जाता है।

**24. डाउन सिन्ड्रोम वाले व्यक्ति अपरिहार्य रूप से किससे ग्रस्त हो जाते हैं?**

(a) हंटिंग्टन रोग (b) मस्तिष्काघात
(c) तानिका शोध (d) अल्जाइमर रोग

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

डाउन सिन्ड्रोम को मंगोली जड़ता (Mongoloididiocy) भी कहते हैं। ऐसे व्यक्ति अधिकांशतः अल्जाइमर रोग से ग्रस्त हो जाते हैं।

**25. विनिमय किसके दौरान होता है?**

(a) तनुपट्ट (b) युग्मपट्ट
(c) स्थूलपट्ट (d) द्विपट्ट

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

मानव शरीर रचना विज्ञान से निकला शब्द विनिमय (Crossing-over) अर्धसूत्रण (Meiosis) के पैकिटीन या स्थूलपट्ट (Pachytene) चरण के दौरान होता है। इस अवस्था या चरण में समजात क्रोमोसोम एक-दूसरे पर लिपटकर छोटे हो जाते हैं।

**26. डी.एन.ए. परीक्षण विकसित किया गया था—**

(a) डॉ. ऐलेक जेफ्री द्वारा
(b) डॉ. वी.के.कश्यप द्वारा
(c) वॉट्सन और क्रिक द्वारा
(d) ग्रेगर मेंडल द्वारा

**S.S.C. Tax Asst परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

ब्रिटिश वैज्ञानिक प्रोफेसर सर एलेक जेफ्री द्वारा डी.एन.ए. फिंगर प्रिंटिग और डी.एन.ए. परीक्षण की तकनीक विकसित की गई। फोरेंसिक साइंस में इसका उपयोग पुलिस द्वारा जासूसी कार्य तथा अपराधियों की पहचान करने में किया जाता है।

**27. डी.एन.ए. संरचना का सही मॉडल किसने बनाया था?**

(a) जैकब और मोनोड
(b) वॉट्सन और क्रिक
(c) एच.जी. खुराना
(d) बाल्टिमोर और टेमिन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

डी.एन.ए. संरचना का सही मॉडल वॉट्सन और क्रिक ने वर्ष 1953 में प्रतिपादित किया था। डी.एन.ए. दो परस्पर जुड़ी सर्पिल-कुंडलिनी पॉलिन्यूक्लियोटाइड शृंखलाएं या सूत्र एक ही केंद्रीय अक्ष के चारों ओर दक्षिणावर्त स्प्रिंग की भांति ऐंठकर द्विकुंडलिनी संरचना होती है। द्विकुंडलिनी का प्रत्येक कुंडल $34A^0$ लंबाई में फैला होता है। इस काम के लिए इन्हें वर्ष 1962 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**28. डी.एन.ए. की द्विसूत्री संरचना का पता लगाया था-**

(a) मॉर्गन ने
(b) डी. व्रीज़ ने
(c) हरगोविंद खुराना ने
(d) वॉटसन और क्रिक ने

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**29. डी.एन.ए. अंगुलिछाप का प्रयोग किसकी पहचान के लिए किया जाता है?**

(a) माता-पिता (b) बलात्कारी
(c) चोर (d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

डी.एन.ए. अंगुलिछाप की खोज सर्वप्रथम ऐलेक जेफ्रि ने की थी। इसका उपयोग संतान के कानूनी रूप से वैध माता-पिता, बलात्कारी पुरुष, चोर इत्यादि की पहचान करने में किया जाता है।

**30. अंगुलिलेखन विज्ञान को सामान्यतः किस नाम से जानते हैं?**

(a) कार्बन काल निर्धारण
(b) जल छाप
(c) अंगुलिछाप
(d) इलेक्ट्रो कार्डियोग्राम

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

अंगुलिलेखन विज्ञान को सामान्यतः 'अंगुलिछाप' नाम से जाना जाता है। इसकी प्रयोगशाला हैदराबाद में स्थित है।

**31. DNA में पाई जाने वाली शर्करा है—**

(a) हेक्सोस (b) हेप्टुलोस
(c) पेन्टोस (d) ज़ाइलूलोस

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

DNA तथा RNA दोनों में पेन्टोस प्रकार की शर्करा होती है। DNA में यह डीऑक्सीराइबोज तथा RNA में राइबोस नाम से जानी जाती है।

**32. डी.एन.ए में थायामिडाइन द्विभाजी संरचना किसके कारण होती है?**

(a) β (बीटा) एवं γ (गामा)-किरणों
(b) यू.वी.-किरणों
(c) आई.आर.-किरणों
(d) एक्स-किरणों

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

डी.एन.ए. में थायामिडाइन द्विभाजी संरचना अल्ट्रावॉयलेट (यूवी) किरणों के कारण होती है।

**33. गुणसूत्रों में होते हैं -**

(a) DNA और लिपिड (b) RNA और एमिनो एसिड

(c) DNA और प्रोटीन (d) RNA और शुगर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

गुणसूत्र सभी वनस्पतियों व प्राणियों की कोशिकाओं में पाए जाने वाले तंतु रूपी पिंड होते हैं, जो सभी आनुवांशिक गुणों को निर्धारित व संचारित करते हैं। गुणसूत्र की संरचना में दो पदार्थ विशेषतः सम्मिलित रहते हैं -

(i) DNA

(ii) हिस्टोन नामक एक प्रकार का प्रोटीन।

**34. गुणसूत्र किससे बनते हैं?**

(a) डी.एन.ए. (b) प्रोटीन

(c) डी.एन.ए. तथा प्रोटीन (d) आर.एन.ए.

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**35. जीवन का ब्लू प्रिंट है -**

(a) डी.एन.ए. (b) आर.एन.ए.

(c) कोशिका (d) केंद्रक

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

डी.एन.ए. को जीवन का रासायनिक ब्लू प्रिंट कहा जाता है। इससे व्यक्तियों की पहचान की जाती है।

**36. आर.एन.ए में थायमीन के स्थान पर कौन-सा बेस होता है?**

(a) एडेनाइन (b) ग्वानाइन

(c) यूरेसिल (d) साइटोसाइन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

पिरीमिडीन बेस (Pyrimidine Base) मुख्यतः तीन प्रकार की होती है। (1) थायमीन, (2) साइटोसीन, (3) यूरेसिल DNA में थायमीन एवं साइटोसीन तथा RNA में साइटोसीन एवं यूरेसिल पाया जाता है। आर.एन.ए. में थायमीन के स्थान पर यूरेसिल पाया जाता है।

**37. एच.आई.वी.द्वारा उत्पन्न एन्जाइम है जो पोषी कोशिकाओं के डी.एन.ए. के भीतर एच.आई.वी. के डी.एन.ए. को संघटित करता है-**

(a) हैलीकेज़ (b) डी.एन.ए. गायरेज

(c) इन्टीग्रेज (d) लिगेज

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

इन्टीग्रेज (Integrase) एन्जाइम पोषी कोशिकाओं के डी.एन.ए. के भीतर एच.आई.वी. के डी.एन.ए. को संघटित करता है। एच.आई.वी.की इस अवस्था को पूर्ववाइरस (Provirus) कहते हैं।

**38. इंफ्लुएंजा विषाणु में होता है—**

(a) बराबर मात्रा में आर.एन.ए. और डी.एन.ए.

(b) आर.एन.ए.की अल्प मात्रा के साथ डी.एन.ए.

(c) केवल आर.एन.ए.

(d) केवल डी.एन.ए.

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

इंफ्लुएंजा विषाणु में केवल आर.एन.ए. (राइबोन्यूक्लिक अम्ल) होता है।

**39. मानव जीनोम परियोजना का नेतृत्व किसने किया था?**

(a) फ्रांसिस क्रिक और जेम्स वॉटसन

(b) क्रेग वेंटर और फ्रांसिस कॉलिन्स

(c) ग्रेगर मेंडल

(d) विलियम बेटसन

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

मानव जीनोम परियोजना का नेतृत्व क्रेग वेंटर और फ्रांसिस कॉलिन्स ने किया था।

**40. निम्नलिखित में से कौन-सा क्लोनित मेरिनो मेमना है?**

(a) सूज़ी (b) मायजी

(c) मातिल्डा (d) डॉली

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

डॉली, क्लोनित मेरिनो मेमना है। इआन विल्मुट, कीथ कैम्पबेल तथा उनके सहयोगियों द्वारा क्लोनित किए हुए प्रथम स्तनी, डॉली का जन्म 5 जुलाई, 1996 को हुआ था।

**41. पहला क्लोन-पशु 'डॉली' कौन-सा पशु था?**

(a) कुत्ता (b) खरगोश

(c) बिल्ली (d) भेड़

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**42. आबादी में जीनों के संग्रह को क्या कहते हैं?**

(a) फीनोटाइप

(b) कैयोटाइप

(c) जीनोटाइप

(d) जीन पूल

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

किसी एकल जनसंख्या में एक जीन के लिए युग्म विकल्पियों का संपूर्ण समुच्चय एक जीन-पूल कहलाता है।

**43. जर्सी सांड, जो संकरण में इस्तेमाल होता है, किस जगह की मोहक उपजाति है?**

(a) इंग्लैंड (b) फ्रांस

(c) हॉलैंड (d) स्विट्जरलैंड

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

जर्सी सांड, जो संकरण में इस्तेमाल होता है, जर्सी द्वीपसमूह (इंग्लैंड) की मोहक उपजाति है।

**44. आपके पाठ के अनुसार ''पृथ्वी पर जीवन बनाए रखने के लिए आनुवांशिक लाइब्रेरी'' क्या हो सकती है?**

(a) बायो-इंजीनियरी प्रयोगशाला

(b) मानव जीन

(c) मानव जीनोम प्रोजेक्ट

(d) जैव-विविधता

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

जैव-विविधता एक जीन बैंक है, जिसे आनुवांशिक लाइब्रेरी भी कह सकते हैं। यह पृथ्वी पर जीवन बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

**45. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति 'टेस्ट ट्यूब बेबी' की परिघटना को सही रूप में निरूपित करती है?**

(a) जब भ्रूण बनने की प्रत्येक प्रक्रिया टेस्ट ट्यूब में होती है

(b) जब भ्रूण का विकास टेस्ट ट्यूब में होता है

(c) जब निषेचन बाह्य होता है और विकास आंतरिक होता है

(d) जब निषेचन आंतरिक होता है और विकास बाह्य होता है।

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

किसी महिला की अंडवाही नलियां बंद होने या पुरुष द्वारा बहुत कम शुक्राणु पैदा कर पाने की स्थिति में स्त्री की डिम्ब ग्रंथि से अंडाणु निकाल कर एक तरल माध्यम में शुक्राणुओं द्वारा उनका निषेचन करवाया जाता है। इसके बाद निषेचित अंडाणु को महिला के गर्भ में स्थानांतरित कर दिया जाता है। टेस्ट-ट्यूब शिशुओं में अंडाणु का निषेचन टेस्ट-ट्यूब में होता है और विकास गर्भाशय में होता है।

**46. 19-21 दिन की अवधि का उल्लेख किया जाता है—**

(a) मुर्गी के अंडे को सेने की अवधि

(b) मानव की लाल रुधिर कोशिकाओं का औसत जीवन-काल

(c) रजोधर्म के ठीक बाद रजोधर्म चक्र की वह अवधि जिस दौरान सबसे अधिक निषेचन की संभावना होती है

(d) लाल रुधिर कोशिका के अंदर मलेरिया पैरासाइट के एक विखंडनी जनन चक्र के पूरा होने की अवधि

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

मुर्गी के अंडे को सेने की अवधि 19 - 21 दिन होती है।

**47. निम्नलिखित में से किस पशु में पार्श्व रेखा संवेदी अंग नहीं होता?**

(a) लेबिओ (b) कैटला

(c) सी हॉर्स (d) मागुर

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

सी हॉर्स में पार्श्व रेखा संवेदी अंग नहीं होता है।

## ❑ सूक्ष्म-जैविकी

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ मलेरिया फैलाने वाले रोगाणुओं की खोज किसने की थी? **— चार्ल्स लुई अल्फोंस लैवेरन ने**

☞ पेनिसिलिन की खोज किसने की? **— सर अलेक्ज़ेंडर फ्लेमिंग ने**

☞ एडवर्ड जेनर ने किस बीमारी के लिए टीके की खोज की थी? **— चेचक**

☞ हैजा, चेचक, क्षय रोग तथा कर्क रोग में से कौन-सी बीमारी असंक्रामक प्रवृत्ति की है? **— कर्क रोग**

☞ विषाणु (वायरल) संक्रमण के कारण कौन-सी बीमारी होती है? **— इंफ्लुएंजा**

☞ एस्केरिस, एक प्रकार की कृमि, मानव शरीर के किस हिस्से में रहती है? **— छोटी आंत में**

☞ कौन-सा रोग प्रभावित व्यक्तियों के मल को पीने के पानी के साथ मिलने से फैलता है? **— हैजा**

☞ कौन-सा व्यावसायिक उत्पाद जिलेडियम और ग्रेसिलेरिया से मिलता है जिसका उपयोग सूक्ष्म जीवियों के संवर्धन में तथा आइसक्रीम और जैली बनाने में किया जाता है? **— अगार (Agar)**

☞ किस प्रकार का रोगजनक जल जनित रोग एस्कारियासिस का कारण बनता है? **— परजीवी**

☞ मलेरिया रोग होने के लिए कारक सूक्ष्मजीव कौन-सा है? **— प्रोटोजोआ**

☞ प्लेग, पोलियो, टिटेनस तथा कुष्ठ रोग में से कौन-सी बीमारी वायरस के कारण होती है? **— पोलियो**

☞ पोलियो वैक्सीन किसने विकसित की? **— जोनास साल्क**

☞ मेरेस्मस, हैजा, रिकेट्स तथा स्कर्वी रोग में से कौन-सा एक संक्रमणीय रोग है? **— हैजा**

☞ पादप रोगों का सबसे उत्तरदायी कारक कौन है? **— फफूंद**

☞ कौन-सा रोग बैक्टीरिया से होता है? **— तपेदिक**

☞ बीसीजी वैक्सीन का उपयोग किस रोग के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए किया जाता है? **— ट्यूबरकुलोसिस**

☞ हिरन, भेड़, बकरी में से कौन जानवर 'पैर और मुंह रोग' से पीड़ित हो सकता है? **— सभी**

☞ सूक्ष्मजीव जो नाक के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं, शरीर के किस भाग को अधिक प्रभावित करते हैं? **— फेफड़ा को**

☞ किस प्रकार का रोगजनक जल जनित रोग टाइफाइड बुखार का कारण बनता है? **— बैक्टीरियल**

☞ एक थायरॉइड हॉर्मोन के रूप में किस दवा का प्रयोग किया जाता है? **— लेवोथायरॉक्सिन का**

☞ कौन ओंकोजीन द्वारा प्रेरित होता है? **— कैंसर**

☞ फेफड़े_________के प्राथमिक अंग हैं। **— श्वसन**

☞ ________ग्लूकोज का एक बहुशाखायुक्त पॉलीसेकेराइड है, जो जानवरों और कवकों में ऊर्जा भंडारण के एक रूप में कार्य करता है। **— ग्लाइकोजन**

☞ जो जीवाणु प्रकाश का उपयोग कर ऊर्जा उत्पन्न करते हैं, उन्हें_______के रूप में जाना जाता है। **— फोटोऑटोट्रॉप्स**

☞ फ्लोरिन की कमी के कारण क्या होता है? **— डेंटल कैरीज**

☞ पोलियो की बीमारी होने का कारण क्या है? **— वायरस**

☞ निमोनिया मानव शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है? **— फेफड़े को**

☞ बैक्टीरिया की खोज किसके द्वारा की गई थी? **— एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक**

☞ मेसोथेलियोमा कैंसर का एक प्रकार है। इससे प्रभावित होने वाला सबसे सामान्य क्षेत्र________का अस्तर है। **— फेफड़े**

☞ प्लाज्मोडियम जाति के परजीवी_________के कारण हैं। **— मलेरिया**

☞ किस दवा का एक मधुमेह रोधी दवा के रूप में प्रयोग किया जाता है? **— मेटफॉर्मिन का**

☞ मलेरिया-रोधी औषधि में किस यौगिक का उपयोग किया जाता है? **— क्लोरोक्विन का**

☞ एनल्जेसिक्स__________। **— दर्द दूर करते हैं**

☞ किस दवा का एक एंटी-हिस्टामाईन के रूप में प्रयोग किया जाता है? **— प्रोमेथाजाईन का**

☞ किस प्रकार का रोगजनक जल जनित बीमारी सार्स (सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम) का कारण बनता है? **— वायरल**

☞ किस प्रकार का रोगजनक जल जनित रोग हैजा का कारण बनता है? **— बैक्टीरियल**

☞ कौन-सा रोग पानी के प्रदूषण द्वारा नहीं होता? **— दमा**

☞ किस प्रकार का रोगजनक जल जनित रोग ई. कोलाई संक्रमण का कारण बनता है? **— बैक्टीरियल**

☞ किस प्रकार का रोगजनक जल जनित रोग पोलियोमायेलिटिस (पोलियो) का कारण बनता है? **— वायरल**

☞ किस प्रकार का रोगाणु जल जनित बीमारी सलमोनेलोसिस का कारक है? **— बैक्टीरियल**

☞ वर्णांध व्यक्ति किन रंगों में भेद नहीं कर पाता है? **— लाल और हरे में**

☞ रिंगवर्म नामक बीमारी_________के कारण होती है। **— कवक**

☞ जो कीड़े रोग संचारित करते हैं, उन्हें_________के नाम से जाना जाता है। **— वेक्टर**

☞ हीमोफीलिया का लक्षण कौन-सा है? **— रक्त का थक्का न जमना**

☞ किस दवा का एक हताशारोधी के रूप में प्रयोग किया जाता है? **— ब्यूप्रोपियेन का**

☞ मोतियाबिंद के इलाज के लिए किस दवा का प्रयोग किया जाता है? **— लेटनोप्रोस्ट का**

☞ हे फीवर निम्नलिखित में से किसका एक संकेत है? **— एलर्जी का**

☞ एंटीबायोटिक के रूप में किस दवा का प्रयोग किया जाता है? **— एजिथ्रोमायसिन का**

☞ कौन-सी किरणें त्वचा को क्षति पहुंचाती हैं? **— यू.वी. रेज**

☞ किस दवा का वेदना से राहत पाने के लिए प्रयोग किया जाता है? **— ट्रेमेडॉल का**

☞ एस्पिरिन का आविष्कार किसने किया? **— फेलिक्स हॉफमैन ने**

☞ किस दवा को एक चिंतारोधी दवा के रूप में प्रयोग किया जाता है? **— डायजेपाम को**

☞ माइग्रेन के इलाज के लिए किस दवा का प्रयोग किया जाता है? **— सुमैट्रिप्टॉन का**

☞ एंटीबायोटिक का आविष्कार किसने किया था? **— अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने**

☞ बी.सी.जी. का टीका किसके बचाव के लिए दिया जाता है? **— क्षय रोग के**

☞ किस दवा का उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए प्रयोग किया जाता है? **— हाइड्रोलेजिन का**

☞ किस दवा का ऑस्टियोपोरोसिस के इलाज के लिए प्रयोग किया जाता है? **— राईसड्रोनेट का**

☞ 'डॉट्स' नामक इलाज किस बीमारी के लिए किया जाता है? **— क्षय रोग**

☞ वील्स रोग (Weil's disease) में कौन-सा अंग प्रभावित होता है? **— किडनी, यकृत, फेफड़ा हृदय व मस्तिष्क**

☞ घेंघा नामक रोग किसकी कमी के कारण उत्पन्न होता है? **— आयोडीन**

☞ बैसिलस थूरिंजिनेसिस, ऐग्रोबैक्टीरियम ट्युम्फएशियंस एवं स्यूडोमोनास प्रतिदीप्ति में से कौन-से जीवाणु से पौधों में 'किरीट पिटिका' रोग हो जाता है? **— ऐग्रोबैक्टीरियम ट्युम्फएशियंस**

☞ डी.पी.टी. टीका प्रतिविषाणुक टीका, प्रति प्रोटोजोअन टीका, प्रति रिकेट्सिएल टीका एवं एक संयुक्त टीका में से किस प्रकार का होता है? **— एक संयुक्त टीका**

☞ लोहमयता एक रोग है जो श्वास के साथ सिलिका-धूल, लौह-धूल, जस्ता (जिंक) धूल एवं कोयला-धूल में से क्या अंदर लेने से होता है? **— लौह-धूल**

☞ कौन-सा बैक्टीरिया निमोनिया रोग का कारण है? **— कॉकाई**

☞ 'श्वेत प्लेग' को आमतौर पर किस नाम से जाना जाता है? **— क्षय रोग**

☞ जीका वायरस का वाहक कौन-सा मच्छर है? **— ऐडिस**

☞ अगर कचरा पीने के पानी में मिल जाए, तो कौन-सी बीमारी फैलेगी? **— टायफॉइड**

☞ वर्णांध व्यक्ति किन रंगों में भेद नहीं कर पाता है? **— लाल और हरे**

☞ एबिनिज्म, सिस्टीक फाइब्रोसिस, फिनाइल कीटो नूरिया तथा अलजाइमर रोग में से क्या आलिंग सूत्रीय अव्यवस्था (डोमिनेंट ऑटोसोमल डिसऑर्डर) है? **— अलजाइमर रोग**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. वे क्रमादेश, जो किसी चक्रिका को संक्रमण से बचाते हैं, क्या कहलाते हैं?**

(a) निर्वचक
(b) वैक्सीन
(c) प्रतिकारक
(d) क्रमादेश संग्रह नेमका

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

प्रतिकारक (Antidotes) किसी चक्रिका को संक्रमण से बचाते हैं। यह किसी जहर (Poisoning) से बचाव के लिए भी दिया जाता है।

**2. ज्ञात सबसे छोटा प्रोकैरियोटिक जीव है-**

(a) माइक्रोसिस्टिस (b) माइकोप्लाज्मा
(c) बैक्टीरिया (d) क्लोरेला

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

सभी प्रोकैरियोटिक जीव (बैक्टीरिया तथा आर्कि दोनों), आकार में अत्यंत छोटे होते हैं। जिनमें बैक्टीरिया का आकार 0.6 Mbp से 10 Mbp तक तथा आर्कि का आकार 0.5 Mbp से 5.8 Mbp तक होता है।

**3. यक्ष्मा (तपेदिक) के इलाज के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?**

(a) पेनिसिलीन (b) ऐस्पिरिन
(c) पैरासिटामॉल (d) डेटोल

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(*)**

प्रथम एंटीबॉयोटिक (पेनिसिलीन) की खोज वर्ष 1929 में सर अलेक्जेंडर फ्लेमिंग द्वारा किया गया। जिसे इन्होंने पेनिसिलियम नोटेटम नामक कवक से प्राप्त किया था। तपेदिक के इलाज के लिए पैराअमीनो सैलिसिलिक एसिड (PAS) का प्रयोग किया जाता है। पेनिसिलीन का उपयोग कवक (फफूंद) द्वारा उत्पन्न रोगों के इलाज के लिए किया जाता है। बी.सी.जी. एक प्रतियक्ष्मिकीय टीका है।

**4. पेनिसिलीन की खोज किसने की थी?**

(a) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (b) लुई पाश्चर
(c) ड्रेसर (d) एडवर्ड जेनर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. अलेक्जेंडर फ्लेमिंग का नाम किस खोज से संबंधित है?**

(a) रक्त का संचारण
(b) आनुवांशिकता का नियम
(c) ट्यूबरकल बैसिलस
(d) पेनिसिलीन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**6. पेनिसिलीन किससे प्राप्त की जाती है?**

(a) फफूंद (b) शैवाल
(c) वायरस (d) जीवाणु

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. पेनिसिलिन की खोज किसने की थी?**

(a) एडवर्ड जेनर
(b) लुई पाश्चर
(c) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(d) इयान फ्लेमिंग

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. प्रथम एंटीबायोटिक की खोज किसने की थी?**

(a) डब्लू फ्लेमिंग (b) सी. वाक्समैन
(c) ए. फ्लेमिंग (d) लुई पाश्चर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**9. बी.सी.जी. टीका कितनी उम्र में लगाया जाता है?**

(a) 2-3 वर्ष के भीतर (b) 10 वर्ष में
(c) नवजात (d) 15 दिन के भीतर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

स्वास्थ्य संस्थान में जन्म लेने वाले सभी बच्चों को बी.सी.जी. टीका और पोलियो की अतिरिक्त खुराक (जीरो डोज) जन्म के समय दी जाती है। शिशुओं को बी.सी.जी. का टीका 1½ माह की आयु पर लगता है।

**10. निम्नलिखित में कौन-सा रोग प्रायः वायु के माध्यम से फैलता है?**

(a) प्लेग (b) टायफॉइड
(c) ट्यूबरकुलोसिस (d) हैजा

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

ट्यूबरकुलोसिस, खसरा, स्मालपॉक्स आदि बीमारियों के कारक जीवाणु प्रायः वायु के माध्यम से फैलते हैं।

**11. ट्यूबरकुलोसिस संक्रमण होता है-**

(a) माइकोबैक्टीरियम ऐवोनिन द्वारा

(b) स्टैफाइलोकोकस द्वारा

(c) माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस द्वारा

(d) स्ट्रेप्टोकोकस द्वारा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

ट्यूबरकुलोसिस 'माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस' नामक जीवाणु द्वारा संक्रमित बीमारी है। इसकी खोज रॉबर्ट कोच ने की थी। इसके लिए BCG का टीका लगाया जाता है।

**12. बी.सी.जी. प्रतिरक्षण होता है—**

(a) खसरा के लिए (b) ट्यूबरकुलोसिस के लिए

(c) डिप्थीरिया के लिए (d) कुष्ठ रोग के लिए

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

बीसीजी प्रतिरक्षण ट्यूबरकुलोसिस के लिए किया जाता है। डिप्थीरिया के लिए डीपीटी तथा कुष्ठ रोग के लिए एमडीटी का प्रयोग किया जाता है।

**13. पीत ज्वर संचारित किया जाता है—**

(a) एडीज द्वारा (b) एनॉफेलीज द्वारा

(c) घरेलू मक्खी द्वारा (d) क्यूलेक्स द्वारा

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

पीत ज्वर एक वायरस के संक्रमण से होता है जो एडीज मच्छर द्वारा फैलता है। इसमें तेज बुखार आता है और यकृत को बहुत हानि होती है। इससे प्रायः रुधिर अल्पता (एनीमिया) तथा अंतः रुधिरस्राव हो जाता है।

**14. एल्कोहली किण्वन बनाया जाता है—**

(a) छत्रक (मशरूम) द्वारा

(b) अमीबा द्वारा

(c) वाइरस द्वारा

(d) खमीर (यीस्ट) द्वारा

**S.S.C.F.C.I परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

यीस्ट यूकेरियोटिक सूक्ष्मजीव हैं जिन्हें कवकों के वर्ग में वर्गीकृत किया गया है, एल्कोहली किण्वन खमीर (यीस्ट) द्वारा बनाया जाता है, इसीलिए इसे 'शराब बनाने वाला यीस्ट' कहा जाता है। बेकरी प्रोडक्ट्स में भी यीस्ट का प्रयोग किया जाता है।

**15. ब्रेड बनाने के लिए आवश्यक घटक क्या है?**

(a) मैदा और खमीर (b) मैदा और बेकिंग पाउडर

(c) मैदा और बेकिंग सोडा (d) मैदा और घी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

ब्रेड बनाने के लिए आवश्यक घटक मैदा और खमीर हैं। मैदा में खमीर मिलाने से उसमें हल्का खट्टापन आ जाता है एवं गर्म करने पर कार्बन डाइऑक्साइड गैस बनती है, जिससे ब्रेड मुलायम एवं स्पंजी हो जाती है।

**16. बर्ड फ्लू पैदा करने वाले H5N1 वाइरस का सबसे पहले पता चला था—**

(a) वर्ष 1991 में (b) वर्ष 1995 में

(c) वर्ष 1997 में (d) वर्ष 2001 में

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

H5N1 वाइरस द्वारा पहले ज्ञात संक्रमित व्यक्ति का पता वर्ष 1997 में हांगकांग में चला जब 18 संक्रमित व्यक्तियों में से छः की मृत्यु हो गई थी।

**17. निम्नलिखित संयोजनों में से कौन-सा विषाणु (वाइरस) मानवों के संक्रामक है?**

(a) H2N4 (b) H3N3

(c) H5N1 (d) N1H4

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

H5N1 वायरस या इंफ्लूएंजा वायरस ए से बर्ड फ्लू नामक रोग होता है। यह प्रमुख रूप से पक्षियों में होता है, जो उत्परिवर्तन के परिणामस्वरूप मनुष्य को सरलता से संक्रमित करता है।

**18. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, बर्ड फ्लू के वायरसों का संचरण उस भोजन के माध्यम से नहीं हो सकता जिसे पकाया गया हो**

(a) 60 डिग्री सेल्सियस से ऊपर

(b) 70 डिग्री सेल्सियस से ऊपर

(c) 90 डिग्री सेल्सियस से ऊपर

(d) 100 डिग्री सेल्सियस से ऊपर

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) के अनुसार, बर्ड फ्लू के वायरस का संचरण उस भोजन के माध्यम से नहीं हो सकता जिसे 70 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पकाया गया हो।

**19. बी-लसीकाणु के द्वारा होने वाली प्रतिरक्षा को क्या कहते हैं?**

(a) उपार्जित प्रतिरक्षा (b) कोशिकीय प्रतिरक्षा
(c) तरल प्रतिरक्षा (d) बंध्य प्रतिरक्षा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

बी-लसीकाणु एवं टी-लसिकाणु के द्वारा होने वाली प्रतिरक्षा को उपार्जित प्रतिरक्षा (Adaptive or acquired immunity) कहते हैं।

**20. फाइलेरिया पैदा किया जाता है—**

(a) वूचेरेरिया बैन्क्रोफ्टाई द्वारा
(b) प्लाज्मोडियम वाइवैक्स द्वारा
(c) ऐस्कैरिस लम्ब्रीकोइडीज़ द्वारा
(d) एन्टअमीबा हिस्टोलिटिका द्वारा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

फाइलेरिया के लिए वूचेरेरिया बैन्क्रोफ्टाई नामक सूत्र कृमि उत्तरदायी होता है। इस रोग के कारण लसीका वाहिनी और ग्रंथियों में सूजन आ जाती है। इसे फाइलेरियोसिस कहते हैं।

**21. वायरस सामान्यतया किससे बने होते हैं?**

(a) प्रोटीन + कार्बोहाइड्रेट
(b) प्रोटीन + न्यूक्लिक अम्ल
(c) प्रोटीन + एस्कॉर्बिक एसिड
(d) प्रोटीन + लिपिड

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

वायरस सामान्यतः प्रोटीन तथा न्यूक्लिक अम्ल (DNA या RNA) के बने होते हैं। वायरस की खोज का श्रेय इवानोवस्की (Invanowski) को दिया जाता है। विज्ञान की वह शाखा जिसके अंतर्गत वायरस का अध्ययन किया जाता है, विषाणु विज्ञान या वायरोलॉजी (Virology) कहलाता है।

**22. वह विषाणु जो कैप्सिड हीन होता है लेकिन केवल न्यूक्लिक अम्ल युक्त होता है, क्या कहलाता है?**

(a) केंद्रकाभ (b) प्रायोन
(c) विरियॉन (d) पेटिकांशक

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

वह विषाणु जो कैप्सिड हीन होता है लेकिन केवल न्यूक्लिक अम्ल युक्त होता है, विरियॉन कहलाता है। प्रायोन में न्यूक्लिक अम्ल नहीं होता है इसी आधार पर यह इस प्रश्न का उत्तर नहीं हो सकता है किंतु SSC ने प्रायोन को ही अपने उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न का उत्तर माना है।

**23. मुख से लिए जाने वाले पोलियो वैक्सीन का विकास किसने किया था?**

(a) लुई पाश्चर (b) जोनास साल्क
(c) सर रॉबर्ट पील (d) रॉबर्ट कोच

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(*)**

पोलियो वायरस से बचाव के लिए पोलियो वैक्सीन का विकास सर्वप्रथम जोनास साल्क द्वारा किया गया तथा इसका परीक्षण वर्ष 1952 में किया गया, परंतु मुख से लिए जाने वाले वैक्सीन (Oral Vaccine) का विकास अल्बर्ट साबिन द्वारा पोलियो से बचाव के लिए किया गया।

**24. पोलियो की रोकथाम के लिए पहली प्रभावी वैक्सीन किसने बनाई थी?**

(a) जे.एच.गिब्बन (b) जोनास ई. साल्क
(c) राबर्ट एडवर्ड्स (d) जेम्स सिम्पसन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**25. अल्बर्ट साबिन को________विकसित करने के लिए जाना जाता है।**

(a) चेचक का टीका
(b) पोलियो का टीका
(c) पेनिसिलिन
(d) हेपेटाइटिस बी का टीका

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

अल्बर्ट साबिन पोलैंड के वैज्ञानिक थे। जिन्हें मुंह में दिए जाने वाली पोलियो की वैक्सीन को विकसित करने के लिए जाना जाता है।

26. **पोलियो का विषाणु (वायरस) शरीर में किस प्रकार प्रवेश करता है?**

(a) मच्छर के काटने से

(b) किलनी के काटने से

(c) संदूषित खाद्य और पानी से

(d) लार और नाक के स्राव से

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

पोलियो के विषाणु (वायरस) का शरीर में प्रवेश संदूषित खाद्य और पानी से होता है, जो तंत्रिका तंत्र पर अपना प्रभाव डालता है।

27. **निम्नलिखित में से कौन-से सूक्ष्मजीवी पोलियो तथा चेचक (चिकन पॉक्स) जैसी गंभीर बीमारियों के कारण हैं?**

(a) बैक्टीरिया (b) प्रोटोजोआ

(c) शैवाल (d) विषाणु

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (III -पाली)**

**उत्तर–(d)**

पोलियो तथा चेचक व चिकन पॉक्स जैसी गंभीर बीमारियां विषाणु के कारण होती हैं। पोलियो वाइरस से प्रभावित रोगी का मुख्यतः तंत्रिका तंत्र प्रभावित होता है, जिससे पक्षाघात (Paralysis) हो जाता है। चेचक (Small Pox) **वेरिओला विषाणु** के कारण, जबकि चिकन पॉक्स वेरिसेला विषाणु के कारण होता है।

28. **इंटरफेरोन किसकी अनुक्रिया में संशलिष्ट होते हैं?**

(a) जीवाणु (b) कवक

(c) माइकोप्लाज्मा (d) विषाणु

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

इंटरफेरोन विषाणुओं की अनुक्रिया में संशलिष्ट होते हैं। आइसक्स तथा लिन्डनमैन (Isaacs and Lindenmann) ने इसका पता वर्ष 1957 में लगाया।

29. **प्लेग किससे फैलता है?**

(a) जीवाणु (b) प्रोटोजोआ

(c) विषाणु (d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

प्लेग एक जीवाणु जनित रोग होता है। यह रोग चूहों के शरीर में पाए जाने वाले पिस्सू के माध्यम से फैलता है। यह एक संक्रामक रोग होता है। प्लेग से पीड़ित व्यक्ति के संपर्क में रहने से यह रोग दूसरों को भी हो जाता है।

30. **'काली मौत' किसे कहते हैं?**

(a) कैंसर (b) प्लेग

(c) एड्स (d) गनोरिया

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

प्लेग को 'काली मौत' भी कहते हैं। इस रोग में मिचली, वमन, तिल्ली बढ़ना और रक्तस्रावी दाने निकलना आदि कारणों से रोगी का शरीर काला पड़ जाता है, जिससे इस रोग का 'काली मौत' नाम सार्थक होता है।

31. **निम्नलिखित में से कौन-सा गलत है?**

(a) एड्स एक रिट्रोवायरल रोग है

(b) एड्स समलिंगी और इतरलिंगी यौन संपर्क से फैलता है

(c) एड्स की पहचान सबसे पहले वर्ष 1981 में सं.रा. अमेरिका में की गई थी

(d) एड्स से ऐनो-जेनिटल मस्से (वार्ट) पैदा होते हैं

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

एड्स (एक्वॉयर्ड इम्यूनो-डिफिशिएंसी सिन्ड्रोम) एक रिट्रोवायरल रोग है, जो HIV द्वारा होता है। इस विषाणु के संक्रमण से व्यक्ति का प्रतिरक्षी तंत्र कमजोर हो जाता है। एड्स की पहचान वर्ष 1981 में सर्वप्रथम सं.रा. अमेरिका में की गई थी। एड्स समलिंगी और इतरलिंगी यौन संपर्क, रक्ताधान इत्यादि द्वारा फैलता है।

32. **एड्स देने वाले वायरस की पहचान किस वर्ष में हुई थी?**

(a) 1980 (b) 1981

(c) 1983 (d) 1986

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

33. **एक्वॉयर्ड इम्यूनो-डिफिशिएंसी सिन्ड्रोम (एड्स) निम्न के कारण होता है-**

(a) प्रोटोजोआ (b) वायरस

(c) फंगस (d) बैक्टीरिया

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

34. किस रोग के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय द्वारा 'टेस्ट एंड ट्रीट' नीति प्रारंभ की है?

(a) चेचक (b) एच.आई.वी.

(c) पोलियो (d) क्षय रोग

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 'टेस्ट एंड ट्रीट' नीति एच.आई.वी. रोग के लिए प्रारंभ की गई है। इसके तहत यदि किसी व्यक्ति में जांच के दौरान HIV पाया जाता है, तो उसे तुरंत एंटीरेट्रोवायरल थिरेपी (ART) की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

35. मनुष्य में परजीवी ग्रसन पैदा करने वाले कृमियों के अध्ययन को कहते हैं-

(a) हेल्मिन्थोलॉजी (b) हर्पिटोलॉजी

(c) इक्थिओलॉजी (d) मैलाकोलॉजी

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

हेल्मिन्थोलॉजी - चपटे कृमियों का अध्ययन
हर्पिटोलॉजी - उभयचरों एवं सरीसृपों का अध्ययन
इक्थिओलॉजी - मछलियों और मछली पालन का अध्ययन
मैलाकोलॉजी - मोलस्क का अध्ययन

36. निम्न में से कौन-सा कीट मनुष्यों में निद्रालु व्याधि फैलाता है परंतु वन्य जीवों के लिए निरापद है और अफ्रीका में 'बेस्ट गेम वार्डन' कहलाता है?

(a) मधुमक्खी (b) मच्छर

(c) सी-सी मक्खी (d) खटमल

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(c)**

निद्रालु व्याधि रोग ट्राइपैनोसोमा गैम्बियन्स प्रजाति के प्रोटोजोआ के कारण होता है जिसका वाहक सी-सी मक्खी (Tse-Tse fly) है।

37. निद्रालु व्याधि रोग की वाहक है -

(a) सिकता मक्खी (b) घरेलू मक्खी

(c) फलमक्खी (d) सी-सी मक्खी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

38. निद्रा रोग इसके द्वारा होता है–

(a) नाइजिरीआ (b) एन्टअमीबा

(c) ट्राइपैनोसोमा (d) एशरिकिआ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

39. कालाजार किससे संचारित होता है?

(a) ट्रेटसी मक्खी (b) घरेलू मक्खी

(c) एनोफेलीज मक्खी (d) सिकता मक्खी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(d)**

कालाजार 'सिकता मक्खी' (Sandfly) से संचारित होता है। कालाजार का सबसे ज्यादा असर, प्लीहा, लिवर तथा मेरुरज्जु पर पड़ता है।

40. कालाजार ज्वार का संचरण होता है–

(a) घरेलू मक्खी के काटने से

(b) सी-सी मक्खी के काटने से

(c) सिकता मक्खी के काटने से

(d) ड्रैगन फ्लाई के काटने से

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

41. दाद की बीमारी निम्नलिखित में से किस प्रकार की होती है?

(a) बैक्टीरियल (b) प्रोटोजोआ

(c) वायरल (d) फंगल

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(d)**

दाद की बीमारी ट्राइकोफाइटॉन तथा माइक्रोस्पोरम नामक कवक से होती है।

42. निम्न में से कौन-सा कवकी रोग है?

(a) धवल रोग (b) एकज़िमा

(c) दाद (d) हाथीपांव (फीलपांव)

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा पशु रुधिराहारी है?

(a) फल-मक्खी (b) घरेलू-मक्खी

(c) मच्छर (d) घोंघा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

दिए गए उपर्युक्त विकल्पों में मच्छर ही रुधिराहारी है। सिर्फ मादा मच्छर ही मनुष्य या अन्य जंतुओं का रक्त चूसती है जबकि नर मच्छर पेड़-पौधों का रस चूसते हैं।

**44. निम्नलिखित में से कौन-सा दर्द का निवारण करता है?**

(a) प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) (b) एनलजैसिक

(c) एंटीपायरेटिक (d) डिसिन्फेक्टेंट

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

एनलजैसिक दर्द निवारक के रूप में उपयोग की जाती है। जैसे इबूप्रोफेन, एस्प्रीन आदि।
एंटीबायोटिक प्रतिजैविक, एंटीपायरेटिक ज्वरनाशक तथा डिसिन्फेक्टेंट-इन्फेक्टिव एजेंट को नष्ट करने के लिए उपयोग किया जाता है।

**45. किस रोग का पूरी तरह उन्मूलन कर दिया गया है?**

(a) खसरा (b) कंठ माला

(c) चेचक (d) छोटी माता

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

चेचक (Small Pox) का वैश्विक स्तर पर उन्मूलन कर दिया गया है। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा वर्ष 1980 में प्रमाणित किया गया।

**46. चेचक के प्रति टीकाकरण में समावेश किया जाता है—**

(a) हत जर्मों का (b) दुर्बल जर्मों का

(c) जीवित प्रतिरक्षियों का (d) सक्रियित जर्मों का

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

किसी बीमारी के विरुद्ध प्रतिरोधात्मक क्षमता विकसित करने के लिए जो दवा खिलायी या पिलायी अथवा किसी अन्य रूप में दी जाती है उसे टीका (Vaccine) कहते हैं। इस क्रिया को टीकाकरण (Vaccination) कहते हैं। संक्रामक रोगों से रोकथाम के लिए टीकाकरण सर्वाधिक प्रभावी एवं सस्ती विधि माना जाता है। चेचक के प्रति टीकाकरण में जीवित प्रतिरक्षियों का समावेश किया जाता है। इसकी खोज एडवर्ड जेनर ने की थी।

**47. 'चेचक' के लिए टीके (वैक्सीनेशन) का आविष्कार किसने किया था?**

(a) सर फ्रेड्रिक ग्रांट बैंटिंग (b) सर अलेक्जेंडर फ्लेमिंग

(c) एडवर्ड जेनर (d) लुई पाश्चर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

चेचक एक विषाणुजनित रोग है। इसके टीके (वैक्सीनेशन) का आविष्कार एडवर्ड जेनर ने किया था। चेचक, वैरिओला (Variola) नामक विषाणु से होता है।

**48. चेचक होने का कारण है—**

(a) रुबिओला वायरस (b) वैरिओला वायरस

(c) वैरिसेला (d) मिक्सोवायरस

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**49. छोटी माता (चिकन पॉक्स) पैदा की जाती है—**

(a) डीएनए विषाणु द्वारा (b) वैरिओला विषाणु द्वारा

(c) स्ट्रेप्टोकोकस द्वारा (d) विब्रियो कोलेरी द्वारा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

'चिकनपॉक्स' वैरिओला विषाणु से प्रसरित होता है। यह रोग भी चेचक की तरह संक्रामक होता है जो रोगी के श्वास या छीकों से प्रसरित होता है। इससे शरीर में हल्का बुखार तथा शरीर पर पित्तिकाएं निकल आती हैं।

**50. हैजा के रोगाणु की खोज किसने की थी?**

(a) फिलिप्पो पकिनी (b) रॉबर्ट कोच

(c) एम. लावेरान (d) फेलिक्स हॉफमैन

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 8 अगस्त, 2017 (I -पाली)**

**उत्तर–(b)**

हैजा के रोगाणु की खोज रॉबर्ट कोच (Robert Koch) ने की थी। हैजा एक संक्रामक आंत्रशोथ है, जो वाइब्रियो कॉलेरी नामक जीवाणु के कारण होता है। मनुष्यों में इसका संचरण इस जीवाणु द्वारा दूषित भोजन या पानी को ग्रहण करने के माध्यम से होता है।

**51. 'लॉक-जॉ' निम्नलिखित में से किस रोग की अंतिम अवस्था है?**

(a) रोहिणी (b) निमोनिया

(c) सिफिलिस (d) टिटेनस

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

टिटेनस की अंतिम अवस्था 'लॉक-जॉ' है। यह रोग बैसिलस टिटेनी नामक जीवाणु द्वारा फैलता है, जो अधिकांशतः जंग लगे लोहे पर, घोड़े की लीद या मल में पाया जाता है। इस रोग को 'धनुष्टंकार' भी कहा जाता है। इससे व्यक्ति के तंत्रिका तंत्र में संक्रमण फैलने लगता है।

**52. किस रोग से रक्षा करने के लिए शिशुओं को डी.पी.टी. का टीका लगाया जाता है?**

(a) रोहिणी (Diphtheria), पोलियो तथा टिटेनस से

(b) रोहिणी, निमोनिया तथा यक्ष्मा से

(c) रोहिणी, चेचक तथा टिटेनस से

(d) रोहिणी, कुकुर खांसी तथा टिटेनस से

**S.S.C. Section off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

डी.पी.टी. का टीका शिशुओं को रोहिणी (Diphtheria), कुकुर खांसी (Pertussis) तथा टिटेनस (Tetanus) से रक्षा करने के लिए लगाया जाता है। ये तीनों बैक्टीरियाजनित रोग हैं।

**53. टिटेनस का कारण होता है—**

(a) क्लॉस्ट्रिडियम (b) वायरस

(c) बैक्टीरियोफेज (d) सॉल्मोनेला

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

टिटेनस 'क्लॉस्ट्रिडियम टिटेनी' द्वारा प्रसरित होता है, जो एक जीवाणु है। इस रोग के उपचार हेतु DPT का टीका लगाया जाता है।

**54. एंटेरोबियसता पैदा की जाती है-**

(a) अंकुश कृमि द्वारा

(b) सूत्राभ कृमि द्वारा

(c) पिनकृमि द्वारा

(d) गोलकृमि द्वारा

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

एंटेरोबियसता पिनकृमि द्वारा पैदा की जाती है। यह संघ निमैटोडा का जंतु है। इसका जीवन चक्र एक-पोषी होता है। इसके लार्वा को 'रैब्डिफार्म लार्वा' कहते हैं।

**55. गलसुआ (मम्प्स) एक वायरल रोग है, जो सूजन पैदा करता है-**

(a) कर्णपूर्व (Parotid) ग्रंथि में

(b) अधोजिह्वा (Sublingual) ग्रंथि में

(c) अधोजंभ (Submaxillary) ग्रंथि में

(d) अवाक्षि (Infra orbital) ग्रंथि में

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

गलसुआ (मम्प्स) कर्णपूर्व (Parotid) ग्रंथि में सूजन पैदा करता है। कर्णपूर्व ग्रंथि कपोलों में कर्ण पल्लव के नीचे और आगे की ओर स्थित पीली-सी, चपटी सबसे बड़ी लार ग्रंथि होती है। प्रत्येक की लंबी एवं मोटी वाहिनी को स्टेन्सन्स नलिका कहते हैं। ये ग्रंथियां मुख्यतः जलीय अर्थात सीरसी तरल का स्रावण करती हैं।

**56. निम्नलिखित में से किस एक प्राणी को किसान मित्र कहा जाता है?**

(a) चींटी (b) केंचुआ

(c) मधुमक्खी (d) तितली

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

केंचुआ को 'किसान का मित्र' कहा जाता है क्योंकि यह मृदा का वायवीय तथा चालन (Aerates and mixes the Soil) करके मृदा को उपजाऊ तथा पौधों के उपयोग के लिए अनुकूल बनाने में सहायक होता है। केंचुआ एनीलीडा फाइलम का एक प्राणी है।

**57. टाइफॉइड पैदा किया जाता है—**

(a) स्यूडोमोनास स्पी. द्वारा (b) स्टैफाइलोकॉकस द्वारा

(c) बैसिलस द्वारा (d) सॉल्मोनेला टॉइफी द्वारा

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

साल्मोनेला टॉइफी बैक्टीरिया द्वारा टाइफॉइड रोग उत्पन्न होता है। यह जीवाणु छोटी आंत में रहता है यह मल और मक्खियों के द्वारा फैलता है। इसमें रोगी को सिरदर्द व तेज बुखार रहता है।

**58. टाइफॉइड बुखार किसके द्वारा होता है?**

(a) जीवाणु (b) विषाणु

(c) प्रोटोज़ोआ (d) कवक

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**59. विषाणु में निम्नलिखित में से कौन-सी एक विशेषता नहीं होती?**

(a) DNA या RNA की मौजूदगी

(b) परपोषी कोशिका के भीतर प्रजनन

(c) स्वभाव से पूरी तरह परजीवी

(d) कोशिका भित्ति की मौजूदगी

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

विषाणु में कोशिका भित्ति (Cell Wall) अनुपस्थित होता है। इसमें DNA या RNA उपस्थित होता है तथा ये परपोषी कोशिका के भीतर ही प्रजनन करते हैं।

**60. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग रक्ताधान द्वारा नहीं फैलता?**

(a) हिपेटाइटिस (b) टाइफॉयड
(c) एच.आई.वी. (d) मलेरिया

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

टाइफॉयड रक्ताधान द्वारा नहीं फैलता। रक्ताधान द्वारा फैलने वाली बीमारी है- एच.आई.वी., हिपेटाइटिस, मलेरिया, सिफिलिस इत्यादि।

**61. पीलिया रोग किसके संक्रमण से होता है?**

(a) मस्तिष्क (b) यकृत
(c) गुर्दा (d) प्लीहा

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

पीलिया वायरस जनित यकृत का रोग है। पीलिया रोग में रुधिर में पित्तरंजक (Bilirubin) की मात्रा बढ़ जाने से श्लैष्मिक झिल्ली तथा त्वचा का रंग पीला हो जाता है। मूत्र पील्य-हरा सा हो जाता है उपयुक्त उपचार न मिलने पर रोगी की मृत्यु हो जाती है।

**62. निम्न में कौन-सा रोग नाइट्रेट संदूषित भोजन तथा जल के उपभोग द्वारा होता है?**

(a) मिनिमाटा (b) अस्थिसुषिरता
(c) ब्ल्यू बेबी सिन्ड्रोम (d) ऐस्बेस्टॉसिस

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

यदि भोजन तथा जल में नाइट्रेट की मात्रा अधिक हो जाती है, तो वह शरीर के लिए हानिकारक होता है। विशेष कर बच्चों में यह जानलेवा होता है। यह हीमोग्लोबिन के साथ क्रिया करके मेथेमोग्लोबिन बनाता है जो ऑक्सीजन संवहन को रोक देता है जिसे 'ब्ल्यू बेबी सिन्ड्रोम' कहते हैं।

**63. सीमेंट फैक्टरी के मजदूरों को क्या होने की संभावना रहती हैं?**

(a) ल्यूकेमिया (b) साइटोसिलिकोसिस
(c) अस्थिमज्जा रोग (d) एस्बेस्टोसिस

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

सीमेंट में एस्बेस्टस नामक खनिज होता है, जो अम्ल में अघुलनशील एवं अदहनीय होता है। सीमेंट फैक्टरी के मजदूरों में एस्बेस्टोसिस नामक रोग की संभावना सर्वाधिक रहती है। इस रोग का कोई इलाज नहीं होता है।

**64. लेप्रॉसी बेसिलस का आविष्कार किया था—**

(a) कोच (Koch) ने (b) हैन्सेन ने
(c) फ्लेमिंग ने (d) हार्वे ने

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

लेप्रॉसी बेसिलस की खोज हैन्सेन ने की थी इसीलिए लेप्रॉसी को 'हैन्सेन रोग' भी कहा जाता है। यह माइकोबैसिलस लेप्री द्वारा फैलता है।

**65. घातक मलेरिया फैलाने वाले मलेरिया परजीवी—**

(a) प्लाज्मोडियम मलेरियाई होते हैं
(b) प्लाज्मोडियम फैल्सीपेरम होते हैं
(c) प्लाज्मोडियम वाइवैक्स होते हैं
(d) प्लाज्मोडियम ओवेल होते हैं

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

मलेरिया रोग प्लाज्मोडियम गण के प्रोटोजोआ परजीवी के माध्यम से फैलता है। मुख्यत: पांच प्रकार के प्लाज्मोडियम परजीवी मनुष्य को प्रभावित करते हैं, जिनमें से सर्वाधिक खतरनाक प्लाज्मोडियम फैल्सीपेरम माना जाता है।

**66. निम्न में से कौन मलेरिया पैदा करता है?**

(a) कीट (b) बैक्टीरिया
(c) प्रोटोजोआ (d) वायरस

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**67. मलेरिया किसके द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक अंतरित किया जाता है?**

(a) एडीज मच्छर (b) क्यूलेक्स मच्छर
(c) एनाफिलीज मच्छर (d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

मलेरिया सबसे प्रचलित संक्रामक रोगों में से एक है। यह रोग प्लाज्मोडियम कण के प्रोटोजोआ परजीवी के माध्यम से फैलता है। मलेरिया के परजीवी का वाहक मादा एनाफिलीज मच्छर है।

**68. निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी मादा एनाफ्लीज मच्छर के कारण होती है?**

(a) चेचाक (b) मलेरिया
(c) काला ज्वर (d) हैजा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 8 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त दी गई बीमारियों में से मलेरिया मादा एनाफ्लीज मच्छर के काटने से होती है। काला ज्वर भी परजीवी कारक रोग है, जो मादा फ्लेबोटोमस सैंडफ्लाई के काटने से होता है। ज्ञातव्य है कि हैजा, विब्रियो कॉलरी नामक जीवाणु द्वारा संक्रमित भोजन या पानी से फैलता है, जबकि चेचक वैरीसेला जोस्टर वायरस से होने वाला संक्रामक रोग है।

**69. डेंगू बुखार किस रोगवाहक द्वारा संचरित होता है?**

(a) एडीज ऐजिप्टी (b) क्यूलेक्स फटीगन
(c) एनाफिलीज कल्सीफेसीज (d) मनसोनिया यूनीफॉर्मिस

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

डेंगू (Dengue) ज्वर में हड्डियों और जोड़ों में भयंकर पीड़ा तथा तेज ज्वर होता है। यह एक प्रकार के विषाणु (Virues) के संक्रमण से होता है जिसे एडीज एजिप्टी नामक मच्छर फैलाते हैं। यह रोग महामारी के रूप में अचानक फैलता है। इस रोग को हड्डी तोड़ ज्वर भी कहते हैं। डेंगू बुखार से पीड़ित रोगी के रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या कम हो जाती है।

**70. मलेरिया परजीवी की निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था संक्रामक है?**

(a) शाइजोजाइट (b) स्पोरोजोआइट
(c) ट्रोफोजोआइट (d) स्पोरोब्लास्ट

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

मलेरिया परजीवी की स्पोरोजोआइट (Sporozoite) अवस्था संक्रामक होती है।

**71. टॉक्सिकोलॉजी का संबंध किसके अध्ययन से है?**

(a) वायरसों के (b) बैक्टीरिया के
(c) रोगों के (d) विषों के

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

विषों के अध्ययन को टॉक्सिकोलॉजी, विषाणुओं के अध्ययन को वाइरोलॉजी, जीवाणुओं के अध्ययन को बैक्टीरियोलॉजी तथा रोगों के अध्ययन को पैथोलॉजी कहते हैं।

**72. प्रत्यम्ल (एंटासिड) किससे राहत दिलाने वाली ओषधियों में पाया जाता है?**

(a) नेत्रदृष्टि (b) पेट दर्द
(c) मुंहासे (d) सिरदर्द

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

एंटासिड पेट में बढ़ी अम्लता (Acidity) को कम करके पेट दर्द से राहत दिलाता है।

**73. निम्न में से कौन-सी धातु इटाई-इटाई रोग पैदा करती है?**

(a) कैडमियम (b) क्रोमियम
(c) कोबॉल्ट (d) कॉपर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

इटाई-इटाई रोग कैडमियम के विष के द्वारा होता है। यह सबसे पहले जापान के जिनजु नदी में पाया गया था। इसमें जोड़ों में दर्द, हड्डियों का मुलायम होना और किडनी का फेल होना होता है।

**74. इटाई-इटाई नामक बीमारी के लिए कौन-सा धातु उत्तरदायी होता है?**

(a) कैडमियम (b) निकेल
(c) क्रोमियम (d) पारा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 8 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**75. यदि अपशिष्ट पदार्थ पीने के पानी के स्रोत को दूषित कर दें, तो निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी फैल जाएगी?**

(a) स्कर्वी (b) टाइफॉइड
(c) मलेरिया (d) अरक्तता

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

यदि अपशिष्ट पदार्थ पीने के पानी के स्रोत को दूषित कर दें, तो टाइफॉइड की बीमारी फैल जाती है।

**76. वायरल संक्रमण से होने वाला रोग है-**

(a) टाइफॉइड (b) विषूचिका
(c) जुकाम (d) मलेरिया

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

जुकाम (कॉमन कोल्ड) एक वायरल संक्रमण से होने वाला रोग है जो वाइरस से फैलता है, जबकि टाइफॉइड एक जीवाणु सॉल्मोनेला टाइफी द्वारा और मलेरिया प्रोटोजोआ के प्लाज्मोडियम प्रजाति द्वारा फैलता है।

**77. साधारण जुकाम पैदा किया जाता है—**

(a) वाइरस द्वारा (b) बैक्टीरिया द्वारा
(c) प्रोटोज़ोआ द्वारा (d) एककोशिक शैवाल द्वारा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**78. 'दुग्ध शर्करा' है—**

(a) लैक्टोज (b) माल्टोज
(c) गैलेक्टोज (d) सुक्रोज

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

लैक्टोज को दुग्ध शर्करा कहते हैं। यह एक डाइसैकेराइड शर्करा होती है, जो ग्लूकोज और गैलेक्टोज का बना होता है।

**79. निम्नलिखित में से कौन-सा जीवाणु दही के गठन के लिए उत्तरदायी होता है?**

(a) लाइकोपोडियम (b) खमीर (यीस्ट)
(c) लेक्टोबैसिलस (d) फफूंद या कवक

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

दूध से दही के निर्माण का कार्य लैक्टोबैसिलस जीवाणु द्वारा किया जाता है। इसके अलावा ये जीवाणु शरीर के कोलेस्ट्रॉल को सामान्य बनाए रखने में सहायक होते हैं। जीवाणु प्रोकैरियाटिक कोशिका वाले सूक्ष्म जीव हैं, जिनमें अविकसित केंद्रक पाया जाता है।

**80. जैव निम्नीकृत अपशिष्ट को किसकी सहायता से उपयोगी पदार्थ में रूपांतरित किया जा सकता है?**

(a) जीवाणु (b) न्यूक्लिक प्रोटीन
(c) रेडियो सक्रिय पदार्थ (d) विषाणु

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

जैव निम्नीकृत अपशिष्ट (Bio-degradable Wastes) को जीवाणु (Bacteria) की सहायता से उपयोगी पदार्थ में रूपांतरित किया जा सकता है।

**81. वायुमंडलीय नाइट्रोजन के भीतर नाइट्रेटों का सूक्ष्मजीवीय विघटन यह कहलाता है-**

(a) विनाइट्रीकरण (b) अमोनियाकरण
(c) पुट्रीफेक्शन (d) नाइट्रीकरण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

नाइट्रेटों के सूक्ष्मजीवीय विघटन (Microbial Degradation) के फलस्वरूप नाइट्रेट का वायुमंडलीय नाइट्रोजन में विघटन विनाइट्रीकरण कहलाता है। यह क्रिया मुख्यतः विनाइट्रीकारी जीवाणुओं द्वारा होती है। उदाहरण थायोबैसिलस डिनाइट्रीफिकेन्स, स्यूडोमोनास डिनाइट्रीफिकेन्स आदि।

**82. सूची-I में दिए गए संक्रामक स्रोतों का सूची-II में दिए गए तद्‌जनित रोगों से मिलान कीजिए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) बैक्टीरियम | 1. कालाज़ार |
| (B) फंगस | 2. तपेदिक |
| (C) प्रोटोजोआ | 3. इंफ्लुएंजा |
| (D) वायरस | 4. दाद |

(a) A-1, B-2, C-4, D-3
(b) A-2, B-4, C-1, D-3
(c) A-3, B-1, C-2, D-4
(d) A-4, B-2, C-3, D-1

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

सही सुमेलन है–

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| बैक्टीरियम | - | तपेदिक |
| फंगस | - | दाद |
| प्रोटोजोआ | - | कालाजार |
| वायरस | - | इंफ्लुएंजा |

**83. जीवाणु (बैक्टीरिया) कौन-सी बीमारी पैदा करने वाले जीव हैं?**

(a) मलेरिया (b) एड्स
(c) गलसुआ (मम्प्स) (d) यक्ष्मा (तपेदिक)

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया से यक्ष्मा (तपेदिक) रोग होता है।

**84. मिट्टी के अपमार्जक कौन होते हैं?**

(a) जीवाणु (b) विषाणु

(c) शैवाल (d) कवक

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

जीवाणु प्राकृतिक अपमार्जक (Scavengers) हैं। ये मृत व सड़े हुए पदार्थों का प्रयोग कर मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाते हैं।

**85. जीवाणु की खोज किसने की थी?**

(a) एंटोनी वॉन ल्यूवेन्हॉक (b) रॉबर्ट ब्राउन

(c) रॉबर्ट हुक (d) रॉबर्ट कोच

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

जीवाणुओं की खोज एंटोनी वॉन ल्यूवेन्हॉक (Antonie Van Leewenhock) ने की थी। इन्हें सूक्ष्म-जैविकी का जनक (Father of Microbiology) कहते हैं।

**86. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कोड में से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I (खोजकर्ता) | सूची-II (खोज) |
|---|---|
| A. जेनर | 1. रुधिर वर्ग |
| B. वॉटसन | 2. पेनिसिलीन |
| C. लैंडस्टीनर | 3. टीकाकरण |
| D. फ्लेमिंग | 4. द्विकुंडली |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

सही सुमेलन है–

| खोजकर्ता | | खोज |
|---|---|---|
| जेनर | - | टीकाकरण |
| वॉटसन | - | द्विकुंडली |
| लैंडस्टीनर | - | रुधिर वर्ग |
| फ्लेमिंग | - | पेनिसिलीन |

**87. प्रतिरक्षण तकनीक का विकास किसने किया था?**

(a) जोसेफ लिस्टर (b) लुई पाश्चर

(c) एडवर्ड जेनर (d) रॉबर्ट कोच

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

प्रतिरक्षण तकनीक (टीकाकरण) का विकास एडवर्ड जेनर ने किया था।

**88. एंटीबायटिक (प्रतिजैविक) क्या होता है?**

(a) मानव कोशिका में संश्लेषित रसायन जो सूक्ष्म जीवों से रक्षा करता है

(b) किसी सूक्ष्म जीव द्वारा संश्लेषित रसायन जो अन्य सूक्ष्म जीवों से रक्षा करता है

(c) रक्त कोशिकाओं द्वारा निर्मित पदार्थ जो कीटाणुओं से रक्षा करता है

(d) रक्त कोशिकाओं द्वारा निर्मित पदार्थ जो संक्रमण का सामना करता है

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

प्रतिजैविक (एंटीबायटिक) किसी जीव द्वारा संश्लेषित एक यौगिक होता है जो रोगाणुओं की वृद्धि को निरुद्ध करता है। उदाहरण- पेनिसिलीन, स्ट्रेप्टोमाइसिन, क्लोरोमाइसिटिन इत्यादि।

**89. एक चिकित्सा प्रक्रिया, जिसके दौरान ऊतक का एक छोटा सा नमूना शरीर के एक भाग से हटा दिया जाता है, वह है........**

(a) एमआरआई (b) सीटी स्कैन

(c) बायोप्सी (d) सभी विकल्प सही हैं।

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

बायोप्सी (Biopsi) एक चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसके दौरान ऊतक का एक छोटा-सा नमूना शरीर के भाग से हटा दिया जाता है। इस नमूने का प्रयोगशाला में परीक्षण कर रोग की उपस्थिति तथा उसके विस्तार क्षेत्र का पता लगाया जाता है।

**90. निम्न में से किस युग्म का विवृत प्रकार का परिसंचरण तंत्र है?**

(a) केंचुआ और जोंक

(b) आदमी और ह्वेल

(c) कॉकरोच और सिल्वर फिश

(d) टैडपोल लारवा और मत्स्य

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

संघ ऑर्थोपोडा के सभी जंतुओं में ऊतक द्रव्य एवं रक्त से भरे असममित पात्रों का बना 'खुला परिसंचरण तंत्र' होता है। बड़े पात्र ही सब मिलकर हीमोसील गुहा बनाते हैं। इस गुहा और छोटे पात्रों में भरा तरल, हीमोग्लोबिन की अनुपस्थिति के कारण, लाल नहीं होता, अतः इसे हीमोलिम्फ कहते हैं। आंतरांग इसी में स्थित होते हैं।

**91. एक कीट के कितने पैर होते हैं?**

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 6

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(d)**

जीव वैज्ञानिकों के अनुसार, जीव जगत में सबसे अधिक संख्या कीटों (Insects) की है। ये आर्थ्रोपोडा संघ के अंतर्गत आते हैं। इनमें तीन जोड़ी अर्थात छः पैर होते हैं।

**92. श्लीपद का कारक है–**

(a) पिनकृमि (b) गोलकृमि

(c) फीताकृमि (d) सूत्राभ कृमि

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(d)**

श्लीपद या हाथीपांव वूकेरेरिया बैंक्रोफ्टाई नामक निमैटोडा द्वारा फैलता है। निमैटोडा का अर्थ सूत्रकृमि (Thread Worms) होता है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर द्वारा फैलता है। बूचिरेरिया बैंक्रोफ्टाई का प्रभाव मनुष्य की लिम्फ ग्रंथियों पर पड़ता है।

**93. श्लीपद के लिए वाहक है-**

(a) क्यूलेक्स मच्छर का डिंब

(b) मादा मच्छर

(c) संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर

(d) मादा ऐनोफेलीज मच्छर

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**94. अष्टभुज (ऑक्टोपस), घोंघा (स्नेल), सीपिया और यूनियो को किस फाइलम में शामिल किया जाता है?**

(a) पॉरिफेरा (b) एनिलीडा

(c) मोलस्का (d) ऑर्थोपोडा

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

अष्टभुज (ऑक्टोपस), घोंघा (स्नेल), सीपिया और यूनियो को फाइलम मोलस्का में शामिल किया जाता है क्योंकि इनका कोमल शरीर खंडयुक्त नहीं होता और इस पर देहभित्ति के वलन से बना मैन्टल नाम का लिफाफेनुमा आवरण होता है।

**95. पर्याणिका (क्लाइटेलम) किसमें पाया जाता है?**

(a) जोंक (b) घोंघा

(c) नेरीस (d) केंचुआ

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

पर्याणिका (क्लाइटेलम) केंचुए व कुछ प्रकार के जोंक की शारीरिक सतह पर पाया जाने वाला ग्रंथीय ऊतक है, जो संयुग्मन के बाद कोकून (Cocoon) का स्रावण करता है।

**96. काइटिनी बहिःकंकाल वाले जीव कौन-से होते हैं?**

(a) कीट (b) स्पंज

(c) समुद्री अर्चिन (d) घोंघे

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(a)**

ऑर्थोपोडा संघ के जीवों का शरीर काइटिन के बाह्य कंकाल से ढका होता है, जो समय-समय पर त्याग दिया जाता है। कीट वर्ग इस संघ का सबसे बड़ा वर्ग है।

**97. 'माइकोप्लाज्मा' जिस रोग से संबद्ध है, वह निम्नलिखित में से किन अवयवों को प्रभावित करता है?**

(a) श्वास संबंधी (b) उत्सर्जन संबंधी

(c) प्रजनन संबंधी (d) पाचन संबंधी

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

'माइकोप्लाज्मा' को पी.पी.एल.ओ. (प्ल्यूरोन्यूमोनिया लाइक आर्गेनिज्म) नाम दिया। इससे मनुष्यों तथा जानवरों में न्यूमोनिया (श्वास संबंधी बीमारी) हो जाती है जिससे श्वसन-तंत्र प्रभावित होता है।

**98. कला और शिल्प में प्रयोग किए जाने वाले किस रसायन से एनीमिया और ल्यूकीमिया हो सकता है?**

(a) बेंजीन (b) डायोअक्सीन

(c) थैलेट (d) एल्ड्रिन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(a)**

बेंजीन नामक रसायन के कारण एनीमिया और ल्यूकीमिया रोग हो सकता है। यह प्रतिरक्षा तंत्र को कमजोर करता है।

**99. निम्न में से किस जंतु में तंत्रिका-तंत्र नहीं होता?**

(a) जोंक (b) टेपवर्म

(c) अमीबा (d) घोंघा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

अमीबा की खोज रसेल-वॉन रोसेनहॉफ ने किया था। यह प्रोटोजोआ संघ का प्राणी है। इसके गमन के लिए कूटपाद (स्यूडोपोडिया) होता है। अमीबा में तंत्रिका-तंत्र नहीं होता है।

**100. निम्नलिखित जोड़ों में से किसका मेल सही बैठा है?**

(a) टिटेनस - बी.सी.जी.

(b) राजयक्ष्मा (टी.बी.) - ए.टी.एस.

(c) मलेरिया - क्लोरोक्वीन

(d) स्कर्वी - थायमीन

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

मलेरिया प्रोटोजोआ (प्लाज्मोडियम) द्वारा होता है। यह मच्छर द्वारा फैलता है। इसके उपचार के लिए क्लोरोक्वीन का उपयोग करते हैं। टिटेनस के लिए डी.पी.टी. का वैक्सीन देते हैं। टी.बी. के लिए बी.सी.जी. वैक्सीन देते हैं। स्कर्वी विटामिन C की कमी से होता है।

**101. सूची-I के कीट रोगवाहकों का सूची-II में दिए गए संचरित रोगों से सही जोड़ा मिलाइए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| **(A) ऐनोफेलीज (मादा)** | **1. कालाजार** |
| **(B) क्यूलेक्स** | **2. नींद की बीमारी** |
| **(C) रेत मक्खी** | **3. फाइलेरियासिस** |
| **(D) सी-सी मक्खी** | **4. मलेरिया** |

(a) A-1, B-4, C-2, D-3 (b) A-2, B-1, C-4, D-3

(c) A-3, B-2, C-1, D-4 (d) A-4, B-3, C-1, D-2

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

सही सुमेलन है–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| ऐनोफेलीज (मादा) | मलेरिया |
| क्यूलेक्स | फाइलेरियासिस |
| रेत मक्खी | कालाजार |
| सी-सी मक्खी | नींद की बीमारी |

**102. अमीबी पेचिश पैदा होती है—**

(a) एंटअमीबा हिस्टोलिटिका द्वारा

(b) साल्मोनेला टॉइफी द्वारा

(c) ई. कोलाई द्वारा

(d) स्ट्रेप्टोकोकस पायोजीन्ज़ द्वारा

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

अमीबी पेचिश एंटअमीबा हिस्टोलिटिका द्वारा होता है। यह परजीवी बड़ी आंत के अगले भाग में रहता है। यह प्रदूषित जल में रहता है। इससे आंत में घाव हो जाता है। घाव से ऑव एवं रक्त रिसकर दस्त के साथ बाहर निकलता है। इसके उपचार के लिए डिपीनडॉल-M, एमजॉल इत्यादि दवाइयां ली जाती हैं।

**103. पेय जल में 'एंटअमीबा हिस्टोलिटिका' का होना एक संकेत है—**

(a) बैक्टीरियाई प्रादुर्भाव का (b) प्रदूषित जल का

(c) स्वच्छ जल का (d) कार्बनिक द्रव्य के क्षय का

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**104. निम्नलिखित में से कौन-सा कृमि फीताकृमि होता है?**

(a) फैसिओला (b) शिस्टोसोमा

(c) टीनिया (d) एन्टेरोबियस

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

टीनिया सोलियम को पोर्क टेपवार्म कहते हैं तथा टीनिया सौजिनेटा को बीफ टेपवार्म कहते हैं। टीनिया फीताकृमि (Tape-worm) होता है।

**105. मधुमक्खियों के प्रजनन एवं प्रबंधन को क्या कहते हैं?**

(a) सेरीकल्चर (b) सिल्वीकल्चर

(c) पिसीकल्चर (d) एपीकल्चर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

मधुमक्खियों के प्रजनन एवं प्रबंधन को एपीकल्चर कहते हैं।

**106. निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति के कारण गिरगिट रंग बदलता है?**

(a) हीमोग्लोबिन (b) वर्णकी लवक

(c) क्लोरोफिल (d) वातरंध्र

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

गिरगिट की ऊपरी त्वचा पारदर्शी होती है जिसके नीचे विशेष कोशिकाओं की परतें होती हैं जिन्हें वर्णकी लवक (Chromatophore) कहां जाता है। इनकी उपस्थिति के कारण ही गिरगिट रंग बदलता है।

**107. 'ट्यूब के भीतर ट्यूब' प्रकार का शारीरिक प्लान पाया जाता है—**

(a) समुद्री ऐनीमोन में (b) जोंक (लीच) में

(c) अमीबा में (d) साइकॉन में

**S.S.C. F.C.I परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

ऐसे जंतु जिनकी आधारभूत शारीरिक योजना ट्यूब के भीतर ट्यूब की तरह होती है ऐनेलिड कहलाते हैं। जोंक भी ऐनीलिडा संघ का जंतु है।

**108. क्लोरोमाइसिटिन है—**

(a) पूतिरोधी (b) प्रतिअवसादक

(c) पीड़ाहारी (d) प्रतिजीवाणुक

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

आंत्रज्वर नामक रोग सॉल्मोनेला टॉइफी नामक जीवाणु द्वारा होता है। इसका प्रसार संदूषित भोजन तथा पानी द्वारा होता है। इस रोग के उपचार के लिए प्रतिजीवाणुक (एंटीबायोटिक) के रूप में क्लोरोमाइसिटिन (क्लोरेमफेनिकोल) नामक दवा दी जाती है।

**109. इसकी खोज के कारण वाक्समैन को नोबेल पुरस्कार दिया गया-**

(a) स्ट्रैप्टोमाईसिन (b) क्लोरोमाईसिटिन

(c) निओमाईसिन (d) पैनिसिलीन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

स्ट्रैप्टोमाईसिन की खोज के लिए वाक्समैन को नोबेल पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार इन्हें वर्ष 1952 में फिजियोलॉजी या चिकित्सा क्षेत्र में दिया गया।

**110. पुरुष में मर्करी के विषाक्तन से कौन-सा रोग होता है?**

(a) ब्लैक लंग (b) एरसेनिकोसिस

(c) मीनामाता (d) इटाई-इटाई

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

पारे की विषाक्तता से मिनीमाता नामक रोग हो जाता है। सर्वप्रथम वर्ष 1956 में जापान के मिनीमाता शहर में इस रोग का पता चला था। यह तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है।

**111. मिनीमाता रोग किसके द्वारा पानी के प्रदूषण से फैलता है?**

(a) टिन (b) मेथिल आइसोसायनेट

(c) पारद (d) लेड

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**112. श्वेत फुफ्फुस रोग पाया जाता है—**

(a) कागज उद्योग के कर्मचारियों में

(b) सीमेंट उद्योग के कर्मचारियों में

(c) कपास उद्योग के कर्मचारियों में

(d) पीड़कनाशक उद्योग के कर्मचारियों में

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

श्वेत फुफ्फुस रोग या Asbestosis सीमेंट उद्योग से संबंधित कर्मचारियों में पाया जाता है।

**113. कुछ सूक्ष्म जीवों की सहायता से वायुमंडल में पोषक तत्वों का पुनःचक्रण होता है। इन सूक्ष्म जीवों को क्या कहते हैं?**

(a) उत्पादक (b) उपभोक्ता

(c) अपघटक (d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

सूक्ष्मदर्शी के जरिए सूक्ष्म जीवों को सर्वप्रथम एंटोनी वॉन ल्यूवेन हॉक ने देखा था। सूक्ष्म जीव वातावरण में अपशिष्ट पदार्थों का क्षय करते हैं जिससे वे पोषक तत्वों में बदल जाते हैं। इन्हें सूक्ष्म जीवों का अपघटक कहते हैं।

**114. पशुओं में पैर और मुख रोग का कारण है-**

(a) फंजाई (b) पेनिसिलियम

(c) बैक्टीरिया (d) वाइरस

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

पैर और मुख रोग एक संक्रामक वाइरल रोग है। इसमें पशुओं के मुख व पैरों में छाले पड़ जाते हैं जो बाद में फट जाते हैं, जिनके कारण पशु में लंगड़ापन हो जाता है।

**115. पौधे का आर्द्र पतन रोग किसके कारण होता है?**

(a) पिथियम डिबैरिएनम

(b) पेरोनोस्पोला पैरासाइटिका

(c) फाइटोफ्थोरा इंफेस्टन्स

(d) एलबुगो कैंडीडा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

पौधों का आर्द्रगलन या आर्द्रपतन (Damping off of seedlings) रोग पिथियम डिबैरिएनम (Pythium debaryanum) नामक कवक से होता है।

**116. गन्ने की लाल सड़ांध किसके कारण बनती है?**

(a) ऑल्टरनेरिय आल्टरनेटा

(b) फाइलोफ्थोरा इन्फेस्टन्स

(c) कौलेटोट्राइकम फैलकेटम

(d) सर्कोस्पोरा पर्सोनेटा

**S.S.C C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

गन्ने की लाली सड़ांध (Red rot of Sugarcane) रोग कौलेटोट्राइक्रम फैलकेटम नामक कवक द्वारा होता है।

## ❑ जैव विकास

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ जीवों का_________ उनके विकास के संबंधों का प्रतिबिंब है। **— वर्गीकरण**

☞ आधारभूत संरचना/आकार में समान, भिन्न-भिन्न कार्यों को करने के लिए रूपांतरित अंग क्या कहलाते हैं? **— समजात अंग**

☞ सही सुमेलित है-

| **वैज्ञानिक** | **योगदान** |
|---|---|
| चार्ल्स रॉबर्ट डार्विन | जैव विकास का सिद्धांत |
| ग्रेगर जॉन मेंडल | वंशानुगति के नियम |
| जे.बी.एस. हल्डेन | पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति |

☞ अंग जिनकी संरचना तथा घटक भिन्न होते हैं परंतु समान कार्य करते हैं ______ कहलाते हैं। **— समरूप अंग**

☞ डार्लस्टोथेरीम न्यूमनी नामक मानवजाति के सबसे प्राचीन स्तनपायी पूर्वज को_______ में खोजा गया है। **— यूनाइटेड किंगडम**

☞ मेंढक, छिपकली, पक्षी तथा मानव के पाद ..... उदाहरण हैं। **— समजात अंग के**

☞ चमगादड़ के पंख तथा पक्षी के पंख ....... अंग के उदाहरण हैं। **— समरूप**

☞ मेंडल को________के रूप में जाना जाता है। **— जेनेटिक्स के जनक**

☞ उद्‌विकास का सिद्धांत किसने विकसित किया? **— चार्ल्स डार्विन ने**

☞ प्रसिद्ध विकासवादी चार्ल्स डार्विन ने अपनी किस पुस्तक में अपने सिद्धांत का प्रतिपादन किया? **— द ऑरिजिन ऑफ स्पीसीज**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

**1. 'डार्विन फ़िंचिज़' का प्रयोग किस समूह के लिए किया जाता है?**

(a) मछलियों के लिए

(b) छिपकलियों के लिए

(c) पक्षियों के लिए

(d) उभयचरों के लिए

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

डार्विन ने गैलेपैगोस द्वीपसमूह के जीव-जंतुओं का अध्ययन किया। इसमें उन्होंने एक प्रकार की चिड़िया (डार्विन फ़िंचिज़) की मिलती-जुलती किस्में देखीं। डार्विन की फ़िंचिज़ एक भौगोलिक वितरण का प्रमाण है।

**2. डी व्रीज ने किस सिद्धांत का प्रतिपादन किया?**

(a) जाति-उद्‌भवन का सिद्धांत

(b) विनिमय का सिद्धांत

(c) प्राकृतिक चयन का सिद्धांत

(d) उत्परिवर्तन का सिद्धांत

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

जीन, आनुवांशिकता की मूलभूत शारीरिक इकाई है। इसी में हमारी आनुवांशिक विशेषताओं की जानकारी होती है। जब कोशिकाओं के केंद्र में स्थित डी.एन.ए. में कोई स्थायी परिवर्तन होता है तो उसे 'उत्परिवर्तन' (Mutation) कहा जाता है। 'ह्यूगो डी व्रीज' ने उत्परिवर्तन के सिद्धांत का प्रतिपादन किया।

3. **पुनरावर्तन सिद्धांत किसने प्रस्तुत किया था?**

(a) वीसमैन (b) अर्नेस्ट हैकेल

(c) मॉर्गन (d) मूलर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

पुनरावर्तन सिद्धांत अर्नेस्ट हैकेल (Ernst Haeckel) ने प्रस्तुत किया था।

4. **निम्नलिखित में से कौन-सा मानव शरीर का एक अवशेषी अंग नहीं है?**

(a) थायमस ग्रंथि (b) अकल की दाढ़

(c) ग्रसनी (फैरिक्स) (d) गलग्रंथि

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(*)**

मानव शरीर में 100 से अधिक अवशेषी अंग पाए जाते हैं। इनमें से नेत्रों की प्लिका सेमीलुनेरिस, कर्ण पल्लवों की पेशियां, त्वचा के बाल, पुच्छ कशेरुकाएं अर्थात कोक्सिक्स, उण्डुकपुच्छ (Vermiform Appendix) अकल दाढ़ (Wisdom Teeth) आदि प्रमुख हैं।

5. **निम्न में से कौन-से समजात अंग हैं?**

(a) कीटों और पक्षियों के पंख

(b) मछली और बिल्ली की पूंछ

(c) मगर की त्वचा और पक्षियों के पंख

(d) घोड़े और आदमी का अग्रपाद

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

वे अंग जो आकार और कार्यों में असमान किंतु उत्पत्ति और मूल संरचना में समान होते हैं समजात अंग कहलाते हैं। घोड़े और मनुष्य के अग्रपाद समजात अंग के उदाहरण हैं।

6. **एक पक्षी तथा कीट के पर क्या होते हैं?**

(a) समजात अवयव (b) समवृत्ति अवयव

(c) अवशेषी अवयव (d) अल्पविकसित अवयव

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

एक पक्षी तथा कीट के पर समवृत्ति अवयव होते हैं।

7. **पक्षियों और कीटों के पंख कैसे होते हैं?**

(a) अयुक्तिसंगत (b) पोषक

(c) समवृत्ति (d) समजात

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

8. **कीट में क्या-क्या होता है?**

(a) तीन जोड़ी टांगें (b) चार जोड़ी टांगें

(c) सिर, वक्ष और पेट (d) पंखों का जोड़ा और एंटीना

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

कीट आर्थोपोडा संघ का एक प्रमुख वर्ग है। इनका शरीर सिर, वक्ष और उदर में बंटा रहता है। प्रायः सभी खंडों के पार्श्व की ओर एक संधियुक्त शाखांग होते हैं।

9. **'योग्यतम की उत्तरजीविता' की संकल्पना का समर्थन सबसे पहले किया था—**

(a) ओपेरिन ने (b) डार्विन ने

(c) स्पेन्सर ने (d) हैकेल ने

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

'योग्यतम की उत्तरजीविता' टर्म स्पेन्सर ने दिया था। सर्वप्रथम डार्विन ने 'योग्यतम की उत्तरजीविता' को 'प्राकृतिक वरण' का समानार्थी मानते हुए इस संकल्पना का समर्थन किया था।

10. **पक्षी-विज्ञान किसका अध्ययन है?**

(a) पक्षी (b) मक्खी

(c) परुषकवची (d) कीट

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

पक्षी-विज्ञान (Ornithology) जंतु विज्ञान की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पक्षियों का अध्ययन किया जाता है।

11. **जीवन की रासायनिक संश्लेषण से उत्पत्ति को प्रयोगशाला में किसके द्वारा सिद्ध किया गया था?**

(a) मिलर (b) अरस्तू

(c) पाश्चर (d) सांगेर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

जीवन की रासायनिक संश्लेषण से उत्पत्ति को प्रयोगशाला में मिलर (Miller) द्वारा सिद्ध किया गया था। इन्होंने प्रबल ऊर्जा की उपस्थिति में मीथेन, हाइड्रोजन, जलवाष्प एवं अमोनिया के संयोजन से एमीनो अम्लों, सरल शर्कराओं तथा अन्य कार्बनिक यौगिकों के संश्लेषण की संभावना को सिद्ध किया।

12. शैवाल विज्ञान किसका अध्ययन है?

(a) कवक (b) शैवाल

(c) जीवाणु (d) लाइकेन

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

शैवाल विज्ञान (Phycology) वनस्पति विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत शैवाल का अध्ययन किया जाता है।

**13. डार्विन के विकास के सिद्धांत के अनुसार, जिराफ की लंबी गर्दन-**

(a) पीढ़ी-दर-पीढ़ी ऊंचे पेड़ों पर पत्तों तक पहुंचने के सतत प्रयास के कारण बनी

(b) से उसे कोई लाभ नहीं है और मात्र एक संयोग है

(c) उसे आहार प्राप्त करने का लाभ देती है जिसके कारण लंबी गर्दन वाले जीवित रहते हैं

(d) अफ्रीकी सवाना के विशेष मौसम का परिणाम है

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

डार्विन के विकास के सिद्धांत के अनुसार, जिराफ़ की लंबी गर्दन उसे आहार प्राप्त करने में लाभप्रद होती है जिसके कारण लंबी गर्दन वाले जीवित रहते हैं। डार्विन 'योग्यतम की उत्तरजीविता' के सिद्धांत के समर्थक थे।

**14. वे सभी गुण तथा लक्षण जो जंतुओं को उनके परिवेश से अनुकूलन में सहायक होते हैं ______ की प्रक्रिया का परिणाम है।**

(a) परिपक्वन (b) उद्विकास

(c) अनुक्रम (d) नवीनीकरण

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

वे सभी गुण तथा लक्षण जो जंतुओं को उनके परिवेश से अनुकूलन में सहायक होते हैं उद्विकास (Evolution) की प्रक्रिया का परिणाम है। डार्विन के अनुसार, उद्विकास की प्रक्रिया प्राकृतिक चयन के सिद्धांत पर आधारित है।

**15. डार्विन की पुस्तक 'ऑन द ऑरिजिन ऑफ स्पीशीज' कब प्रकाशित हुई थी?**

(a) 1849 (b) 1859

(c) 1869 (d) 1879

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

डार्विन की पुस्तक 'ऑन द ओरिजिन ऑफ स्पीशीज' 1859 ई. में प्रकाशित हुई थी। इसमें इन्होंने 'विकास का सिद्धांत' प्रतिपादित किया था।

**16. निम्नलिखित में से किसका संबंध डार्विनवाद के साथ है?**

(a) प्रयोग और दुष्प्रयोग का नियम (b) उत्परिवर्तन

(c) जर्मप्लाज़्म का सिद्धांत (d) प्राकृतिक वरण

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

चार्ल्स डार्विन का जैव विकास के संबंध में विचार विस्तारपूर्वक उनकी पुस्तक 'Origin of Species by means of Natural Selection (प्राकृतिक चयन द्वारा जातियों का विकास) में 1859 ई. में प्रकाशित हुआ। ह्यूगो डी व्रीज उत्परिवर्तन के सिद्धांत से संबंधित हैं।

**17. 'नेचुरल सेलेक्शन' द्वारा ऑरिजिन ऑफ लाइफ पुस्तक किसने लिखी थी?**

(a) चार्ल्स डार्विन (b) लैमार्क

(c) ह्यूगो डी व्रीज (d) चार्ल्स डिकेन्स

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. समुद्री व्हेल में अग्रपाद किस रूप में परिष्कृत होते हैं?**

(a) मीनपक्ष (b) स्लीपर

(c) ग्रिपर (d) फ्लैपर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

समुद्री व्हेल में अग्रपाद मीनपक्ष (Flippers) के रूप में परिष्कृत होते हैं।

**19. निम्न में से कौन-सी एक संकटापन्न जाति है?**

(a) ब्लैक बक (कृष्ण सार)

(b) भराल

(c) गंग डॉल्फिन

(d) मिथुन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

पौधे एवं जीव जंतुओं का ऐसा समूह, जो विलुप्त के कगार पर हो अथवा जिसके अस्तित्व पर संकट हो संकटापन्न प्रजाति में सम्मिलित किए जाते हैं। गंग डॉल्फिन संकटापन्न जाति में सम्मिलित हैं।

## ❑ विविध

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ प्रतिजैविक, पीड़ाहारी, एन्टैसिड, प्रतिरोधी में से किस औषधि का उपयोग अपच का उपचार करने के लिए होता है? **— एन्टैसिड**

☞ जैविक नाम प्रायः किस भाषा से प्राप्त होते हैं? **— लैटिन**

☞ ओरेलिया (मेडुसा) और एडमसिया (पालिप) किस संघ के उदाहरण हैं? **— सिलेंट्रेटा**

☞ एडमसिया (समुद्र ऐनीमोन), पेनेट्युला (समुद्री पिच्छ) किस संघ के उदाहरण हैं? **— सिलेंट्रेटा**

☞ मैंजीफेरा इंडिका (आम), सोलेनम टयूबीरोसम (आलू) और पेंथरा लियो (शेर) इन नामों में इंडिका, टयूबीरोसम और लियो क्या प्रतिनिधित्व करते हैं? **— जाति संकेत पद**

☞ एनेलिडा और आर्थ्रोपोडा, आदि में एक ही अक्ष से गुजरने वाली रेखा द्वारा शरीर दो समरूप दाएं व बाएं भाग में बांटा जा सकता है। इसे —— सममिति कहते हैं। **— द्वीपार्श्व**

☞ एंटासिड, एंटीसेप्टिक, एनाल्जेसिक तथा एंटीबायोटिक में से किसे अजीर्ण के इलाज के लिए उपयोग किया जाता है? **— एंटासिड**

☞ मिनामाता रोग एक तंत्रिका विकार है, जो —— से ग्रसित मछली के सेवन से होता है। **— पारा**

☞ टिड्डी, तितली, बिच्छू और झींगा सभी किस संघ के उदाहरण हैं? **— आर्थ्रोपोडा के**

☞ यूग्लीना, पैरामिशियम, गोन्युलैक्स तथा माइकोप्लाज्मा में से किसमें कोशिकाभित्ति नहीं होती है? **— माइकोप्लाज्मा में**

☞ सिलेंट्रेटा, टीनोफोर और एकाइनोडर्म की शरीर सममिति किस प्रकार की होती है? **— अरीय**

☞ परजीविता क्या है?
**— ऐसी संगति जिसमें एक प्रजाति का लाभ तथा अन्य प्रजातियों को नुकसान पहुंचता हो**

☞ सहजीवन क्या है?
**— ऐसी संगति जो दोनों भागीदारों के अस्तित्व के लिए आवश्यक हो**

☞ 'जीवविज्ञान के पिता' किसे कहा जाता है? **— अरस्तू को**

☞ वर्गीकरण की उच्चतम इकाई ________ है। **— किंगडम**

☞ ______के वलय कंठ में यह सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित होते हैं कि वायु मार्ग निपतित नहीं हो। **— उपस्थि**

☞ वह प्रक्रिया जिसमें एक जीव अनेक टुकड़ों में काटा जा सकता है तथा प्रत्येक नए जीव में विकसित हो जाता है,______ कहलाता है। **— पुनरुद्भवन**

☞ किस प्रकार के एपिथीलियम ऊतक आहारनली के अस्तर अथवा फेफड़ों की कूपिका में वर्णात्मक पारगम्य झिल्ली द्वारा पदार्थों के संवहन की अनुमति देते हैं? **— सरल शल्की एपिथीलियम**

☞ सही सुमेलित है-

| जीव | विखंडन की विशेषता |
|---|---|
| अमीबा | विखंडन किसी भी तल पर हो सकता है |
| लेस्मानिया | विखंडन एक निर्धारित तल पर होता है |
| प्लाज्मोडियम | बहुखंडन द्वारा अनेक संतति कोशिकाएं |

☞ रोटावैक, हीमोफाईल, पेंटावैक तथा न्यूमोकोका में से कौन-सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूर्व अहर्ता प्राप्त, भारत की ओर से देश में ही विकसित प्रथम टीका है? **— रोटावैक**

☞ किस श्रेणी के यौगिक ऊर्जा के सर्वाधिक संकेंद्रित स्रोत होते हैं? **— वसा**

☞ 'धन्वंतरि पुरस्कार' किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है? **— चिकित्सा क्षेत्र**

☞ गर्भाशय में शिशु के विकास की जानकारी हेतु किसका प्रयोग किया जाता है? **— अल्ट्रासाउंड**

☞ कौन-सा पुरस्कार चिकित्सा के क्षेत्र में दिया जाता है? **— बी.सी. रॉय पुरस्कार**

☞ पांच जगत वर्गीकरण _______ द्वारा प्रस्तावित की गई थी। **— व्हीट्टेकर**

☞ मानवों में सबसे बड़ा अंग कौन-सा होता है? **— त्वचा**

☞ मायोपिया किसे प्रभावित करता है? **— आंखों को**

☞ त्वचा की सबसे बाहरी परत क्या होती है? **— इपिडर्मिस**

☞ भेड़ की प्रथम स्तनपायी प्रतिरूप (क्लोन) का नाम है। **— डॉली**

☞ रीढ़ की हड्डीवाले प्राणी (वर्टिब्रेट)______प्रजाति के अंतर्गत आते हैं। **— कॉर्डेटा**

☞ कीटों में स्थित श्वसन अंग का नाम है **— श्वास-नली**

☞ _______में उच्चतर वर्ग होने के कारण कुलों के समूह होते हैं जिनके कुछ लक्षण एक समान होते हैं। **— गण (ऑर्डर)**

☞ द्विपदीय नामकरण पद्धति की स्थापना________द्वारा की गई थी। **— केरोलस लीनियस (कार्लवॉनलिने)**

☞ पक्षियों द्वारा की जाने वाली परागण की प्रक्रिया को____के नाम से भी जाना जाता है। — **ऑर्निथोफिली**

☞ कौन-सा तिलचट्टे का उत्सर्जन अंग है? — **मैलपीघियन ट्युबुल्स**

☞ कौन-से जीवाणुओं को जीवित और अजीवित दोनों माना जाता है? — **वायरस को**

☞ दालें किसकी प्रचुर स्रोत हैं? — **प्रोटींस की**

☞ केंचुए________प्रजाति के अंतर्गत आते हैं। —**एनीलिडा**

☞ झींगा__________प्रजाति के अंतर्गत आता है। — **आर्थ्रोपोडा**

☞ कवकों के अध्ययन को कहा जाता है? — **मायकोलॉजी**

☞ अमीबा__________प्रजाति के अंतर्गत आता है। — **प्रोटोजोआ**

☞ सांप का जहर अत्यधिक संशोधित लार होती है, जिसमें ____होता है। — **जूटॉक्सिन्स**

☞ सी-एनीमोंस_________प्रजाति के अंतर्गत आते हैं। — **नीडेरिया**

☞ यूरिक एसिड, अमोनिया, कार्बोहाइड्रेट तथा यूरिया में से किस एक को छोड़कर अन्य सभी प्राणियों द्वारा उत्सर्जित (अवशिष्ट) पदार्थ हैं। — **कार्बोहाइड्रेट**

☞ उच्च सांद्रता के क्षेत्र से उसकी कम सांद्रता वाले क्षेत्र की तरफ एक कोशिका झिल्ली के माध्यम से होने वाले अणुओं के संचलन को______कहते हैं। — **ऑस्मोसिस**

☞ _________पदार्थ की चौथी अवस्था है। — **प्लाज्मा**

☞ पुनेट स्क्वायर में क्रॉस AaBb × Aabb के साथ, कितने AaBb जीनोटाइप बनेंगे? — **4**

☞ पुनेट स्क्वायर में क्रॉस AaBb × AaBb के साथ, कितने Aabb जीनोटाइप बनेंगे? — **2**

☞ सामान्य संवेदनाहारी का आविष्कार किसने किया था? — **हनाओका सीशू ने**

☞ एक्वस बर्चेली________का वैज्ञानिक नाम है। — **जेब्रा**

☞ _______एक दवा या पदार्थ है, जिससे आपको आराम महसूस होता है और वह आपके शरीर के कार्य और प्रतिक्रिया को धीमे करती है। — **डिप्रेसेंट**

☞ डिशवॉशर का आविष्कार_______द्वारा किया गया था। — **जोसेफिन कोचरेन**

☞ कैनिस वल्पिस_________का वैज्ञानिक नाम है। — **लोमड़ी**

☞ सामान्यतः 'सूक्ष्म जीव विज्ञान के जनक' के नाम से किसे जाना जाता है? — **एंटोनी फिलिप वान ल्युएनहॉक**

☞ किस वैज्ञानिक को 'जीव विज्ञान के जनक' के नाम से भी जाना जाता है? — **अरस्तू**

☞ रैटस नार्वेजिकस__________का वैज्ञानिक नाम है। — **चूहा**

☞ इक्वस कैबेलस______________का वैज्ञानिक नाम है। — **घोड़ा**

☞ एटेलिस जियोफ्रोयी_________का वैज्ञानिक नाम है। — **मकड़ी बंदर**

☞ ओविस एरीस_____________का वैज्ञानिक नाम है। — **भेड़**

☞ कवक के अध्ययन को क्या कहा जाता है? — **माइकोलॉजी**

☞ नर मच्छर अपना भोजन कहां से ग्रहण करते हैं? — **पौधों के रस**

☞ वर्णांधता हमारे शरीर में किस कोशिका की गड़बड़ी के कारण होती है? — **शंकु कोशिका**

☞ रेशम कीट अपने जीवन चक्र में किस चरण में वाणिज्यिक प्रयोग का तंतु पैदा करता है? — **प्यूपा**

☞ कौन-सा रासायनिक यौगिक अनिवार्यतः सभी विषाणुओं में पाया जाता है? — **प्रोटीन**

☞ स्वादन से आशय किससे है? — **स्वाद से**

☞ ऑर्निथोफिली किसके द्वारा होता है? — **पक्षी**

☞ अनेस्थेटिक्स के रूप में $N_2$, $N_2O$, $CH_4$ तथा $CO_2$ में से क्या प्रयोग किया जाता है? — **$N_2O$**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

**1. ब्लड (रक्त) कैंसर को आमतौर पर इस नाम से जाना जाता है।**

(a) ल्यूकोडर्मा (b) ल्यूकेमिया
(c) हीमोफीलिया (d) सिकल-सेल एनीमिया

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

ब्लड (रक्त) कैंसर को आमतौर पर 'ल्यूकेमिया' के नाम से जाना जाता है। इस कैंसर में सामान्य रक्त कोशिकाओं में श्वेत रक्त कोशिकाओं (WBC) की मात्रा असामान्य तरीके से बढ़ जाती है।

2. **ल्यूकेमिया या रक्त कैंसर का लक्षण निम्न में से किसमें असामान्य वृद्धि है?**

(a) लाल रक्त कोशिकाएं (b) श्वेत रक्त कोशिकाएं

(c) रक्त-पट्टिकाणु (d) रक्त-प्लाज़्मा

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

3. **भूजल पेयजल का बेहतर स्रोत है क्योंकि इसमें क्या कम होता है?**

(a) मिट्टी (b) बैक्टीरिया

(c) आर्सेनिक (d) शैवाल

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

भूजल, पेयजल का बेहतर स्रोत है क्योंकि इसमें आर्सेनिक की मात्रा कम होती है। उत्तरी भारत तथा बांग्लादेश में भूजल का आर्सेनिक से हो रहा प्रदूषण एक बड़ी समस्या के रूप में उभरा है।

4. **पांच जगत वर्गीकरण का प्रस्ताव किसने दिया था?**

(a) अर्नस्ट मेयर (b) आर.एच. व्हिटेकर

(c) एम.डब्ल्यू. बेजेरिनक (d) डी.आई. इवानोवस्की

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 8 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

पांच जगत वर्गीकरण का प्रस्ताव आर.एच. व्हिटेकर (1969) ने दिया था। इनके अनुसार, समस्त जीवों को पांच जगत (Five Kingdom) यथा-मोनेरा, प्रोटिस्टा, फंजाई, पादप तथा जंतु में बांटा गया है।

5. **एक्सोबायोलोजी एक विज्ञान है जिसका संबंध है-**

(a) लुप्त रूपों के साथ

(b) अन्य ग्रहों में जीवन के साथ

(c) बाह्य अंतरिक्ष में जीवन के साथ

(d) समुद्री आवास में जीवन के साथ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

एक्सोबायोलोजी (Exobiology) विज्ञान की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से इतर बाह्य ग्रहों तथा अंतरिक्ष परतों पर जीवन के बारे में अध्ययन किया जाता है।

6. **मर्मिकोलॉजी किसका अध्ययन है?**

(a) कीट (b) चींटियों

(c) क्रस्टेशियाई (d) आर्थोपोड्स

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

मर्मिकोलॉजी चींटियों के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है। यह एंटोमॉलोजी की एक शाखा है।

7. **कीट विज्ञान अध्ययन है-**

(a) पक्षियों का (b) कीटों का

(c) जीवाश्मों का (d) फफूंद का

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

कीट विज्ञान (Entomology) प्राणिविज्ञान का एक अंग है जिसके अंतर्गत कीटों (Insects) का अध्ययन किया जाता है।

8. **निम्नलिखित में से किसे 'जंतु विज्ञान का जनक' माना जाता है?**

(a) डॉर्विन (b) अरस्तू

(c) हेकेल (d) एडवर्ड जेनर

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

जीव विज्ञान, विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत जीवधारियों (जंतु एवं वनस्पतियों) का अध्ययन किया जाता है। जीव विज्ञान शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम लैमार्क एवं ट्रैविरेनस नामक वैज्ञानिकों ने किया था। अरस्तू को जीव विज्ञान का जनक कहा जाता है। थियोफ्रेस्टस को वनस्पति विज्ञान का पिता कहा जाता है।

9. **फफूंद या कवक के अध्ययन को क्या कहते हैं?**

(a) शरीर क्रियाविज्ञान (फिजियोलॉजी)

(b) मस्तिष्क विज्ञान

(c) कवक विज्ञान

(d) जीव विज्ञान

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

फिजियोलॉजी (Physiology)– शरीर के विभिन्न भागों के कार्य एवं कार्यविधियों का अध्ययन

मस्तिष्क विज्ञान (Phrenology)– कपाल की रचना का मानव के व्यक्तित्व से संबंध का अध्ययन

कवक विज्ञान (Mycology)– फफूंद या कवक का अध्ययन

जीव विज्ञान (Biology)– जीवों (पादप तथा जंतु) का अध्ययन

10. **त्वचा पर बाल-**

(a) मूलतः अधिचर्मी होते हैं और मृत कोशिकाओं से बने होते हैं

(b) मूलतः अधिचर्मी होते हैं और जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं

(c) मूलतः चर्मी होते हैं और जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं
(d) मूलतः चर्मी होते हैं और मृत कोशिकाओं से बने होते हैं

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

त्वचा पर बाल मूलतः चर्मी होते हैं और मृत कोशिकाओं से बने होते हैं। बाल किरेटिन (Keratin) नामक प्रोटीन से निर्मित होते हैं।

**11. पुरुष जनन तंत्र के शरीर में वृषण उदर गुहा के बाहर एक थैली में स्थित होते हैं जिसे_________कहते हैं।**
(a) ग्रंथियां (b) वृषणकोष
(c) वृषण पालिका (d) शुक्रजनक नलिकाएं

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातकस्तरीय (T-I) 19 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर—(b)**

मानव शरीर में दो वृषण उदर गुहा में उभरे होते हैं। यह उदर गुहा के बाहर एक थैली में स्थित होते हैं जिसे वृषणकोष (Scrotum) कहते हैं। प्रत्येक वृषण लगभग **5 सेमी. लंबा और 2.5 सेमी. मोटा** गुलाबी सा तथा अंडाकार होता है।

**12. कैंसर के उपचार में निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?**
(a) फिजियोथेरेपी (b) कीमोथेरेपी
(c) इलेक्ट्रोथेरेपी (d) साइकोथेरेपी

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

कैंसर के उपचार में कीमोथेरेपी (Chemotherapy) का प्रयोग किया जाता है।

**13. ऑटोमोबाइल रेचन का घटक जो कैंसर पैदा कर सकता है-**
(a) नाइट्रोजन के ऑक्साइड (b) कार्बन मोनोक्साइड
(c) पॉलिसाइक्लिक हाइड्रोकार्बन (d) सीसा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

पॉलिसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स की पहचान एक कैंसरकारी तत्व के रूप में की गई है। सीसा (Lead) भी एक कैंसरजनी तत्व है। यहां पर (c) विकल्प ज्यादा सही है क्योंकि यह प्रमुख कैंसर जनक घटकों में है तथा आजकल सीसा (लेड) रहित पेट्रोल प्रयोग होता है।

**14. श्वसन प्रक्रिया को चाहिए—**
(a) ऊष्मा (b) जल
(c) ऑक्सीजन (d) सूर्य की रोशनी

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

श्वसन प्रक्रिया को ऑक्सीजन ($O_2$) गैस चाहिए।

**15. एमाइडों को किस अभिक्रिया द्वारा एमाइनों में बदला जा सकता है?**
(a) पर्किन (b) क्लेजन
(c) हॉफ़मान (d) क्लीमेसन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

एमाइडों को हॉफ़मान अभिक्रिया के द्वारा एमाइनों में परिवर्तित किया जाता है। इस अभिक्रिया का नाम इसके आविष्कारक ऑगस्ट विल्हेम वॉन हॉफ़मान (August WilhelmVon Hofmann) के नाम पर पड़ा।

**16. टैमिफ्लू किसके लिए एक प्रमुख ओषधि है?**
(a) पक्षी फ्लू (b) कैंसर
(c) एड्स (d) पोलियो

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

टैमिफ्लू, पक्षी फ्लू (Bird Flu) बीमारी से बचाव के लिए एक प्रमुख ओषधि है।

**17. आयडोफॉर्म का प्रयोग किस रूप में किया जाता है?**
(a) ज्वररोधी (b) पीड़ाहारी
(c) पूर्तिरोधी (d) संज्ञाहारी (निश्चेतक)

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

आयडोफॉर्म (रासायनिक सूत्र : $CHI_3$ ) का प्रयोग पूर्तिरोधी (Antiseptic) के रूप में किया जाता है।

**18. हमारी छोड़ी हुई सांस की हवा में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा लगभग कितनी होती है?**
(a) 4% (b) 8%
(c) 12% (d) 16%

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

हमारी छोड़ी हुई सांस की हवा में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा लगभग 4% होती है। वायुमंडल में $CO_2$ की मात्रा लगभग .04% होती है। रुधिर में $CO_2$ का संवहन निम्नलिखित प्रकार से होता है-
(1) प्लाज्मा में घुली अवस्था में =7%
(2) बाइकार्बोनेट के रूप में =70%
(3) कार्बैमिनो यौगिक के रूप में = 23%

**19. रेडियोसक्रिय स्ट्रॉन्शियम-90 के कारण कौन-सा कैंसर हो जाता है?**

(a) मस्तिष्क कैंसर (b) त्वचा कैंसर

(c) फेफड़ा कैंसर (d) अस्थि कैंसर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

रेडियोसक्रिय स्ट्रॉन्शियम-90 के कारण अस्थि कैंसर हो जाता है।

**20. मिलान कीजिए—**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| **A. एक्वाकल्चर** | **1. रेशम** |
| **B. फ्लोरीकल्चर** | **2. अंगूर** |
| **C. सेरीकल्चर** | **3. पुष्प** |
| **D. विटीकल्चर** | **4. मत्स्य** |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

सही सुमेलन है—

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| एक्वाकल्चर | - | मत्स्य |
| फ्लोरीकल्चर | - | पुष्प |
| सेरीकल्चर | - | रेशम |
| विटिकल्चर | - | अंगूर |

**21. किसी जीवित देह के भीतर कोशिका या ऊतक की मृत्यु को कहते हैं—**

(a) न्यूट्रोफीलिया (b) नेफ्रॉसिस

(c) नेक्रॉसिस (d) नियोप्लेसिया

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

किसी जीवित देह के भीतर कोशिका या ऊतक की मृत्यु को नेक्रॉसिस कहते हैं।

**22. किसी मृतप्राय व्यक्ति का गुर्दा लेने के लिए, उसे किस स्थिति में होना चाहिए?**

(a) केवल तंत्रिकीय प्रकार्यों का अवसान

(b) केवल हृदयी प्रकार्यों का अवसान

(c) केवल श्वसन प्रकार्यों का अवसान

(d) केवल गुर्दे के प्रकार्यों का अवसान

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

एक व्यक्ति जिसके 'तंत्रिकीय प्रकार्यों' (Neurological Functions) का अवसान हो चुका हो, उससे गुर्दा लेकर किसी अन्य के शरीर में प्रत्यारोपित किया जा सकता है।

**23. मॉलिब्डेनम अपर्याप्तता इसकी सक्रियता को प्रभावित करती है।**

(a) नाइट्रोजिनेज (b) दिए गए विकल्पों में से सभी

(c) नाइट्रेट रिडक्टेज (d) क्लोरेट रिडक्टेज

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

मॉलिब्डेनम एक धात्विक तत्व है जो बहुत से एन्जाइमों का महत्वपूर्ण कोफैक्टर होता है, वह इन्हें सक्रिय करता है। प्रश्न के विकल्पों में दिए गए तीनों एन्जाइमों में मॉलिब्डेनम उपस्थित होता है।

**24. नवजात शिशु की 3 माह तक की आयु के अध्ययन को कहते हैं-**

(a) कोरॉलोजी (b) कॉन्कॉलोजी

(c) नीमाटॉलोजी (d) नियोनेटॉलोजी

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**

नियोनेटॉलाजी के अंतर्गत 3 माह तक की आयु के नवजात शिशुओं का अध्ययन किया जाता है

**25. निम्नलिखित में से किसका संबंध वनवर्धन (सिल्वीकल्चर) के साथ है?**

(a) हिल्सा का संवर्धन

(b) सिल्वर कॉर्प का संवर्धन

(c) तेल उत्पादक पादपों का संवर्धन

(d) जंगली फसलें

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**

वनवर्धन (सिल्वीकल्चर) के द्वारा जंगली पादपों के स्वास्थ्य, गुणवत्ता तथा विकास को नियंत्रित किया जाता है जिनसे विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

**26. कार्बन पद चिह्न किस प्रकार कम किए जा सकते हैं?**

(a) यह सभी

(b) सार्वजनिक परिवहन द्वारा कम करके।

(c) अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण करके।

(d) ऊर्जा दक्ष उपकरणों का प्रयोग करके।

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

सार्वजनिक परिवहन, अपशिष्ट पदार्थों के पुनर्चक्रण तथा ऊर्जा दक्ष उपकरणों के प्रयोग द्वारा कार्बन पद चिह्न कम किए जा सकते हैं।

**27. शहद की मक्खी का विष कैसा होता है?**

(a) अम्लीय (b) क्षारीय

(c) नमकीन (d) प्रोटीन

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

शहद की मक्खी का विष अम्लीय होता है तथा इसमें अत्यधिक अम्लीय पेप्टाइड मेलिटिन उपस्थित होता है।

**28. 'शहद' कैसे बनाया जाता है?**

(a) कर्मी मधुमक्खियों द्वारा रसदार पौधों से

(b) पुष्पों से एकत्र किए गए मकरंद पर कर्मी मधुमक्खियों के पाचक रसों की क्रिया द्वारा

(c) कर्मी मधुमक्खियों द्वारा रसदार पौधों से फल शर्करा के चुनिंदा अवचूषण और अपने गाटों में संसाधन द्वारा

(d) मकरंद कोषों में कर्मी मधुमक्खियों द्वारा

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

कर्मी मधुमक्खियों द्वारा एकत्र किए गए मकरंद पर उसके पाचक रसों की क्रिया द्वारा 'शहद' बनाया जाता है।

**29. अधिक ठंडे क्षेत्रों में रहने वाले जंतुओं का फर उनके किस काम आता है?**

(a) उनकी जल से रक्षा करता है

(b) वायु को फंसा कर उन्हें गरम रखता है

(c) शत्रुओं से उनकी सुरक्षा करता है

(d) फर के कारण वे सुंदर दिखाई देते हैं

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

अधिक ठंडे प्रदेशों जैसे टैगा, टुण्ड्रा और अंटार्कटिका में रहने वाले जंतुओं सील, ध्रुवीय भालू आदि में मोटा फ़र (त्वचा पर घने लंबे बाल) पाया जाता है, जो उनकी अत्यधिक ठंड से रक्षा करता है।

**30. नमक का भारी मात्रा में सेवन करने के बावजूद किस पशु को उच्च रक्तचाप नहीं होता?**

(a) भेड़ (b) भैंस

(c) बाघ (d) ऊंट

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

घरेलू और जंगली दोनों प्रकार के ऊंटों के जीनोम विश्लेषण से यह सिद्ध हुआ है कि नमक के भारी मात्रा में सेवन करने के बावजूद उसे उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसे रोग नहीं होते।

**31. डॉली एक प्रतिरूपी .......... का उदाहरण थी।**

(a) कुत्ता (b) गाय

(c) भेड़ (d) मुर्गी

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

डॉली नामक भेड़ के क्लोन का जन्म वर्ष 1996 में स्कॉटलैंड में हुआ था। वयस्क कायिक कोशिकाओं से जन्मा यह विश्व में किसी क्लोन स्तनधारी जीव का प्रथम क्लोन था।

**32. जीव के लिए बॉडी के कुल भार का या रसायन के ऊतक सांद्रण का 50% कम करने के लिए अपेक्षित समय को क्या कहते हैं?**

(a) देहली सीमा काल (b) अर्द्धायु

(c) अवशिष्ट अवधि (d) अर्द्धायु अवधि

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

जीव के लिए शरीर के कुल भार का या रसायन के ऊतक सांद्रण का 50% कम करने के लिए अपेक्षित समय को अर्द्धायु अवधि कहते हैं।

**33. 24 घंटों के भीतर दवा की एक खुराक या कई खुराक देने के अल्पकाल के भीतर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को क्या कहते हैं?**

(a) पुरानी विषाक्तता (b) घोर विषाक्तता

(c) $LD_{50}$ (d) $LC_{50}$

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

24 घंटों के भीतर दवा की एक खुराक या कई खुराक देने के अल्पकाल के भीतर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को 'घोर विषाक्तता' (Acute Toxicity) कहते हैं।

**34. मधुमक्खी के पुंमधुप (ड्रोन) होते हैं—**

(a) जननक्षम नर (b) जननक्षम मादा

(c) अनुर्वर नर (d) अनुर्वर मादा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

मधुमक्खियों में ड्रोन या पुंमधुप जननक्षम नर (Fertile Male) होते हैं। मधुमक्खियों का संभोग, कीट दुनिया (Insects World) में सबसे नाटकीय यौन आत्महत्या के उदाहरणों में से एक है जिसका अंत ड्रोन की मृत्यु के रूप में होता है।

**35. कुछ रेगिस्तानी छिपकलियां अपने मल को शुष्क आकार में निष्कासित करती हैं। इससे किस प्रकार की मदद मिलती है?**

(a) परभक्षियों के विरुद्ध बचाव की कार्रवाई

(b) जीवों को सीमित रखने का उपाय

(c) जीवों का पर्यावरण के अनुसार अनुकूलन

(d) खाद्य की कमी की समस्या निपटाना

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

कुछ रेगिस्तानी छिपकलियां अपने मल को शुष्क रूप (प्रायः यूरिक एसिड) में निष्कासित करती हैं। यह जीवों के पर्यावरण के अनुरूप अनुकूलन का द्योतक है।

**36. 'पुरावशेष का महानतम अन्वेषक' किसे कहा जाता है?**

(a) अरस्तू (b) डार्विन

(c) कुविअर (d) सुकरात

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

'पुरावशेष का महानतम अन्वेषक' कुविअर को कहा जाता है।

**37. निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया में ऊर्जा मुक्त होती है?**

(a) श्वसन (b) प्रकाश-संश्लेषण

(c) अंतर्ग्रहण (d) अवशोषण

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

श्वसन की प्रक्रिया में ऊर्जा मुक्त होती है। कोशिकाओं में ऊर्जा उत्पादन के लिए अपचयी अभिक्रियाओं को सम्मिलित रूप से कोशिकीय श्वसन कहते हैं तथा इसमें ग्लूकोज का उपयोग होने के कारण ग्लूकोज को 'कोशिकीय ईंधन' (Celluler Fuel) कहते हैं।

**38. निम्नलिखित में से मानव शरीर की किस प्रणाली से एल्वियोली संबंधित है?**

(a) परिसंचरण प्रणाली (b) उत्सर्जन प्रणाली

(c) जनन प्रणाली (d) श्वसन प्रणाली

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 12 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

एल्वियोली (Alveoli) का संबंध मानव शरीर की श्वसन प्रणाली (Respiratory System) से है। यह फेफड़े में स्थित होता है। एल्वियोली, मानव द्वारा ली गई हवा को रक्त तक पहुंचाता है। रक्त द्वारा उसमें ऑक्सीजन का शोषण कर शेष हवा एल्वियोली को वापस कर दी जाती है, जिसे श्वसन प्रणाली के माध्यम से बाहर कर दिया जाता है।

**39. टीकाकरण द्वारा निम्नलिखित में से किसको नियंत्रित नहीं किया जा सकता?**

(a) चेचाक (b) मधुमेह

(c) पोलियो (d) काली खांसी

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

मधुमेह रोग इन्सुलिन के अल्प स्रावण के कारण होता है जिससे रुधिर में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ जाती है। मधुमेह रोग को टीकाकरण द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

**40. मल-जल उपचार के मंथन टैंक का कार्य किसे निकालना है?**

(a) तेल और वसीय पदार्थ (b) निलंबित ठोस पदार्थ

(c) शीतकणी पदार्थ (d) अजैविक पदार्थ

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

मल-जल उपचार के मंथन टैंक का कार्य तेल और वसीय पदार्थों को निकालना है। यह अपशिष्ट पदार्थों को भी अलग करता है।

**41. एक्सोबायोलॉजी एक विज्ञान है जिसका संबंध है-**

(a) लुप्त रूपों के साथ

(b) अन्य ग्रहों में जीवन के साथ

(c) बाह्य अंतरिक्ष में जीवन के साथ

(d) समुद्री आवास में जीवन के साथ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

एक्सोबायोलॉजी (Exobiology) एक विज्ञान है, जिसका संबंध बाह्य अंतरिक्ष में जीवन के साथ है। इसमें ब्रह्मांड में मौजूद विभिन्न ग्रहों, उपग्रहों तथा चंद्रमा का भी अध्ययन किया जाता है।

**42. पशुओं का पशु महामारी रोग होता है—**

(a) कीड़ों द्वारा

(b) जीवाणुओं (बैक्टीरिया) द्वारा

(c) विषाणुओं (वाइरस) द्वारा

(d) प्रोटोजोआ द्वारा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

'रिंडरपेस्ट' रोग को पशुओं का 'महामारी रोग' कहा जाता है। यह बीमारी एक प्रकार के विषाणुओं (वाइरस) द्वारा उत्पन्न होती है। यह फटे हुए खुर वाले पशु जैसे-गाय, भैंस, बकरी और जुगाली करने वाले दूसरे पशुओं में होने वाला एक भयानक संक्रामक रोग है।

43. **सायनाइड विषाक्तता के कारण सेकेंडों में मृत्यु हो जाती है क्योंकि-**

(a) कार्डियक अरेस्ट करता है।

(b) इलेक्ट्रॉन अभिगमन श्रृंखला को यह तोड़ता है।

(c) हृदय की पेशियों के एन्जाइमों को अप्रक्रितिम कर देता है

(d) लाल रक्त कोशिकाओं में लयन उत्पन्न करता है।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

सायनाइड विषाक्तता के कारण सेकेंडों में मृत्यु हो जाती है क्योंकि यह श्वासरोध (Apnea) तथा कार्डियक अरेस्ट करता है।

44. **ठोस अपशिष्ट पर अप्रवेश्य पदार्थ के विलेपन को क्या कहते हैं?**

(a) भराव

(b) आच्छादन

(c) संपुटन

(d) रासायनी स्थिरीकरण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

ठोस अपशिष्ट पर अप्रवेश्य पदार्थ के विलेपन को संपुटन कहते हैं।

45. **जलीय जीवों में नाइट्रोजन विनिमय का अंत्य उत्पाद होता है—**

(a) $N_2$ (b) अमोनिया

(c) $CO_2$ (d) यूरिया

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

जलीय जीवों में नाइट्रोजन विनिमय का अंत्य उत्पाद अमोनिया होता है, जो प्रोटीन उपापचय का प्राथमिक प्रतिफल होता है। मछलियां अमोनिया को अपने गिल की सहायता से पानी में उत्सर्जित कर देती हैं।

46. **दांत और हड्डियां किससे मजबूती और दृढ़ता प्राप्त करते हैं?**

(a) क्लोरीन (b) सोडियम

(c) कैल्शियम (d) फ्लुओरीन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

कैल्शियम जीवित प्राणियों में हड्डियों, दांतों और शरीर के अन्य हिस्सों में पाया जाता है। दांतों और हड्डियों को मजबूती और दृढ़ता प्रदान करने में कैल्शियम की प्रमुख भूमिका होती है।

47. **अंडद्वार के माध्यम से परागनलिका के प्रवेश को क्या कहते हैं?**

(a) अंडद्वारी प्रवेश (b) मध्यप्रवेश

(c) निभागीयुग्मन (d) युग्मक-संलयन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

बीजीय पादपों (Seed Plants) में जनन हेतु अंडद्वार के माध्यम से परागनलिका के प्रवेश को अंडद्वारी प्रवेश (Porogamy) कहते हैं।

48. **निम्नलिखित में से किसमें बहुल बाह्य त्वचा पाई जाती है?**

(a) बोरहाविया (b) एमारेन्थस

(c) हैलिऐन्थस (d) नेरियम (कनेर)

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

नेरियम (कनेर) में बहुल बाह्य त्वचा पाई जाती है। नेरियम एपोसाइनेसी परिवार का एक पौधा है।

49. **राइजोस्फियर शब्द निम्नलिखित में से किसने गढ़ा था?**

(a) हिल्टनर

(b) गैरेट

(c) ऐलेक्सोपोलस

(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

राइजोस्फियर (Rhizosphere) शब्द हिल्टनर द्वारा वर्ष 1904 में दिया गया था। ये एक जर्मन वैज्ञानिक थे।

50. **निम्नलिखित में से कौन एक संयोजी ऊतक नहीं है?**

(a) रक्त

(b) अस्थि

(c) त्वचा

(d) स्नायु (अस्थि बंधान तंतु)

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (III -पाली)**

**उत्तर–(c)**

रक्त (Blood), अस्थि (Bone) तथा **स्नायु (Cartilage)** संयोजी ऊतक हैं, जबकि त्वचा (Skin) का बाहरी स्तर अर्थात एपिडर्मिस (Epidermis) एपिथीलियमी ऊतकों का तथा आंतरिक स्तर या डर्मिस (Dermis) संयोजी ऊतकों का बना होता है।